e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 172
रविवार
25.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
व्यक्ति को अपने जीवन परछाई और आईने के जैसे दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

# प्रधानमंत्री मोदी मिस्र की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे काहिरा

**राजकीय यात्रा के दौरान मिस्र के प्रधानमंत्री के साथ गोलमेज बैठक व राष्ट्रपति अल-सिसी से भी मुलाकात करेंगे पीएम मोदी**

एजेंसी

**काहिरा (मिस्र):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शनिवार को काहिरा पहुंच गए. मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली ने उनका स्वागत किया. काहिरा पहुंचने पर पीएम मोदी ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया. पीएम मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मिस्र के प्रधानमंत्री के साथ गोलमेज बैठक करेंगे और राष्ट्रपति अल-सिसी से भी मुलाकात करेंगे. बता दें कि साल 1997 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली मिस्र यात्रा होगी. मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी की भारत यात्रा की तस्वीरें काहिरा के होटल में प्रदर्शित की गई हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र के काहिरा में रिट्ज कार्लटन हॉटल पहुंचे जहां उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की. इस दौरान पीएम मोदी राजधानी काहिरा में 11वीं सदी की अल-हकीम मस्जिद का दौरा करेंगे. वह मस्जिद में करीब आधा घंटा बिताएंगे. यहां वह दाऊदी बोहरा समुदाय से भेंट करेंगे. इस समुदाय से पीएम मोदी का खास जुड़ाव रहा है. जनवरी में सीसी की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान, दोनों देश अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमत हुए थे. प्रधानमंत्री,राष्ट्रपति सीसी के साथ बातचीत के अलावा मिस्र सरकार के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों और कुछ प्रमुख हस्तियों व भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काहिरा पहुंचने के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पीएम मोदी की मिस्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी. पीएम मोदी हेलियोपोलिस शहीद स्मारक भी जाएंगे, जहां वह प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे.



**मिस्र के गणमान्य व्यक्तियों और भारतीय समुदाय से करेंगे बातचीत**
प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सीसी के साथ बातचीत के अलावा मिस्र सरकार के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों और कुछ प्रमुख हस्तियों व भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। भारत और मिस्र के बीच संबंध प्राचीन व्यापार और आर्थिक संबंधों के साथ-साथ सांस्कृतिक और गहरी जड़ें रखने वाले लोगों के बीच संबंधों पर आधारित हैं। जनवरी 2023 में राष्ट्रपति सीसी की राजकीय यात्रा के दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई थी।

## पीएम 1000 साल पुरानी मस्जिद में जाएंगे

काहिरा : पीएम मोदी काहिरा में 11वीं सदी की अल-हकीम मस्जिद जाएंगे. मिस्र सरकार के टूरिज्म और एंटीक्यूटीज मंत्रालय ने कहा है कि भारत के दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से मस्जिद की मरम्मत कराई गई है और इसे रंग-रूप दिया गया है. प्रधानमंत्री मोदी ने अक्सर बोहरा समुदाय से अपने लगाव के बारे में बात की है. वे कहते रहे हैं कि गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल के वक्त दाऊदी बोहरा समुदाय से उन्हें काफी मदद मिली. इस बारे में मिस्र में भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक अल-हकीम मस्जिद का भी दौरा करेंगे, जिसे 11वीं सदी में बनाया गया था जब फातिमिद वंश मिस्र पर शासन कर रहा था.बोहरा समुदाय जो भारत में बसा हुआ है, फातिमिदों से निकला है. उन्होंने वास्तव में 1970 के बाद से मस्जिद का नवीनीकरण किया और तब से इसका रखरखाव कर रहे हैं.पीएम का बोहरा समुदाय के साथ बहुत करीबी लगाव है,जो कई वर्षों से गुजरात में भी हैं और ये उनके लिए फिर से बोहरा समुदाय के एक बहुत ही महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल का दौरा करने का मौका होगा. दाऊदी बोहरा मुसलमान इस्लाम के अनुयायियों का एक संप्रदाय है.भारत में इस समुदाय ने 11वीं सदी में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई. प्रधानमंत्री बनने से काफी पहले से ही दाऊदी बोहरा समुदाय के साथ पीएम मोदी के बेहतरीन रिश्ते रहे हैं.प्रधानमंत्री मोदी वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, मिस्र की कुछ प्रमुख हस्तियों और मिस्र में भारतीय समुदाय के साथ संवाद करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी 'इंडिया यूनिट के साथ भी संवाद करेंगे.

# वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 27 को पीएम करेंगे



एजेंसी

**रांची।** पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्वाह्न 10:30 करेंगे। यह ट्रेन पटना से हटिया तक चलेगी। इस रूट पर दो बार ट्रायल रन सफल रहा है। पहले दिन 10 स्कूली बच्चों को निःशुल्क रांची से पटना तक का सफर कराया जायेगा। यह विद्यार्थी उद्घाटन के दौरान हरी झंडी दिखाने के समय भी मौजूद रहेंगे। बच्चों का चयन निबंध,पेंटिंग और कविता प्रतियोगिता के आधार पर किया जाएगा।
इनमें सातवीं, आठवीं, नौवीं और 10वीं के बच्चे शामिल हो सकेंगे। उद्घाटन के बच्चों की पेंटिंग को भी प्रदर्शित किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर ने स्कूलों को चिट्ठी भेजी है।
इसमें कहा गया है कि प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर बच्चों का चयन किया जाए। विद्यार्थियों के साथ दो शिक्षक भी इस यात्रा के लिए मनोनीत किए जाएंगे। यह शिक्षक बच्चों के साथ पटना तक जाएंगे। सुरक्षा के मद्देनजर टाटीसिलवे, नामकुम, आरा गेट, चुटिया, रांची स्टेशन और अरगोड़ा स्टेशन पर आरपीएफ के 100 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के लिए रांची स्टेशन पर इंतजाम शुरू हो गए हैं। फिलहाल टेंट लगाए जा रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक सहित गणमान्य लोगों को रांची रेल मंडल आमंत्रण पत्र भेजेगा।
वंदे भारत ट्रेन हटिया स्टेशन से अपराह्न बाद 3:55 बजे खुलेगी और शाम 4:10 बजे रांची स्टेशन पहुंचेगी। पांच मिनट के स्टॉपेज के बाद शाम 4:15 बजे पटना के लिए रवाना होगी। यह रात 10:10 बजे पटना पहुंचेगी। ट्रेन 6:15 घंटे में 385 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसकी औसतन गति 61 किलोमीटर होगी। समय-सारिणी स्वीकृति होते ही ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा।

**पहला दिन 10 स्कूली बच्चों को निःशुल्क रांची से पटना तक का सफर कराया जायेगा**

## क्विक न्यूज

### राज्य के सभी कोर्ट में 26 जून से डे कोर्ट में होगी सुनवाई

**रांची।** राज्य के सभी जिले के कोर्ट का समय 26 जून से बदल जायेगा। झारखंड हाई कोर्ट ने शनिवार को पत्र जारी कर डे कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में पांच अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई हो रही थी, जो अब डे कोर्ट में होगी।

### उप्र के मैनपुरी में युवक ने परिवार के 5 लोगों की हत्या कर खुद को गोली से उड़ाया

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के थाना किशनी क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुर में एक युवक ने अपने भाई, भाभी और बहनोई समेत पांच लोगों की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आरोपित के भाई की एक दिन पहले ही बारात वापस आई थी। घटना की सूचना पर एसपी मैनपुरी विनोद कुमार, आईजी और डीआईजी आगरा समेत कई बड़े अफसरों ने घटनास्थल का दौरा किया। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि ग्राम गोकुलपुर गांव में शनिवार को करीब चार बजे भोर में शिववीर यादव ने अपने भाई भुल्लन यादव, सोनू यादव, भाभी सोनी, बहनोई सौरभ यादव और दोस्त दीपक की धारदार हथियार से काटकर हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आरोपित शिववीर यादव ने पत्नी डोली, मामी सुषमा और पिता पर भी जानलेवा हमला किया, जिसमें वे घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भारत में गूगल 10 अरब डॉलर का निवेश करेगी : सुंदर पिचाई

**वाशिंगटन :** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल भारत में डिजिटाइजेशन के लिए 10 अरब डॉलर का निवेश करेगी। गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि कंपनी गुजरात के गिफ्ट सिटी में अपना ग्लोबल फिनटेक ऑपरेशन सेंटर खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद पिचाई ने कहा कि कंपनी अपने 10 अरब डॉलर के डिजिटलीकरण फंड के माध्यम से भारत में निवेश करना जारी रखेगी।

### बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर बरामद की दो किलो हेरोइन

**बीकानेर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने राजस्थान के बीकानेर सेक्टर से लगी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रावला में दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात यहां तैनात जवानों को पाकिस्तान की ओर से आ रहे ड्रोन की आवाज सुनाई दी। तत्काल प्रभाव से जवानों ने ड्रोन की दिशा में फायरिंग कर इलाके की सर्चिंग शुरू की। इस दौरान दो पैकेटों में हेरोइन बरामद की गई। पाकिस्तान द्वारा ड्रोन से भारतीय सीमा में हेरोइन की तस्करी की कोशिशें लगातार जारी हैं। बीस जून को भी बीएसएफ जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे घड़साना में दो किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी की थी।

# हाई कोर्ट ने टी शर्ट और टॉफी बांटने के मामले में राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शनिवार को राज्य की तत्कालीन रघुवर सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2016 में राज्य स्थापना दिवस पर टी शर्ट और टॉफी बांटने से संबंधित पंकज कुमार की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी। वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के पहले 13- 14 नवंबर को स्कूली बच्चों को बांटने के लिए साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी की गयी। उसके अगले दिन ही 15 नवंबर को राज्य भर के 10 हजार स्कूलों में बच्चों के बीच इसका वितरण कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल कर इस पर सवाल उठाया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ था, जिसमें से साढे तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये से टॉफी खरीदी गयी थी।
इधर बोकारो में फॉरेस्ट लैंड की गैरमजरूआ जमीन की फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीद-बिक्री की जांच का आग्रह करने वाली पंकज यादव की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने इससे संबंधित दर्ज एफआईआर की स्टेटस रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बताया कि बोकारो में फॉरेस्ट लैंड जो गैरमजरूआ जमीन थी, उसे कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीद बिक्री की। इस मामले को लेकर वर्ष 2016 में प्राथमिकी हुई थी लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# देवघर श्रावणी मेले की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी

**मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और जवानों को दो महीने तक के लिए तैनात किया गया है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवघर।** देवघर श्रावणी मेला की तैयारियां जोरों पर हैं। करीब दो माह तक चलने वाले इस मेले में हाईटेक तकनीक के साथ 8640 हजार जवानों को सुरक्षा के लिए तैनात किया जायेगा। चार जुलाई से शुरू हो रहे मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के देवघर पहुंचने का अनुमान है।
मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और जवानों को दो महीने तक के लिए तैनात किया गया है। इनमें इंस्पेक्टर 120, एसआई और एएसआई 726, सशस्त्र हवलदार और आरक्षी 1080, लाठी हवलदार आरक्षी 6200, महिला लाठी बल 514, एसाल्ट ग्रुप दो, बम निरोधक दस्ता दो, आंशु गैस दस्ता दो एटीएस हिट टीम दो और श्वान दस्ता दो टीम रहेगी। साथ ही सीआईडी और विशेष शाखा के जवान भी तैनात रहेंगे।पुलिस मुख्यालय श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर कर रहा है। मेले में इस बार 8640 हजार सुरक्षाबलों की तैनाती होगी। राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात जवानों के अलावा जैप और प्रशिक्षण केद्र में तैनात जवानों को प्रतिनियुक्त किया जायेगा। यह प्रतिनियुक्ति 30 जून से एक सितंबर तक के लिए होगी। शहर के विभिन्न स्थानों में अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाए जा रहे हैं, जहां से पूरे शहर में लगे सीसीटीवी की मॉनिटरिंग की जाएगी। अधिक भीड़ वाली जगहों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। पुलिस के जवानों के अलावा रैफ, एनडीआरएफ के साथ साथ झारखंड जगुआर के बीडीएस टीम को भी तैनात किया जाएगा।

# मणिपुर हिंसा को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मणिपुर में हुई हिंसा को लेकर शनिवार को दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सर्वदलीय बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा, कांग्रेस सहित 22 दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। आज सर्वदलीय बैठक तीन बजे संसद भवन परिसर में बुलाई गई थी। यह बैठक लगभग तीन घंटे तक चली।
बैठक में कांग्रेस की ओर से मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी शामिल हुए, भाजपा की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। आरजेडी की ओर से सांसद मनोज झा, शिवसेना (उद्धव गुट) से प्रियंका चतुर्वेदी, मेघालय के मुख्यमंत्री और एनपीपी नेता कोनराड के. संगमा, एसकेएम से सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, तृणमूल कांग्रेस से डेरेक ओ ब्रायन सहित अन्य दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि गृह मंत्रालय ने बताया कि (मणिपुर में) हिंसा किस वजह से हुई और अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। सभी दलों ने राजनीतिक मतभेदों को किनारे रखकर अपनी चिंताएं आगे रखी।
सर्वदलीय बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि बैठक में खुले मन से बात हुई। सभी दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। झा ने कहा कि लगभग सभी दलों का मत है कि वहां की राजनीतिक नेतृत्व पर लोगों का भरोसा नहीं है। इस दिशा में सरकार को सोचना चाहिए.उल्लेखनीय है कि मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। रैली के दौरान हिंसा भड़क गई थी। अभी तक इस हिंसा में लगभग 100 लोगों के मारे जाने की सूचना है। हालांकि केन्द्र और राज्य की ओर से हिंसा को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



*** बैठक में भाजपा, कांग्रेस सहित 22 दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया**

# असम के 15 जिलों में बाढ़ का कहर, 1,118 गांवों के 4.07 लाख लोग प्रभावित

एजेंसी

**गुवाहाटी :** असम में बाढ़ की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होता नजर आ रहा है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक बाढ़ प्रभावित 22 जिलों की संख्या घटकर आज 15 हो गयी है। बाढ़ से 4 लाख 07 हजार 771 से अधिक नागरिक प्रभावित हुए हैं। राज्य में ब्रह्मपुत्र नद तेजपुर और निमातीघाट में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कई नदियों के तटबंध टूट गए और सड़कों को भी नुकसान हुआ है। प्रशासन बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आज बाढ़ प्रभावित जिलों के आंकड़े जारी किए गये हैं। बाढ़ से 15 ग्रामीण और एक शहरी इलाका प्रभावित है। बाढ़ प्रभावित ग्रामीण जिलों में बजाली, बाक्सा, बरपेटा, चिरांग, दरंग, धुबड़ी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप (ग्रामीण), लखीमपुर, नगांव, नलबाड़ी और तामुलपुर शामिल हैं। वहीं दरंग जिले का शहरी क्षेत्र में भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। बाढ़ से 42 राजस्व सर्किल अंतर्गत 1,118 गांवों के 4 लाख 07 हजार 771 लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से कुल 8469.56 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है।
बाढ़ प्रभावितों के लिए कुल 101 राहत शिविर स्थापित किये गये हैं जबकि 119 राहत वितरण केंद्र खोले गए हैं। राहत शिविरों में कुल 81,353 लोग आश्रय लिये हुए हैं।

# भाजपा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहरी क्षेत्र के पलामू क्लब बूथ संख्या 205, 206, 207 के शिवाजी मैदान रोड में महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर घर-घर संपर्क से समर्थन के लिए भाजपा की जनसंपर्क टोली भ्रमण करते हुए दीपू सिंघानिया, संजय सिंघानिया, सुरेश जैन, पवन जैन, प्रो0 अमल कुमार पांडे, रणविजय कुमार, डा0रघुवंश नारायण सिंह, अरुणजय नारायण सिन्हा व अन्य मतदाताओं के घर पहुंचकर 2024 के लिए आशीर्वाद एवं समर्थन मांगा। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धि एवं अपने कार्यकाल में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के ब्योरा का पंपलेट लोगों को दिया और उनके आवास पर मोदी सरकार के बेमिसाल 9 साल का स्टीकर लगाते हुए एक बार फिर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को अपना समर्थन देने की अपील की ताकि देश के हर क्षेत्र में हो रहे विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध तीव्र गति से पूरा किया जा सके। सांसद बीडी राम ने लोगों को मो0 नंबर 90909024 में मिस्ड कॉल कर मोदी सरकार को समर्थन देने का भी आग्रह किया।जनसंपर्क भ्रमण टोली में जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, परशुराम ओझा, महा जनसंपर्क अभियान संयोजक विभाकर नारायण पांडे सहसंयोजक अविनाश वर्मा, विजय ओझा, जय दुबे, शिवकुमार मिश्रा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नगरमंडल अध्यक्ष अविनाश उर्फ छोटू सिन्हा, संजय कुमार, नंदलाल गुप्ता उर्फ ठनठन, संजय गुप्ता अलख दुबे, मनोरंजन दुबे व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# तसरार में बिजली की समस्या का नहीं हुआ समाधान तो करेंगे अनशन ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत तसरार के भौराहा टोला में शनिवार को बिजली की समस्या को लेकर बिजली उपभोक्ताओं ने विरोध किया है। विरोध कर रहे उपभोक्ता राजेश तिवारी, जमीरूदीन अंसारी,जुनैद अंसारी, रामचंद्र राम, समसीर अंसारी, संतोष विश्वकर्मा, गौतम कुमार सहित अन्य ने बताया कि उपभोक्ताओं के घर तक जाने वाली बिजली का तार शॉर्ट कर खराब हो गया है। बताया कि 6 महीना पूर्व बिजली ट्रांसफार्मर तो लगाया गया परंतु बिजली तार की मरम्मत कार्य नहीं कराया जा सका। जिससे लोगों के घरों में बिजली नहीं जल रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली की समस्या को लेकर बिजली विभाग के एसडीओ को लिखित आवेदन देकर बिजली को दुरुस्त करने की मांग किया था। बावजूद मरम्मत कार्य नहीं हो सका। जिसका खामियाजा हम लोगों को आज तक भुगतना पड़ रहा है, बताया कि डिबरी तले रात गुजार ने को विवश हैं। मामले में डंडई बिजली सबस्टेशन के एसबीओ आजाद खान ने बताया कि समस्या संज्ञान में है। मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही लोगों के घर में बिजली जलेगी।

# भाजपा ने सिगसिगी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर भाजपा ग्रामीण मंडल के द्वारा प्रखंड के सिगसिगी पंचायत में शनिवार को महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। जहां जनसंपर्क के दौरान भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को मोदी सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराया। अभियान का नेतृत्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा, समर्पण, विकास व गरीब कल्याण के नाम समर्पित रहा है। वरीय भाजपा नेता शिव वंश मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के कल्याण को लेकर दर्जनों योजनाएं चलाई है। जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुज चौधरी ने मोदी सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। अभियान में भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित कई लोग शामिल थे।

# बसपा विधायक के माता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए अभिमन्यु सिंह



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उतर प्रदेश के बसपा विधायक उमाशंकर सिंह की मां का पिछले दिनों निधन हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार विधायक उमाशंकर सिंह के यूपी स्थित पैतृक गांव रसड़ा से हुआ। जिसमें वरीय बसपा नेता सह समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। अभिमन्यु सिंह ने विधायक के मां के चित्र पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया। मौके पर युवा बसपा नेता राहुल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिजली नियमित आपूर्ति नहीं होने के कारण आक्रोशित जनता ने किया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड नौडीहा बाजार के प्रखंड मुख्यालय के बाजार चौक के पास सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व मे भीष्म गर्मी पड़ते ही बिजली की घोर संकट उत्पन्न हो गई, और लगातार दो-तीन दिन से बिजली की कठौती कर दिया गया इस उग्र होकर बाजार चौक पास नियमित बिजली कि मांग को लेकर धरना पर बैठ गए। आक्रोशित ग्रामीण राजू प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अखिलेश प्रसाद,अशोक सोनी,कन्हाई प्रसाद समेत सैकड़ो लोगों ने अपने उचित माँग कार्यपालक अभियंता पलामू प्रमंडल से किया। उक्त धरना प्रदर्शन मे सम्बोधन करते हुए श्रीवास्तव ने कार्यपालक अभियंता से माँग किया नौडीहा बाजार मुख्य बाजार मे 200 केवी की ट्रान्सफर की जरूरत है इसलिए की बाजार मे लगभग 400 दुकानो मे कनेक्शनधारी है, और नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पाती है। धरना पर बैठने के पश्चात् लगभग 3-4 घंटे के बीच बिजली व्यवस्था की बहाल किया गया।

# चियांकी में हुआ जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू ज़िले के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के सभागार, चियाँकी में कृषि-पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार (कृषि विभाग) के तत्वावधान में ज़िला स्तरीय ख़रीफ़ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पलामू ज़िला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह सिंह, ज़िला कृषि पदाधिकारी, ज़िला कृषि निदेशक आदि ने दीप-प्रज्वलित कर की। मौक़े पर ज़िला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह ने कहा कि हर वर्ष किसानों को विलंब से बीज मुहैया कराया जाता था, किंतु हमारी टीम ने इस वर्ष किसानों के लिए मानसून आने के पूर्व ही ख़रीफ़ फ़सलों के लिए बीज मुहैया करा चुकी है। आगे उन्होंने कहा कि अब एटीएम एवं बीटीएम का कार्य बनता है कि वे अतिशीघ्र प्रखंड स्तर पर किसानों को बीज उपलब्ध कराएँ, ताकि किसान ससमय खेती कर उसका लाभ ले सकें। आगे उन्होंने ये भी कहा कि हम किसानों की और भी समस्याओं के निदान हेतु लगे हुए हैं। कर्मशाला में मडुआ, बाजरा आदि मोटे अनाजों की खेती पर विशेष ज़ोर दिया गया, ताकि किसान कम पानी की खपत में भी इन अनाजों की खेती कर अपने जीवन स्तर को सुधार सकें। इस मौक़े पर ज़िला कृषि पदाधिकारी, ज़िला कृषि निदेशक, ज़िला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम समेत ज़िला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, विजय रविदास आदि उपस्थित रहे।

# उच्च न्यायालय पहुंचा फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहण व कम राशि मुआवजे की भुगतान का मामला

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना भारतमाला के तहत एचएच 39 भोगू से शंखा तक फोर लेन का निर्माण कार्य कराया जाना है। इसमें प्रशासनिक व निर्माण कार्य करा रही कंपनी की लापरवाही के कारण भू-रैयतों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे भू-रैयतों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है। मापी कार्य में लगे राजस्व कर्मचारी व अमीन के द्वारा बार-बार चिन्हित स्थल में फेरबदल किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं इन्हें उचित मुआवजे भी नहीं दिए जा रहे हैं। ऐसे में नाराज भू स्वामियों ने झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दायर कर उचित मुआवजे की मांग करते हुए अधिग्रहण की जाने वाली जमीन की एक बार फिर से मापी कराने की मांग की है। इसमें जिला प्रशासन सहित कंपनी के पदाधिकारियों को पार्टी बनाया गया है। उच्च न्यायालय में रीट दायर करने वालों में सुनील पांडेय, अरुण कुमार पांडेय, अनिल पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, उपेंद्र कुमार पांडेय, नारद पांडेय, श्री नारायण पांडेय, अरविंद पांडेय आदि का नाम शामिल है। इतना हीं नहीं विश्रामपुर व नावा बाजार अंचल क्षेत्र से कई अन्य भूस्वामी उच्च न्यायालय में जाने की तैयारी में लगे हुए हैं। लोगों का कहना है कि खतियानी जमीन को गैरमजरुवा दिखा कर जबरन छिना जा रहा है। अधिग्रहण के बदले मिलने वाली मुआवजे की राशि के वर्तमान बाजार मूल्य की दर से काफी कम है, वर्तमान मूल्य पर भुगतान की प्रक्रिया पूरी हो। अधिग्रहण किए जाने वाले कृषि व आवासीय जमीन का भुगतान सामान्य दर से हो। त्रुटिपूर्ण जमीन की एक बार फिर से मापी भूअर्जन पदाधिकारी व अंचल पदाधिकारी की उपस्थिति में कराया जाए।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट की एक आरोपी को गढ़वा से गिरफ्तार कर भेजा जेल। रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभात रंजन रॉय ने जानकारी देते हुवे बताया की रामगढ़ थाना के कांड संख्या 37 में पोक्सो एक्ट की एक आरोपी को गढ़वा से गिरफ्तार करते हुवे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया की कांड संख्या 37 में आईपीसी की धारा 366, 504, 34 और पोक्सो एक्ट की धारा 4 और 8 के तहत प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है जिसका नाम अशरफ अंसारी बताया जा रहा है अशरफ पे आरोप है की वह नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ गलत संबंध बनाया। इस आरोपी के विरुद्ध रामगढ़ थाने में नाबालिग के परिजनों द्वारा थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया गया था। दिए गए आवेदन के अनुसार जिस पर आरोप था कि वह आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया कर यौन शौषण किया है। परिजन अपने अस्तर से हर संभव खोजने का प्रयास किए पर कुछ पता नहीं चला। इस संदर्भ में आरोपी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

# विश्रामपुर की सुदूर नक्सली क्षेत्र घासीदाग की बिटिया विमल बनी पंचायत सचिव

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड का सुदूर गांव घासीदाग कभी नक्सलियों का शरण स्थली हुआ करता था। रात की बात तो दूर दिन में भी जाने में लोगों को डर लगता था। नक्सलियों की चहलकदमी वह गोली बंदूकों की आवाजें सदैव देखी वो सुनी जाती थी। गांव में शैक्षणिक माहौल का अभाव था। उसी घासीदाग गांव की बिटिया विमल कुमारी का पंचायत सचिव के पद हुआ। जिससे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। बतौर पंचायत सचिव गांव के विकास में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व जिम्मेवारी का निर्वहन करेगी। विश्रामपुर प्रखंड के घासीदास गांव निवासी रामपति पाल की बेटी विमल कुमारी का चयन पंचायत सचिव के पद पर हुआ है। जो उसके लंबे समय तक संघर्ष व माता-पिता सहित भाई के सहयोग का प्रतिफल है। विमल ने बताई की इसके पहले बोकारो जिले



में बतौर कॉन्स्टेबल आईआरबी पदस्थापित थी। वह एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। उसके दो भाई व एक बहन है। छोटा भाई दिल्ली में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं, साथ हीं सिविल सर्विस की तैयारी में भी लगा है। विमल की सफलता पर पंचायत की मुखिया अंजू देवी पंचायत समिति सदस्य पुष्पा देवी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# भोजपुर पैक्स में किसानों के बीच किया गया धान बीज का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग झारखण्डउ सरकार एवं बिरसा बीज उत्पादन विनियम,वितरण व फसल विस्तार योजना के तहत भोजपुर पैक्स में उपलब्ध कराया गया धान का बीज किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर वितरण किया गया।इस अवसर पर पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर धान का उन्नत बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान सरकार की इस योजना का लाभ उठाकर खेती करें। उन्होंने कहा कि समय पर धान का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।पैक्स अध्यक्ष सुदेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि किसानों को हाइब्रिड धान 50 प्रतिशत अनुदान पर आवश्यकतानुसार दिया जा रहा है। पैक्स से धान बीज लेने के लिये आधार कार्ड और जमीन के रसीद का छाया प्रति लाना जरूरी है। मौके पर अनिल पासवान, उप मुखिया मनीष यादव, पैक्स सचिव शिव प्रसाद यादव, समाजसेवी नागेन्द्र पासवान, जय कुमार यादव, रामकेश यादव, बालेश्वर यादव, राज कुमार यादव, मनोहर यादव, हरि राम, सूरज सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# मुखिया ने विभिन्न जनसमस्याओं से डीडीसी को अवगत कराया

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने प्रखंड के विभिन्न गांव का निरीक्षण करने के दौरान शुक्रवार को मुखिया प्रमोद कुमार ने आवेदन देकर केतार पंचायत के विभिन्न समस्याओं को लेकर अवगत कराया एवं समाधान का मांग किया है। आवेदन में मुखिया ने उलेख किया है कि केतार बाजार मे जलजमाव होने के कारण स्थानीय लोगो को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। साथ ही राहगीरों एवं वाहन को पैदल चलना दुर्लभ सा हो गया है इसको लेकर कर्पूरी गेट से राजकीय मध्य विद्यालय एवं रामबिलास विश्वकर्मा के घर से पण्डा नदी तक नाला निमार्ण कराने की मांग की है। साथ ही पंचायत में पेयजल के लिए चापाकल का अधिष्ठापन,नावाडीह में पण्डा नदी किनारे गार्डवाल का निर्माण, केतार बाजार एवं कर्पूरी गेट के समीप डिजिटल लाइट की अधिष्ठापन, पण्डा नदी में जल स्तर को बनाये रखने के लिए बियर स्किम का निर्माण, पंचायत सचिवालय के समीप निर्मित गोदाम का जीर्णोद्धार, सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की पदस्थापना, पंचायत सचिव की पदस्थापना, किसानों के द्वारा 2018 -19-20 का फसल बीमा का भुगतान, पशुपालको को पशु शेड निर्माण हेतु स्वीकृति दिलाने की मांग शामिल है।

## स्वास्थ्य सुविधा से ग्रामीण वंचित

# ग्रामीण सुविधा के नाम पर करोड़ो का खेल जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** आजादी के 75वें वर्ष और अलग राज्य होने के 23वें वर्ष में भी स्वास्थ्य के नाम पर ग्रामीण ठगे जा रहे है। ऐसा भी नही है कि सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्य ही नही किया गया है।लेकिन प्रशासन के लोगो के आदेशों को ठेंगा दिखा कर स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य कर्मी ग्रामीणों के सहित अफसरों को बेवकूफ बना रहे है।अनुमंडल मुख्यालय से मात्र मुख्यालय से 8-10 किमी सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के गरीब- मजदूर,असहाय लोग आज भी प्राथमिक चिकित्सिय सुविधा से वंचित है।जब कि अनुमंडल मुख्यालय से मात्र लगभग10 किलोमीटर दूर रमना प्रखंड के बहियार कलां ग्राम में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य उप केंद्र फ़िसड्डी




साबित हो रहे है। जो कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की अपेक्षाकृत सबसे छोटी इकाई है।ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सीएचओ को भी डयूटी पर रखा गया है। लेकिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य उप केंद्र पर शायद ही सीएचओ पहुचती हो। कारण अनुमंडलीय अस्पताल में ही पदस्थापित सीएचओ से डियूटी कराया जाता है।यही कारण है कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ नही पहुच पाती।स्वास्थ्य केंद्र होते हुए भी ग्रामीणो को 10-12 किलोमीटर दूर रमना या फिर 8-10 किलोमीटर दूर चल कर अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर जाना पड़ता है। जब कि करोड़ो के लागत से बने बिल्डिंग और लाखों रुपये वेतन लेने वाले सीएचओ दोनों ही ग्रामीणों को मुंह चिढा रहे है।सीएचओ पर नकेल कसने वाला कोई नही है। कसे भी कैसे उन्ही सीएचओ तथा आयुष चिकित्सको के भरोसे ही अनुमंडलीय अस्पताल भी तो चल रहे है। इमरजेंसी के वक्त ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना या फिर अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर जाना पड़ता है। जिससे कभी कभी तत्कालीन चिकित्सिय सुविधा कि जरुरत होने पर सुविधा नहीं मिल पाती है और रोगी दम तोड़ देता है।आज एक ओर जहां सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में विकास कि ढिंढोरा पिट रहे है वही आज प्रखंड के ग्रामीण इलाके मुलभुत सुविधाओं से कोशो दूर है, ऐसा प्रतीत होता है कि हम 21वीं सदी में नहीं सत्रहवी सदी में जी रहे है जहां कि लोग किसी भी बीमारी में भगवान भरोसे रहते थे। इस संबंध में **ग्रामीण साविद हसन :** उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र के बारे में बताते है कि इस केंद्र में कभी भी किसी का ईलाज होते मैंने नहीं देखा है।यहाँ चिकित्सक या किसी भी चिकित्सिय कर्मी का दर्शन दुर्लभ है। रात -विरात किसी कि तवियत ख़राब होने पर झोला छाप से उपचार कराने के लिए ग्रामीण विवश है। **55वर्षीय नज़रूदिन अंसारी :** बताते है कि इस स्वास्थ्य केंद्र के लिए हमने करीब 9 वर्ष पूर्व सात कठ्ठा जमीन दिया था।लेकिन ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा नियमित रूप से आज तक नही प्राप्त होता है। विरले कभी कभार डॉक्टर आते है। **ग्रामीण जाटा रजवार :** इस सम्बन्ध में बताते है कि दिहाड़ी मजदूरी कर किसी प्रकार गुजर बसर करते है स्वास्थ्य केंद्र बना तो उम्मीद जगी कि अब गाँव में ही ईलाज होगा। लेकिन इस केंद्र पर इलाज तो हाथी का दाँत सावित हो रहा है।ग्रामीण झोला छाप से इलाज कराने के लिए लोग मजबूर है। **ग्रामीण लाइसरीन बीबी :** ने बताया कि महिला सम्बन्धित वीमारी के छोटा मोटा ईलाज भी हमलोगो का कराने के लिए या तो नगर उंटारी या फिर रमना जाना पड़ता है। रात विरात डिलेवरी कि जरूरत होने पर बहुत दिक्क़त होता है। यहां डॉक्टर या कोई स्वास्थ्य कर्मचारी के नहीं होने पर हमलोग को दूर जाना पड़ता है। केंद्र बना लेकिन हमलोगो को कोई स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या का हल नही मिल पाया। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया गया।लेकिन संपर्क ही नही हो पाया।

# राधा महिला स्वयं सहायता समूह दुकानदार पर मई माह का राशन गबन का लगा आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बनसानी के भंवरिया में संचालित राधा महिला स्वयं सहायता समूह के जविप्र दुकानदार पर मई माह का राशन गबन करने तथा दिसंबर 2022 का राशन सभी लाभुकों को नही दिये जाने का आरोप लगाते हुए लाभुकों ने शनिवार को बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो से मिल इसकी शिकायत की। लाभुक अतेंद्र राम, नन्हकू सिंह, गणेश, उमाशंकर राम, अनिल विश्वकर्मा, कतवारू राम, चिंता देवी, रीता देवी, मुन्ना भुंइया, संजय राम, जितेंद्र पाठक, चंपा देवी, कुसुमर देवी, सरही देवी, जयनाथ पासवान आदि ने एमओ को बताया कि राधा महिला समूह के डीलर द्वारा पिछले दिसंबर माह 2022 का राशन उठाव किये जाने के बाद मात्र 37 लाभुकों को ही राशन देने की बात कही जा रही है। आरोप लगाते हुए कहा कि मई माह का राशन नही देकर गबन करने का प्रयास किया जा रहा है, इस पर एमओ ने जाँच कर कहा कि उक्त डीलर का मई माह में राशन का आवंटन जीरो होने के चलते डीलर राशन का उठाव करने से वंचित है। लाभुकों ने यह भी बताया कि माप तौल मशीन पर डीलर द्वारा बालू चढ़ाकर राशन की पर्ची निकलवा लेता है, और अलग मशीन से राशन देते समय प्रति लाभुकों से एक से दो किलो राशन काट कर देता है।डीलर द्वारा जून माह का भी कई लाभुकों को राशन नही दिया गया है। जिस पर एमओ ने मामले की जाँच कर डीलर पर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं डीलर द्वारा कम राशन दिये जाने के सवाल पर बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो ने कहा कि अगर कोई भी जविप्र के डीलर गोदाम से राशन ले जाने में ट्रैक्टर के किराया खर्च के नाम पर लाभुकों से एक या दो किलो राशन काटता है, तो इसकी सूचना दे संबंधित डीलर पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के डीलरो को 30 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किराया का भुगतान किया जायेगा। इसके लिए अप्रैल तथा मई माह का किराया का बिल वाउचर डीएसओ कार्यालय भेजा गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### लोक अदालत में 80 मामलों का निष्पादन

**रांची :** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मासिक लोक अदालत के लिए सात बैंच का गठन किया गया था। लोक अदालत में कुल 80 वादों का निष्पादन किया गया और एक करोड़ तेरह लाख नब्बे हजार तीन सौ पच्चीस रुपये का निष्पादन विभिन्न मामलों में किया गया। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने दी।

### झारखंड के 81 कार्यकर्ता भोपाल रवाना

**रांची :** झारखंड के सभी 513 मंडलों में कार्यकर्ता डिजिटल लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेंगे। भाजपा के 81 कार्यकर्ता शनिवार को प्रधानमंत्री की डिजिटल रैली में शामिल होने के लिए भोपाल रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि 27 जून को महा जनसंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल से देशभर के कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करेंगे।

### राज्य के सभी कोर्ट में 26 जून से डे कोर्ट में होगी सुनवाई

**रांची :** राज्य के सभी जिले के कोर्ट का समय 26 जून से बदल जायेगा। झारखंड हाई कोर्ट ने शनिवार को पत्र जारी कर डे कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10ः30 से लेकर शाम के पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में पांच अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई हो रही थी, जो अब डे कोर्ट में होगी।

# राज्यकर्मियों का होगा स्वास्थ्य बीमा मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य के सरकारी कर्मियों को अब पांच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा। इलाज सूचीबद्ध अस्पतालों में किया जायेगा। यह सरकार राज्य कर्मियों का स्वास्थ्य बीमा कराएगी। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर विधि, वित्त एवं कार्मिक विभाग की स्वीकृति मिल गई है। कार्मिक विभाग के मंत्री के रूप में इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपनी स्वीकृति दे दी है। अब इस प्रस्ताव को कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजने की तैयारी है। संभवत कैबिनेट की होनेवाली बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जायेगा।

बीमा कंपनी का चयन टेंडर के माध्यम से किया जाएगा। बीमा का लाभ राज्यकर्मियों के अलावा उनके आश्रितों को भी मिल सकेगा। इनमें पत्नी, माता- पिता तथा 25 वर्ष आयु तक के बच्चे सम्मिलित होंगे। यदि पुत्री की आयु 25 वर्ष से अधिक हो गई है तथा उसका विवाह अभी नहीं हुआ है तो उसका भी कैशलेस इलाज होगा।

पुलिस एसोसिएशन ने किया स्वागत सरकारी कर्मियों को पांच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज के इस प्रस्ताव का झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने स्वागत किया है।

उन्होंने कहा है कि हम लोगों ने लिखित तौर पर पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य बीमा की मांग कर चुके थे । सरकार इस पर पहल कर रही यह सराहनीय कदम है ।

पहले भी पुलिसकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई सराहनीय पहल कर चुके हैं उसी में यह भी एक स्वागत योग्य है।

# हाई कोर्ट ने अंकिता के परिजनों को मिले बेनिफिट की मांगी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शनिवार को दुमका में बीते साल 23 अगस्त को हुए पेट्रोल कांड में नाबालिग छात्रा अंकिता की हत्या कर दिए जाने के मामले में सुनवाई हुई।

मामले में एमिकस क्यूरी रमित सत्येंद्र की ओर से कोर्ट को जानकारी दी गई कि राज्य सरकार ने विक्टिम फैमिली को अब तक की सहायता के रूप में 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई में एमिकस क्यूरी को यह बताने को कहा है कि मृतक लड़की के परिजनों को और क्या-क्या बेनिफिट दी गई है, इसकी जानकारी दी जाए। मामले में केंद्र सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किया जा सका जबकि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि देवघर, एम्स में बर्न वार्ड कब तक स्थापित हो जायेगा।



पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया था कि मामले में दो आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुका है, ट्रायल जारी है। यह भी बताया कि राज्य सरकार ने विक्टिम फैमिली को 10 लाख रुपये दिया है। केंद्र सरकार एवं एम्स, देवघर के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने कोर्ट को बताया था कि लोकल एमपी ने भी अपने स्तर पर पीड़ित फैमिली के लिए 28 लाख का फंड जमा किया है। केंद्र सरकार और एम्स , देवघर की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि दुमका में 23 अगस्त, 2022 की रात एक सनकी आशिक शाहरुख नाम के युवक ने एकतरफा प्यार में घर में सो रही 12वीं की छात्रा अंकिता को जिंदा आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद 30 अगस्त को हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया था।

# हथियार के साथ दो गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एसएसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिला कि संग्रामपुर रिंग रोड में दो व्यक्ति स्कूटी में हथियार के साथ है । दोनों की पहचान अबरार और राजन के रूप में हुई। इसी को लेकर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के निर्देश पर कांके थाना प्रभारी प्रभाष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। कांके थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ तुरंत संग्रामपुर रिंग रोड पहुंचे। पुलिस को देखते ही स्कूटी में सवार युवक भागने लगे।

पुलिस ने दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। जब इन दोनों की तलाशी ली गई तो राजन के कमर में खोसा हुआ एक लोडेड देशी कट्टा, दस हजार रुपए, एक मोबाइल व स्मार्ट वॉच बरामद किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि अबरार के पॉकेट से एक जिंदा गोली, एक मोबाइल व तीन फर्जी आधार कार्ड व बैंक का पासबुक मिला। बता दें कि राजन का पुराना अपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

राजन जमीन के कारोबार से जुड़ा हुआ है। राजन के खिलाफ सदर थाना, बरियातू थाना, चान्हो थाना, कांके थाना व पिठोरिया थाने में मामले दर्ज हैं।

# सीपीआई का धरना 27 जून को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड के निर्माण में 23 वर्ष बीत गए ,लेकिन आज तक राज्य में किसानों हक और अधिकार के लिए विस्थापन नीति नहीं बना, विस्थापन आयोग की गठन भी नहीं हुआ। पुनर्वास नीति भी सरकार नहीं बना पाई, जिसके चलते राज्य में किसानों के अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं । पाठक ने कहा कि राज्य में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू नहीं है। राज्य में 2300000 हेक्टेयर में जरूर भूमि भूमि बैंक में डाल दिया गया । राज्य में गैरमजरूआ जमीन को लेकर जगह जगह पर लड़ाइयां चल रही है। राज्य में दर्जनों कोल



ब्लॉक पावर प्लांट ,डैम सड़क रेलवे लाइन बनाया जा रहा है ,विकास के नाम पर किसानों की बहु फसली जमीन लाठी डंडे के बल पर लूटी जा रही है । चतरा, हजारीबाग ,पलामू ,गढ़वा में दर्जनों जगह पर आंदोलन चलाया जा रहा है। मांगों के समर्थन में 27 जून 2023 को राजभवन के समक्ष महा धरना का आयोजन किया गया है। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले ,भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी , मार्क्सवादी कोआर्डिनेशन कमेटी, राष्ट्रीय जनता दल ,जनता दल यूनाइटेड सहित कई संगठनों के नेतृत्व के लोग भाग लेंगे।

# फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित कार्यशाला आयोजित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची में फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित 'कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल, पीएम प्रसाद और प्रिंसिपल चीफ कर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट एवं हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स ( पीसीसीएफ-एचओएफएफ ), झारखण्ड सरकार डॉ. संजय श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल बी. साईराम, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), बीसीसीएल, उदय कावले, एआईजी (वन) एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय शशि शंकर, शशि नंदकोयलयार एवं अतिथि उपस्थित थे।इस कार्यशाला के अध्यक्ष डॉ. संजय श्रीवास्तव ने वन मंजूरी और उसके समाधान में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं ने वन संरक्षण और मंजूरी विषय पर विस्तार से चर्चा किये।

सीएमडी पी. एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुये कहा कि कंपनी द्वारा निर्बाद्ध रूप से कोयला उत्पादन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस महत्वपूर्ण है और इस कार्यशाला से इसके बारिकियों को और बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी जिससे कंपनी निश्चित रूप से लाभान्वित होगी। इस कार्याशाला में सीसीएल सहित बीसीसीएल एवं ईसीएल, के अधिकारीगणों ने भाग लिया।

# विपक्षी एकता से भाजपा नेता बेचैन : राजद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि बिहार में विपक्ष दलों के एकजुटता देख भाजपा नेता बेचैन हैं। विशेष रूप से झारखंड के भाजपा नेता काफी असहज और बेचैन हो रहे हैं। झारखंड से भाजपा के जनाधार खिसकते देख भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष काफी बेचैन है। कुमार ने शनिवार को भाजपा नेता दीपक प्रकाश बयान की कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी नेता दूध के धुले हैं। सौ चूहे खा कर बिल्ली चली हज को के कहावत को भाजपा नेता चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए । भाजपा नेता जिस झारखंड की धरती से बोल रहे है यहां भाजपा की जब जब सत्ता रही झारखंड को लूट खंड बनाने का काम किया। झारखंड की जनता को ठगने और धोखा देने का काम किया । कुमार के कहा कि जीरो टॉलरेंस वाली रघुवर दास के सरकार के समय 31 घोटाले हुए । इनमें मोमेंटम झारखंड में 100 करोड़, 400 करोड़ के लौह अयस्क, 18 करोड़ के कंबल घोटाले, 61 करोड़ अल्पसंख्यक छात्रवृति घोटाले, टॉफी टी शर्ट घोटाले सहित अनेक घोटाले उजागर हुए । भाजपा नेताओं को यह भ्रष्टाचार नहीं दिखता। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि बोलने से पहले अपने गिरेबान को देखिए। जनता है सब देख रही है। जनता ही इसका जवाब देगी।

# हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता की जुर्माना राशि को घटाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शनिवार को डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन कमेटी के सचिव राजेश ए नंदी की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। खंडपीठ ने तथ्य छिपाकर जनहित याचिका दाखिल करने पर याचिकाकर्ता राजेश ए नंदी पर लगाए गए एक लाख रुपये की जुर्माना राशि में से 50 हजार रुपये माफ कर दिया है।

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया था कि वह सेवानिवृत्त शिक्षक है। इसलिए जुर्माना की राशि घटाई जाए। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस केस से हटा दिया था। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। जुर्माने की राशि याचिकाकर्ता को एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट में जमा करनी थी।

याचिकाकर्ता की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट की प्रॉपर्टी चैरिटेबल कार्यो हॉस्पिटल स्कूल के लिए यूज हो सकती है लेकिन छोटानागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन के द्वारा इसकी संपत्ति को हजारीबाग में अवैध रूप से बेचा जा रहा है, इसकी जांच कराई जाए।

सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 1930 में डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन एक कंपनी बन गई थी जिसका नाम डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट एसोसिएशन था। वर्ष 1960 में इसकी ऐसेट एंड लायबिलिट छोटेनागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन मर्ज कर गया था। याचिकाकर्ता की ओर से एक सिविल सूट भी हजारीबाग सिविल कोर्ट में डाला गया था लेकिन इसकी जानकारी जनहित याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से नहीं दी गई थी।

इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर नाराजगी जताते हुए उस पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया था।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीए नीरज मित्तल को भेजा गया जेल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में नीरज मित्तल को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गिरफ्तार करने के बाद शनिवार को मित्तल को रांची के ईडी के विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत ने नीरज को 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। नीरज की पेशी ईडी के इंचार्ज कोर्ट में विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में हुई। उल्लेखनीय है कि नीरज मित्तल चार्टर्ड एकाउंटेंट है। उसपर जेल में बंद निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। साथ ही कमीशन एजेंट के रूप में काम करने का भी आरोप है। बताया गया कि ईडी ने उसे दिल्ली से शुक्रवार को गिरफ्तार किया था।

# जाह्नवी को मिली फिल्म से है उम्मीद

**रांची।** मिली के वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर के बारे में मिली की नायिका जाह्नवी ने बताया कि इस फिल्म से बहुत ही उत्साहित हूँ। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक ये फिल्म पहुँचे और दर्शक इस फिल्म से कनेक्ट हो इसलिए यह बहुत ही अच्छा मौका है। मुझे आशा है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी और उनको प्रभावित करेगी। क्या बच पाएगी मिली अब दर्शक जानेंगे।इस फिल्म में पिता और बेटी का रिश्ता देखने मिलता है। सेट पर मनोज पहवा के साथ तुम्हारा नाता कैसा था और अपने पिता के साथ आपके रिश्ते के बारे में आप क्या कहना चाहेंगी? इस फिल्म में मेरे पिता का किरदार निभानेवाले मनोज पहवा बेहद अच्छे है।

# देश-विदेश से पहुंचे शायर, देर रात तक बिखेरते रहे प्यार सद्भाव के रंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कभी चुहल, कभी कसक। कभी दीवानगी, तो दर्द की कहानी भी। बात अंतरराष्ट्रीय मुशायरे की है। जिसका आयोजन झारखंड- बिहार की सांस्कृतिक- साहित्यिक संस्था बज्म- ए- कहकशां ने शनिवार शाम आजाद सभागार, अंजुमन प्लाज़ा रांची में किया था। जिसमें हिंदुस्तानियत के इंद्रधनुषी रंग मोहब्बत और भाईचारे में पिरोए हुए थे। खानकाह करीमिया, बीथो शरीफ़, गया के सज्जादानशीं वरिष्ठ सूफ़ी-शायर मौलाना गुफरान अशरफी की अध्यक्षता में देश-विदेश से पहुंचे नामचीन शायर, कवि और कवयित्रियों ने रचना पाठ किया। कलाम से नवाज़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उर्दू दैनिक कौमी तंजीम के संपादक एसएम अशरफ फरीद थे , तो सान्निध्य सोशल एक्टिविस्ट शफी अहमद अशरफी का रहा। मुशायरा के संयोजक व कवि- लेखक शहरोज क़मर ने बताया कि भाईचारे को समर्पित इस काव्य संध्या में अनवर कमाल अनवर (बहरैन), फूल मोहम्मद नेपाली, फैयाजी फ़ैज़ (नेपाल), मुजाविर मालेगांव, सरवर साजिद (अलीगढ़), मोईन गिरिडीही, दर्द दानापुरी (पटना), पलामू से अमीन रहबर व शमीम रिज़वी, आफताब अंजुम (गुमला), परवेज़ रहमानी (लोहरदगा), ज़ैन रामिश (हजारीबाग), गया से सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र व सुमन कुमार सुमन, शोभा किरण (जमशेदपुर) के अलावा रांची के अज़फर जमील आदि ने भी अपने गीत और गजलों से महफिल को परवान चढ़ाया। बिहार और झारखंड में उर्दू की वर्तमान स्थिति पर मुशायरा से पहले एक सेमिनार भी हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉक सैयद रिहान गनी ने की। जिसमें कई रिसर्च स्कॉलर ने अपने पेपर पढ़े।

**सम्मानित किए गए पत्रकार और शायर :**कार्यक्रम में स्थानीय उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार, शायर और एक्टिविस्ट सम्मानित भी किए गए। इनमें खुर्शीद परवेज़ सिद्दीकी व जफर उल्लाह सादिक को एसएम उमर फरीद अवार्ड, आमिर हुसैन रिज़वी को एमए जफर अवार्ड, मुजफ्फर हुसैन को समरुल हक़ अवार्ड डॉ. मोहम्मद तारीक कोसमीउल्लाह शफक अवार्ड जबकि सुहैल सईद और निहाल सरैयावी को सिद्दीक़ मुजीबी अवार्ड से नवाजा गया।

**मौके पर रहे मौजूद:** जलेस सचिव एमजेड खान, शाहनवाज अहमद खान (पूर्व श्रम आयुक्त), हाजी मुख्तार अहमद (सदर, अंजुमन इस्लामिया), वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अकबर (पटना), मरहबा के निहाल अहमद, लहू बोलेगा के नदीम खान, उजैर हमजापुरी, डॉ. महफूज आलम, कुदरत उल्लाह कुदरत, फ़ैज़ दरवेश अशरफी, कैसर आलम अशरफी, अधिवक्ता सुरैया, एजाज़ अनवर, एहसान ताबिश, सैयद अबरार अहमद अशरफी (खड़गपुर), एके अल्वी (सासाराम), डॉ. अरशद असलम (रांची विवि), नुद्रत नवाज, प्रेम प्रकाश के अलावा शहर के ढेरों अदबनवाज शामिल रहे।

# छिनतई के आरोप में चार गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर थाना अन्तर्गत मोराबादी मैदान स्थित बिजली ऑफिस के पास पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सुशील कुमार अग्रवाल एवं उसकी पत्नी स्कूटी से जाते समय पीछे से एक काला रंग का पल्सर बाईक से तीन अज्ञात लोग अचानक आकर सुशील कुमार अग्रवाल की पत्नी के गले से सोने की चेन को झपट्टा मारकर छिन कर भाग गये। जिस संबंध में लालपुर थाना में दर्ज किया गया है। उक्त कांड के एवं अन्य छितनाई के कांडों के अनुसंधान हेतु कांड के अनुसंधान के क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक रॉची के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर रॉची के द्वारा टीम गठित कर पुलिस उपाधीक्षक नगर रांची के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए इस कांड में गुप्त सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त मो दानिश गुदड़ी चौक कुरैशी मोहल्ला, थाना- लोअर बाजार, मो सद्दाम आलम उर्फ सद्दाब आलम हामिद स्ट्रीट गली आजाद बस्ती, थाना- लोअर बाजार, सचिन एक्का उर्फ आशु एक्का पत्थरकुदवा चौक नियर पानी टंकी, थाना- लोअर



बाजार, अजय वर्मा पीएनबोस कम्पाउण्ड अनवी टावर फलैट न 400. थाना- लालपुर, चारो जिला रॉची (अजय वर्मा के द्वारा घटना में छिनतई किए गए जेबरात की खरीद बिक्री क्रिया को गिरफतार किया गया । उक्त कांड में तथा अन्य कांडों में छिनतई किये गये सामानों को भी बरामद किया गया।

**बरामद सामान:** एक मोटरसाईकिल रजि0 न0 जेएच01सीसी-4639, चार मोबाईल (स्क्रीन टच),सोलह जोड़ा चॉदी का पायल,छः पीस चाँदी का ब्रेसलेट, पाँच पीस चॉदी का चेन,एक पीस कमर का बन्धनी चाँदी का , एक पीस बाजू बन्धनी चाँदी का, चार जोड़ा पंजा चाँदी का, पन्द्रह पीस चाँदी का लॉकेट , पच्चास जोड़ा चाँदी का बिछिया।

# विपक्षी दलों की हुई बैठक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रही : शहजादा अनवर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों की हुई बैठक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रही है। अनवर ने विपक्षी दलों की हुई बैठक पर प्रतिक्रिया देते कहा कि इससे पहले भी विपक्ष की बैठकें हुई लेकिन पहली बार इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक दलों के साथ उनके शीर्ष नेताओं ने भाग लिया और चर्चा की।

अनवर ने कहा कि केन्द्र की भाजपा के नेतृत्व में चलायी जा रही है सरकार के जरिये जिस प्रकार से देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। संवैधानिक मूल्यों को तार-तार किया जा रहा है। भय का माहौल बनाया जा रहा है, वैसे परिस्थिति में विपक्षी पार्टियों का एक साथ आना अपने आप में एक बड़ी बात और बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है।

अनवर ने कहा कि जुलाई महीने में शिमला में प्रस्तावित बैठक के बाद विपक्षी एकजुटता का ठोस स्वरूप और भावी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में स्पष्ट रणनीति बना ली जाएगी। 2024 में केन्द्र की सत्ता से भाजपा की विदाई के लिए विपक्ष कोई कसर नहीं छोड़ेगा। झारखंड भाजपा के नेता राज्य में अपने अस्तित्व की चिंता करें। विपक्षी पार्टियों की बैठक पर बिना तथ्य के प्रतिक्रिया देना उनको शोभा नहीं देता है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## यूथ कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों संग की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**खूंटी :** जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस की टीम ने ग्राम सोयको में ग्रामीणों से बातचीत की बातचीत के क्रम में ग्राम प्रधान प्रभु साईं सोए ने बताया कि बाजार में रोड के किनारे बस या टेंपो पड़ाव के लिए जगह छोड़ा हुआ है। जिसे कुछ लोगों ने अतिक्रमण करके रखा हुआ है और यह मामला 2019 से लेकर अब तक चल रही है जिसके कारण बाजार के दिन क्योंकि काफी बड़ी बाजार लगती है सोइको में और इसके कारण छोटी-बड़ी गाड़ियां और जो पड़ाव क्षेत्र में लगनी चाहिए वहां न लगकर रोड पर लगती है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी तकलीफ उठानी पड़ती है। इसके कारण दुर्घटना की संभावना काफी बढ़ जाती है । कहीं ना कहीं आने वाले समय में कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है, साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि उस गांव में बिजली बिल भी हर महीने ऑनलाइन नहीं दिखने के कारण ग्रामीणों को एकमुश्त 6-8 महीने बिजली बिल जमा करना पड़ता है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अरुणा संगा ने कहा जल्दी ही इससे संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर यह दोनों मामलों को जल्द ही निपटारा किया जाएगा मौके में खूंटी जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान मुंडा और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## आजसू पार्टी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददात**

**अनगड़ा :** सालहन पंचायत में राजकिशोर मुंडा की अगुवाई में आजसू पार्टी की बैठक रखी गई । जिसमें आजसू पार्टी की संगठन को मजबूत करने के लिए.और महिला संगठन को विस्तार करने के लिए महिला पंचयात अध्यक्ष गीता देवी को मनोनीत किया गया । साथ ही आगामी 29 जून को पुरे सल्हन पंचायत का बैठक होगा जिसमें महिला ग्राम प्रभारी और युवा संगठन का विस्तार किया जायेगा । इस बैठक में मुख्य अतिथि खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने आजसू पार्टी



की नीति और सिंद्धान्तो को बताते हुवे 2024 की विधानसभा चुनाव की तैयरी में लग जाने को कहा । मौके पर अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो,प्रखंड उपाध्यक्ष किसुन महतो ,विष्णु महतो,रमेश महतो,मालू उराँव,किशोर महतो,दीपक मुंडा,सुनीता देवी,अलोका देवी,किसुन महतो आदि तामाम लोग उपस्थित रहे ।

## कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय, खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता विषयक विशेष कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित सभी सुलहनीय एवं दीवानी मामले को न्यायालय पहले सुलह के वास्ते मध्यस्थता केंद्र में अवश्य भेजें। इस कार्य में संबंधित अधिवक्ता एवं पक्षकार सहयोग करें और इसका लाभ प्राप्त करें। डालसा सचिव, खूंटी मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी सुलहनीय




एवं दीवानी मामले को न्यायालय मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराती है।

यह एक सुलभ, सरल, शुल्क रहित शीघ्र प्रक्रिया है। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए 05 बैंचों का गठन किया गया था। इस दौरान न्यायालय में लंबित मामलों तथा प्री-लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सूलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट के मामले, बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। डालसा सचिव, मनोरंजन कुमार के अनुसार लोक अदालत में 05 बेंच के माध्यम से न्यायालय में लंबित 11 मामले का निष्पादन किया गया। साथ ही 1,75,025 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, स्थाई लोक अदालत के सदस्य, एलएडीसी के सदस्य, डालसा के अवनीश भारद्वाज एवं डीएलएसए के पीएलवी नरेश कुमार, अंजू कच्छप सहित अन्य उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददात**

**पिपरवार :** ईद उल अजहा बकरीद त्यौहार को लेकर शनिवार को पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन और संचालन थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने किया।बैठक में 29 जून को मनाये जाने वाले ईद उल अजहा बकरीद त्यौहार पर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आपसी भाईचारगी और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह के बाहर नमाज के दौरान सुरक्षा बल को तैनात करने,ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर



नियमित पानी का छिड़काव करने,प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नही देने,पुलिस द्वारा क्षेत्र में नियमित गश्ती करने, सोशल मीडिया पर अभद्र और जाति धर्म से संबंधित पोस्ट करने पर कार्रवाई करने सहित कई बातो पर चर्चा की गई।इंस्पेक्टर रंजीत रौशन ने सभी लोगो से आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ त्योहर मनाने की अपील की।थाना प्रभारी गोविन्द कुमार ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र अनेकता मे एकता का प्रतीक है,यहां सभी धर्मो के लोग सभी त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाते आ रहे है और यह परम्परा आगे भी कायम रहेगा।उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालो को किसी भी कीमत मे बक्शा नही जाएगा।बैठक मे अवर निरीक्षक रूपैश महतो,शैलेश राय,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरूण महतो,इस्लाम अंसारी, इकबाल हुसैन,रविन्द्रनाथ सिंह, अब्दुल कुदूस,बिजय लाल, हाजी प्रवेज,जितेन्द्र कुमार, सलीम जावेद,कृष्णा यादव, बदरूदीन अंसारी,जेपी महाराज, नईम अंसारी,रमेश मुंडा,उमेश मेहता,बहेरा मुखिया रेखा देवी,बेंती मुखिया सरिता देवी,पूर्व मुखिया मीना कुमारी,गीता एक्का सहित कई लोग उपस्थित थे।

## देश-विदेश से पहुंचे शायर, देर रात तक बिखेरते रहे प्यार सद्भाव के रंग

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कभी चुहल, कभी कसक। कभी दीवानगी, तो दर्द की कहानी भी। बात अंतरराष्ट्रीय मुशायरे की है। जिसका आयोजन झारखंड- बिहार की सांस्कृतिक- साहित्यिक संस्था बज्म-ए-कहकशां ने शनिवार शाम आजाद सभागार, अंजुमन प्लाज़ा रांची में किया था। जिसमें हिंदुस्तानियत के इंद्रधनुषी रंग मोहब्बत और भाईचारे में पिरोए हुए थे। खानकाह करीमिया, बीथो शरीफ़, गया के सज्जादानशीं वरिष्ठ सूफ़ी-शायर मौलाना गुफरान अशरफी की अध्यक्षता में देश-विदेश से पहुंचे नामचीन शायर, कवि और कवयित्रियों ने रचना पाठ किया। कलाम से नवाज़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उर्दू दैनिक कौमी तंजीम के संपादक एसएम अशरफ फरीद थे तो सान्निध्य सोशल एक्टिविस्ट शफी अहमद अशरफी का रहा। मुशायरा के संयोजक व कवि- लेखक शहरोज क़मर ने बताया कि भाईचारे को समर्पित इस काव्य संध्या में अनवर कमाल अनवर (बहरैन), फूल मोहम्मद नेपाली, फैयाजी फ़ैज़ (नेपाल), मुजाविर मालेगांव, सरवर साजिद (अलीगढ़), मोईन गिरिडीही, दर्द दानापुरी (पटना), पलामू से अमीन रहबर व शमीम रिज़वी, आफताब अंजुम (गुमला), परवेज़ रहमानी (लोहरदगा), ज़ैन रामिश (हजारीबाग), गया से सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र व सुमन कुमार सुमन, शोभा किरण (जमशेदपुर) के अलावा रांची के अज़फ़र जमील आदि ने भी अपने गीत और गजलों से महफिल को परवान चढ़ाया। बिहार और झारखंड में उर्दू की वर्तमान स्थिति पर मुशायरा से पहले एक सेमिनार भी हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉक सैयद रिहान गनी ने की। जिसमें कई रिसर्च स्कॉलर ने अपने पेपर पढ़े।

## नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रम्हा कुमारी द्वारा ई ई एफ मैदान मे प्रथम प्रशाषिका जगदम्बा सरस्वती के पुण्य तिथि पर नारी सशक्तिक्रण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के कुमारी लक्ष्मी बहन



ने कहा कि वैसे तो आज कि सदी मे महिलाएं पुरषो से आगे निकल रही है, पर आज भी महिलाएं घरेलू हिंशा,दहेज प्रथा, डायन प्रथा, महिलाओ को काम के बहाने बाहर बेचना इत्यादि का दंश झेल रही हैं। इन्ही विषयो मे जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम रखा गया हैं।

## रोसन तिग्गा को अविलंब घर मुहैया कराये सरकार : आरती कुजुर

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्वे पंचायत के बुचा टोली एवम उलातु गाँव के रोशन तिग्गा एवम रजो देवी का घर का छत बिगत दिनों हवा तूफ़ान से उजड़ गया, घर मे रहने वाले लोग बाल बाल बच



गए। भा ज पा नेत्री आरती कुजुर ने दौरा के क्रम मे कहा कि यह एक गरीब परिवार है, इनकी स्थिति को देखते हुए तुरंत घर उपलब्ध करानी चाहिए।

## मां बिपत्तारिणी की पूजा विधिवत संपन्न

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में शनिवार को विपत्ति को हरण करने वाली माँ बिपत्तारिणी की पूजा विधिवत संपन्न हुई! छोटा मुरी के मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर मे



सुबह से ही पुजा अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ लगने लगी! पुरोहित अमुल्य पाण्डेय द्वारा विधिवत मां बिपत्तारिणी की पुजा की गई! इस पुजा मे कई तरह के फल फुल एवं मिठाई का भोग लगाया जाता है! पुजा सम्पन्न होने के बाद महिलाएं अपने घर के सभी सदस्यों को लाल धागा बांधती है जिससे परिवार के किसी सदस्यों पर विपत्ति ना आए! जो लोग मां विपत्तारिणी का व्रत रखती है उन्हें देवी का आशीर्वाद मिलता है और वह अपने परिवार को सभी खतरों से बचायी रखती है! किसी प्रकार कि विपत्ति नहीं आने देती है! मां विपत्तारिणी का पुजा आषाढ़ महिने के शुक्ल पक्ष के शनिवार और मंगलवार को की जाती है ।

## पिपरवार में स्वच्छता पखवाड़ा की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में शनिवार से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे जागरूकता एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह मे पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलायी।इस संबधं मे जीएम सीबी सहाय और कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष पिपरवार में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। इसके तहत सीसीएल प्रबधंन के द्वारा आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लेकर कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता सभी के लिए जरूरी है।उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ अपने आसपास के इलाकों के स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान रख रही है,जिसके तहत आवासीय कॉलोनियों एंव ग्रामीण इलाकों की साफ-सफाई के अलावा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का भी काम किया जा रहा है।उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए अपने आसपास के इलाकों को स्वच्छ रखने की अपील की।इस मौके पर एसओपी आलोक मनीष सोय, एसओसी सुमन कुमार,पीके साहू,एके पाठक,जेएसपी शर्मा,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,रवि बाड़ा,उज्जवल कुमार,हेमचन्द महतो, कुणाल आनंद,आरिश इकबाल,जगदीश मंडल, श्रमिक प्रतिनिधि एसके चौधरी,सतीश कुमार पांडेय सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## पशुपालन विभाग के द्वारा 41 यूनिट बत्तख चूजा का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** शनिवार को प्रखंड कार्यालय में पशुपालन विभाग के द्वारा 41 यूनिट बतख प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के लाभुकों के बीच इंडियन रनर नस्ल का 15 बतख चुजा का भी वितरण किया गया ।साथ ही 2022-23 के शेष चयनित लाभुकों को अपना 25% अंसदान एवं वित्तीय वर्ष 2021 - 22 के चयनित लाभुकों को भी जल्द अपना अंशदान राशि बकरी पालन के लाभुक 12400/ रू एवम बतख पालन के लाभुक 170/ रू जमा करे और सप्लायर को RTGS कराए जिससे परिसंपति का वितरण जल्द कराया जा सके




अपील की गई।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, अंचल अधिकारी रश्मि लाकड़ा, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सह मुखिया रमेश महली, उपप्रमुख परवेज राजा, अनिता कुमारी, लखन लकड़ा, रजनी उरांव, डॉ शिवानंद काशी सहित अन्य उपस्थित थे ।

## पिपरवार के नये स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार ने दिया योगदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नये स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार ने शनिवार को अपना योगदान दे दिया है।उन्होंने पूर्व एसओसी पीके साहू से प्रभार लिया।प्रभार लेने के साथ ही उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया।इस अवसर पर सिविल विभाग के कार्यालय में समारोह आयोजित कर पूर्व एसओसी पीके साहू को सम्मान के साथ विदाई दी गई।समारोह में नये एसओसी सुमन कुमार ने बुके,श्रीफल और शॉल प्रदान कर उन्हें विदाई दी।इस अवसर पर समारोह में उनके कार्यकाल की प्रशंसा की गई।नये एसओसी सुमन



कुमार ने कहा कि विभाग के अधिकारियों और कर्मियों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर कार्य प्रगति को आगे बढ़ाना प्राथमिकता होगी।क्षेत्र में हो रहे कार्यों में गुणवत्ता और समय अवधि का विशेष ख्याल रखा जाएगा।किसी भी कीमत पर गुणवत्ता पूर्ण कार्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर सिविल विभाग के कुणाल आनंद,सतीश कुमार सिन्हा,प्रणव पीएस,विक्रांत कुमार,राजेंद्र भर,विकास कुमार,सुमंतो कुमार सहित सिविल विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## गरीब बच्चे बच्चियां उच्च शिक्षा कैसे प्राप्त करें इसकी चिंता करनी है : अनुराधा मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखंड के मॉडल स्कूल में विद्यालय के बच्चों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई मैट्रिक में मॉडल विद्यालय के टॉपर बच्चों का सम्मानित किया गया, मुख्य अतिथि जिप सदस्या अनुराधा मुंडा ने शिक्षकों के लिए कहे सरकारी विद्यालयों से गरीब घर के बच्चे उच्च शिक्षा कैसे प्राप्त करें इसकी चिंता करनी है और बच्चों को कहें शिक्षा प्राप्त कितने भी उपलब्धि क्यों न प्राप्त हो जाए संस्कार नहीं भूलना है, स्कूल में पहले स्थान पर नगमा नाज 95.4% दूसरे स्थान पर शनि नायक 92.2% अंजली कुमारी



91.4% लेकर तीसरे स्थान पर रही इनके साथ और सात बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और मेमंटो देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेंद्र साही मुंडा, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, BJP ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, शिक्षक विष्णु महतो, आनंद मेहता सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे बच्चियां उपस्थित है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट व जिले के एफपीओ के संबंध में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** आज उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में उद्योग विभाग, एचडीएफसी सीएसआर समर्थित ग्रांट थॉर्टन भारत, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, नाबार्ड, सीट्रान, केवीके, जलछाजन विभाग तथा जिले के सभी एफपीओ के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें पिछले बैठक में लिए गए निर्णय और कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त श्री रंजन ने मरुआ का बीज को ब्लॉक चेन के माध्यम से एफपीओ तथा कृषि विभाग के द्वारा वितरण कराने का निर्देश दिये । साथ ही मडुआ के प्रसंस्करण के लिए विस्तृत प्राकलन तैयार कर अवगत कराने का निर्देश दिया गया ताकि इस को जल्द से जल्द उत्पादन में लाया जा सके। उपायुक्त के द्वारा और अधिक से अधिक किसानों को मडुवा की खेती



के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया और जिले के सभी प्रखंड में कुल 2500 एकड़ की मारुआ की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया। विभिन्न एफपीओ के सीईओ द्वारा एफपीओ के वर्तमान स्थिति की एवं भविष्य के योजना का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के द्वारा किया गया।

सतगावां के किसानों के समूह के द्वारा वहां लगने वाले तेल मिल प्लान की भी समीक्षा की गई और यथा शीघ्र शुरुआत के लिए प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड को एवम सभी एफपीओ को 500 किसानों को कम से कम 5 फलदार पौधे लगाने और उसका लिस्ट गूगल फार्म के जरिए मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। चिपसोना के लिए डेमो पैच चिन्हित कर उसपर आगे की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। कृषक पाठशाला का गठन कर उसके कार्यान्वयन का निर्देश भी एफपीओ को दिया गया। एफपीओ के विकास के लिए और भी महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए।

उपस्थिति : बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव शाह, जेएसएलपीएस से डीपीएम जेबियर इक्का, उद्योग विभाग से प्रबंधक राजीव कुमार सिंह एवम सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, केवीके से चंचला, इंटर्न आराधना, जीटी भारत से मोहम्मद हारून , सिद्धांत कुमार, अंबर भारद्वाज, काशिफ रजा,कृषि विशेषज्ञ कुमार गौरव, पुरुषोत्तम कुमार, सीईओ देव कुमार, दिव्या कांत मेहता,डोमचांच एफपीओ डायरेक्टर किरण देवी, नाबार्ड, सीट्रान समर्थित एफपीओ के कर्मचारी एवं सदस्य, जलछाजन विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।

## 10 दिवसीय वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह किया गया ।राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 25 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लुपुंग मुखिया सीमा देवी ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह किया। मुखिया सीमा देवी ने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए संदेश दिया और कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपने प्रतिभा के बल पर आगे रहती है। आप सभी महिलाएं यहां से अच्छे से प्रशिक्षण लेकर अपना खुद का स्वरोजगार करें जिससे आय का साधन बढ़ेगा। संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास ,सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

उप विकास आयुक्त ने किया मत्स्य पालकों, सहकारी समिति सदस्यों, मत्स्य मित्रों के साथ बैठक, कहा

# जिले को मछली उत्पादन का बनाना है हब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने जिला सभागार, जमशेदपुर में मत्स्य पालकों, सहकारी समिति सदस्यों, मत्स्य मित्रों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी अल्का पन्ना, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि अगले एक साल में पूर्वी सिंहभूम को मछली उत्पादन का हब बनाना है इसके लिए वर्तमान में जितना मछली उत्पादन हो रहा उसमें 5 गुणा की बढ़ोत्तरी करें । वैसे सहकारी समिति जो शिथिल पड़े हैं उन्हें कोई सरकारी लाभ नहीं दिया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसानों मत्स्यपालकों को सशक्त बनाने एवं उनकी आय में वृद्धि के लिए झारखंड सरकार द्वारा कई योजनायें चलाई जा रहीं, जरूरत है



कि खुद भी जागरुक होते हुए योजनाओं का लाभ उठायें तथा दूसरों को प्रेरित करें ।

**मत्स्य पालकों को मिलेगा जिला स्तरीय ट्रेनिंग:** उप विकास आयुक्त ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के आधार पर कार्य किए जाएं। मत्स्य पालक आधुनिकतम तकनीक को अपनाने पर विशेष ध्यान दें । अगले शनिवार को जिला स्तरीय कार्यशाला कराने का निर्देश मत्स्य पदाधिकारी को दिया गया।

**सहकारी समिति के बीच बंटे परसंपत्तियों का मांगा ब्यौरा:** जिले में मछली उत्पादन को लेकर पूर्व से गठित सहकारी समितियों के कार्यो की भी उप विकास आयुक्त ने समीक्षा की। उन्होने मत्स्य पदाधिकारी से सहकारी समितियों के बीच अब तक हुए सरकारी परिसंपत्तियों के वितरण का ब्यौरा मांगते हुए कहा कि वैसे लोग जो मत्स्य पालन में इच्छुक नहीं हैं वे दूसरों को जगह दें। जिला प्रशासन नए मत्स्य पालकों को भी अपने साथ जोड़ने की दिशा में उचित कदम उठायेगी ।

**अतिक्रमित सरकारी तालाबों की सूची दें:** उप विकास आयुक्त ने कहा, कुछ सरकारी तालाबों के अतिक्रमित होने का भी मामला संज्ञान में लाया गया जिसपर उप विकास आयुक्त ने समिति को कार्यकारिणी की बैठक कर अतिक्रमित तालाबों की सूची देने की बात कही गई ।

**मनरेगा से होगा तालाबों का जीर्णोद्धार:** 1 एकड़ से 5 एकड़ के तालाब का जीर्णोद्धार का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से किया गया है । कुछ मत्स्य पालकों ने तालाब छोटा होने की बात भी बताई। उप विकास आयुक्त द्वारा 1 एकड़ से कम के निजी व सरकारी तालाबों को मनरेगा के अंतर्गत जीर्णोद्धार कराने को लेकर आश्वस्त किया गया।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा स्थित कार्यालय में आज जनता दरबार लगा कर क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके निष्पादन का निर्देश दिया। शनिवार को जनता दरबार में फरयादियों ने अपनी समस्याएं बताई। कई फरियादियों की समस्याओं का ऑन दि स्पॉट ही निष्पादन हो गया,जबकि कई लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पर पहुंची धतकीडीह की



रहने वाली महिला लक्ष्मी मुखी को व्हीलचेयर उपलब्ध कराया गया। जनता दरबार में बिजली बिल,पेयजल की समस्या,रांची रिम्स में इलाज,कदमा में नाली की समस्या,पेवर ब्लॉक से निर्मित सड़क बनाने से संबंधित आवेदन,जुस्को की वाटर कनेक्शन से संबंधित समस्या,विधवा महिलाओं का विधवा पेंशन शुरू करवाने संबंधित समस्याओं को जनता ने मंत्री के समक्ष रखा. जनता दरबार में मंत्री ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन के 325 स्वीकृत लोगों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया. इस दौरान भोला गोस्वामी, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, तिवारी,रवि दुबे, माजिद अख्तर, सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का करियर गाइडेंस कॉन्क्लेव संपन्न, बच्चो को एसएसपी ने दिया भविष्य निर्माण का गुढ़ मंत्र

# जिस काम में लगता हो मन उसे ही चुने कैरियर : प्रभात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए रविवार को राजेंद्र विद्यालय परिसर स्थित बिहार एसोसियेसन सभागार में करियर गाइडेंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित एसएसपी प्रभात कुमार ने शहर के स्कूलो के 1000 से अधिक बच्चो को भविष्य निर्माण की बारीकियों को सरल तरीके से बताया। उनके साथ बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने भी दृश्य श्रव्य माध्यम से बच्चो की कैरियर संबंधी जिज्ञासा को शांत किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा की करियर को लेकर छात्र कोई कंफ्यूजन न रखे बल्कि जिस कार्य में मन लगता हो





वही करे। उन्होंने कहा की लक्ष्य निर्धारित कर सदैव अपने सामने रखे और अपना एक भी वक्त बेकार कामों में जाया न करे। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चो के इंटरेस्ट को समझते हुए उसी दिशा में प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। एसएसपी ने कहा कि बिना रुचि के इंजीनियर बने तो पूल गिरेंगे ही और बगैर जुनून के डॉक्टर बने तो सर्जरी के बाद पेट में कैंची छूटेगा ही। उन्होंने इस दौरान छात्रों से कहा की संस्थान या रैंक के बजाय बेहतर संगति में रह कर अच्छा ज्ञान प्राप्त करे। डा शिव कुमार सिंह ने बताया कि इस दौर में आर्ट, साइंस और कॉमर्स में दाखिले की होड़ के बजाय अपने पसंद के क्षेत्र में उम्दा काम करे। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सैकड़ों प्रश्न अतिथि वक्ताओं के समक्ष रखे जिनका दोनो अतिथियों ने पूरी तन्मयता के साथ उत्तर दिया। संदीप सवर्ण ने विषय प्रवेश किया जबकि संचालन अंतरा बोस ने किया। इस दौरान बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन चौधरी, चमकता आईना के संपादक जयप्रकाश राय, इस्पात मेल के संपादक ब्रजभूषण सिंह, दैनिक भास्कर के संपादक डॉ संजय पांडे समेत विभिन्न स्कूल के शिक्षक मौजूद थे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुतुल, महासचिव अंजनी पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन को बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, श्रीलेदर्स और मिस्ट प्लस का भी सहयोग मिला। आयोजन को सफल बनाने में राघवेंद्र, नानक सिंह, उमाशंकर सिंह, भोला प्रसाद, राजेश कुमार लालदास, विनय पूर्ति, इम्तियाज इंटू, पीयूष मिश्रा, मो अकबर, आदि ने योगदान दिया।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** पहली जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संदर्भ में नगर पंचायत के निवर्तमान एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज के वर्तमान जनप्रतिनिधियों की एक बैठक प्रखंड सभागार, सरायकेला में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला विधानसभा राम कृष्ण कुमार द्वारा जनप्रतिनिधियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के विभिन्न तिथियों से अवगत कराया गया। पुनरीक्षण के पूर्व की गतिविधियों के तहत 1 जून 2023 से प्रारंभ कार्यों तथा 21 जुलाई से 21अगस्त 2023 तक बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन संबंधी पूर्ण प्रक्रियाओं से भी सभी को अवगत कराया गया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 17 अक्टूबर 2023 को होना है तथा उसी तिथि से फार्म संख्या 6,7 एवं 8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन संबंधी दावा आपत्ति का कार्य प्रारंभ होना है। दावा व आपत्ति का कार्यक्रम 30 नवंबर 2023 तक चलेगा जिसके तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं अन्य शुद्धिकरण संबंधी कार्य किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं अन्य कार्य हेतु 1 जनवरी 2024 की तिथि को कट ऑफ डेट माना गया है। इस प्रकार तैयार मतदाता सूची के आधार पर आगामी चुनाव में मतदान कार्य कराया जाएगा। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला मृत्युंजय कुमार द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने एवं संशोधन की प्रक्रियाओं से उपस्थित सभी को अवगत कराया गया। इस अवसर पर मतदान एवं मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर शंकर कुमार उपस्थित रहे। बैठक में सरायकेला प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी गगराई, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी, उप प्रमुख वासुदेव महतो, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी पटनायक, सभी पंचायतों के मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा नगर पंचायत सरायकेला के पूर्व वार्ड सदस्य गण उपस्थित रहे।

## उलीडीह थाना प्रभारी का हुआ स्वागत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल डिमना बस्ती हयातनगर बस्ती वासियों के साथ उलीडीह थाना पहुंचकर नवनियुक्त थाना प्रभारी सोनू कुमार को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रभारी सोनू कुमार ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बस्ती में किसी भी तरह का कोई गलत काम हो रहा है मुझे तुरंत फोन पर संपर्क करें। संपर्क करने वाले का नाम को गुप्त रखा जाएगा। तुरंत कार्रवाई होगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शेर अली उर्फ शेरू, जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान, जिला सचिव विधायक प्रतिनिधि शाहिद अख्तर, आजाद नगर थाना के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर, महिला कांग्रेस पार्टी की पूर्व सचिव रेशमी निगार, पूर्व महासचिव फरहत जहां, सबा खान, मोहम्मद आसिफ, आशिक अली, अब्दुल रशीद, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अमीन, मोहम्मद मुमताज, शाहिद खातून, राबिया खातून, खातून, यासमीन बेगम, सलीमन बीबी, फातिमा खातून, हलीमा बेगम, मोहम्मद बबलू और काफी तादाद में महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## जून माह के लोक अदालत में 14 वादों का निष्पादन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय सरायकेला में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जून महीने के लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 14 वादों का निष्पादन किया गया। ये मामले विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग, मोटर यान विभाग, एम वी एक्ट एवं पुलिस एक्ट इत्यादि से संबंधित थे। लोक अदालत में 55,200 रुपए की प्राप्ति हुई।

## पोखोरिया सबर टोला का जलमीनार खराब, 25 परिवारों के सामने पेयजल संकट

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत पोखोरिया सबर टोला में सौर ऊर्जा संचालित जलमीनार पिछले एक साल से खराब पड़े हैं। जिससे टोला में रहने वाले 25 परिवारों को दूर से पानी लाकर प्यास बुझाने का काम करना पड़ रहा है। सबरों ने जलमीनार खराब होने की जानकारी स्थानीय मुखिया को कई बार दिए जाने के बाद भी अब तक इस दिशा में कुछ पहल नही किया है। रविवार को अखिल भारतीय झारखंड पार्टी के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष यादव राय क्षेत्र दौरे के क्रम में सबर टोला पहुंचने पर महिलाओं ने उनको मामलें की जानकारी दी।महिलाओं ने अपनी परेशानी बताते हुए अविलंब जलमीनार को चालू करवाने की मांग यादव राय से की है। यादव ने बताया कि विलुप्त प्रायः आदिम जनजाति (सबर ) लोगों की पेयजल संकट दूर करने के लिए बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज से जल्द ही मुलाकात करते हुए जलमीनार का मरम्मत करवाने की मांग करेंगे। इस दौरान उनके साथ दिवाकर महतो, गुरुपद हांसदा, अमित टुडू, विकास सबर, अरुण सबर, आकाश सबर व दुर्गा पद सबर आदि शामिल थे।



## दाईकिन एअरकंडिशनिंग ने आरवीएस के 4 छात्रों को किया लॉक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टक्नोलॉजी के चार छात्रों का चयन दाईकिन एअरकंडिशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में हुआ। ये चारों छात्र, अमन कुमार महतो इलेक्टॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन्स से, अंशुमन शाह एवं आदर्श कुमार मेकेनिकल इंजीनियरिंग से तथा शायन कुमार कुंडु इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्टॉनिक्स इंजीनयिरिंग विभाग से चयनित किए गए। कॉलेज के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट के अध्यक्ष डॉ विक्रम शर्मा ने बताया कि दाईकिन एअरकंडिशनिंग भारत की बेस्ट एअरकंडिशन कंपनी में से एक है, इस कंपनी के अन्य उत्पाद भी बाजार में उपलब्ध है। कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह और प्राचार्य प्रो (डॉ) राजेश कुमार तिवारी ने बच्चों को बधाई दी।

जादूगोड़ा का उत्तरी इचड़ा पंचायत का धर्मडीह गांव में 40 लाख का जलमीनार दो सालो से खराब

# 86 घरों में पानी को लेकर मचा त्राहिमान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत जादूगोड़ा स्थित उत्तरी इचड़ा पंचायत का धर्मडीह बस्ती में 40 लाख का बना जलमीनार दो साल में ही दम तोड दिया।जिसकी सुधि लेने वाला कोई नही है। इधर इस तपिश गर्मी में धर्मडीह गांव के 86 घरों में पानी को लेकर त्राहिमान मचा हुआ है व यूसील कंपनी के नलकूप से ग्रामीण अपनी प्यास बुझाने को लेकर विवश है जहां घंटो व लंबी लाइन के बाद किसी तरह पानी मुहैया हो पाती है। यूसील



मस्जिद के सामने कंपनी परिसर के बाहर 40 लाख के लागत से जलमीनार का निर्माण तीन साल पूर्व की गई थी ताकि लोगो को सुलभ से पानी उपलब्ध सके।जिसको लेकर पूरे गांव में घर- घर पानी पाइप लाइन बिछाई गई। घटिया निर्माण की वजह से यह जल मीनार दो सालो में ही दम तोड दिया। ग्रामीण कलीम उद्दीन कहते है कि इस जलमीनार के रख रखाव हेतु प्रत्येक घरों से 30 रुपया प्रति माह कलेक्शन की जाती थी। जलमीनार बनकर लगभग तीन साल हुए होगे। बीते इन दो सालो से यहां के ग्रामीण मुसावनी बीडीओ से लेकर मुखिया तक गुहार लगाई गई लेकिन नतीजा सिफर निकाला। ऐसे में लोग पानी की बूंद- बूंद के लिए तरस रहे है। बहर हाल देखना यह है कि क्षेत्र के नौकरशाह व जन प्रतिनिधियों की नजर कब इस धर्मडीह बस्ती पर पड़ती है व जल मीनार ठीक हो पाता है?

# बकरीद को लेकर सोनारी में शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कगलनगर क्लब हाउस प्रेक्षागृह में शांति समिति की बैठक सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत के अध्यक्षता में आयोजित की गई. इस बैठक में बकरीद पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाने पर चर्चा की गई। मौके पर एडीसी सौरभ ने कहा कि पर्व उल्लास का प्रतीक होता है पर्व शांति खुशहाली से मनाए. शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू ने कहा की भाईचारे एवं सद्भावना पूर्वक पर्व को मनाने की अपील की। सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत ने कहा कि आपसी भाईचारे सौंदर्यपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का अगर कोई असामाजिक तत्व प्रयास किया तो पुलिस प्रशासन ऐसे तत्वों के साथ सख्ती से पेस आएगी। शांति समिति के सदस्यों ने अपनी समस्या प्रशासन के सामने रखा। बैठक में संजय यादव मनदीप सिंह बब्बन शुक्ला त्रिभुवन यादव बंटी शर्मा संतोष सिंह प्रदीप लाल श्याम सुंदर शर्मा गौतम दादा विजय भरता मोहम्मद आजाद मोहम्मद शाहिद चरणजीत सिंह सतवीर सिंह राहुल भट्टाचार्जी आदि थे।

# कांड्रा, गम्हरिया में श्रद्धाभाव से की गई विपततारिणी पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विपततारिणी पूजा पारंपरिक विधि-विधान के साथ श्रद्धाभाव से की गई। इस मौके पर खासकर महिला श्रद्धालुओ ने व्रत रखकर फल, मिठाई, पुष्प आदि लेकर मां विपततारिणी की पूजा कर परिवार का हर संकट व दुःख दूर करने की कामना की। इस मौके पर कांड्रा के एसकेजी कॉलोनी, गम्हरिया के शंकरपुर, बड़ा गम्हरिया बस्ती, सतवाहिनी समेत अन्य स्थानों पर स्थित मंदिरों में मां बिपत्तारिणी की पूजा धूमधाम से की गई। पंडित साधन चंद्र मुखर्जी ने बताया कि जीवन में आने वाले सभी प्रकार के विपत्तियों से मुक्ति के लिए रथयात्रा के बाद प्रभु जगन्नाथ के वापसी तक पड़ने वाले मंगलवार एवं शनिवार को मां बिपत्तारिणी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस पूजा को करने से सभी प्रकार के दुःखों से छुटकारा मिलती है।

# बकरीद को लेकर कांड्रा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बकरीद पर्व के मद्देनजर शनिवार को कांड्रा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी थानाध्यक्ष पास्कल टोप्पो ने किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधि व आम लोगों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में इसे मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी



संवेदनशील जगहों पर इस पर्व को लेकर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया जाएगा। साथ ही, पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती लगातार जारी रहेगी। कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने आग्रह किया कि पर्व के दिन यदि कहीं भी कोई असामाजिक या आपराधिक गतिविधि देखने को मिलता है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाहों से दूर रहने की सलाह भी दी। बैठक में हुदू पंचायत की मुखिया सुगी मुर्मू, कांड्रा पंचायत के पूर्व पंसस होनी सिंह मुंडा, पूर्व उप मुखिया अनिल सिंह, जयपाल यादव, विजय श्रीवास्तव, मो हसन, फागु मुर्मू, एसआई मनोज कुमार, राहुल सिंह, एएसआई किशोर सिंह मुंडा, गुरुवा मुंडा, गिरजा राम, मनोज राय समेत काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पीएम किसान के योग्य लाभुकों के ई केवाईसी के लिए पंचायत स्तर पर लगाए गए विशेष शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला अंचल अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के चमारू, टेंटोपोसी एवं नारायणपुर पंचायत भवन में पीएम किसान के योग्य लाभुकों के ई केवाईसी कराने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सरायकेला अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा के मॉनिटरिंग में



वैसे योग्य किसान जिनका ई केवाईसी नहीं हो पाया था, उनका ई केवाईसी कराया गया। जिन किसानों का भूमि से संबंधित विवरण पीएम किसान पोर्टल में अपलोडेड नहीं है , वैसे किसानों से भी भूमि से संबंधित दस्तावेज़ प्राप्त कर भूमि संबंधी विवरण अपलोड करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों में पर्यवेक्षक के रूप में सरायकेला अंचल निरीक्षक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी गम्हरिया , बीटीएम गम्हारिया, एटीएम सरायकेला सहित संबंधित पंचायत के मुखिया पंचायत अंतर्गत आने वाले राजस्व ग्रामों के ग्राम प्रधान, किसान मित्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कुचाई में किसान सलाहकार समिति की हुई बैठक, मंगल सिंह मुंडा बने अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में शनिवार को किसान सलाहकार समिति का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें वर्तमान किसान सलाहकार समिति के प्रखंड अध्यक्ष गुलाब सिंह बानरा के लगातार शरीर अस्वस्थ रहने के कारण मंगल सिंह मुंडा को सर्वसमिति से किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष चुना गया। मौके पर अध्यक्ष श्री मुंडा ने सबों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि विभाग और किसान के बीच बेहतर समन्वय स्थापित



करने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे किसान जिनका अभी तक केसीसी लोन माफी नहीं हुए वो किसान प्रज्ञा केंद्र से ई केवाईसी करा ले जिससे कि उस किसान का लोन माफी हो सके। बीएओ हरिलाल राम ने कहा कि 50 प्रतिशत अनुदान में धान बीज का वितरण कूचाई लैंप्स से किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से बीटीएम राजेश कुमार, बीएओ हरिलाल राम, कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोडा, मंगल सिंह मुंडा, मान सिंह मुंडा, आदि थे।

# स्टेप बाय स्टेप प्ले स्कूल में फादर्स डे आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्टेप बाय स्टेप प्ले स्कूल ने आज फादर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें स्कूल के बच्चों के पिता ने मिलकर खुशी के पल बिताए। यह आयोजन स्कूल की ओर से छात्रों के पिताओं को सम्मानित करने और उनके साथ एक सुखद और अद्यात्मिक अनुभव का संयोजन करने के उद्देश्य से किया था। फादर्स ने कप पेटिंग गेम में भी भाग लिया। इसके अलावा, विभिन्न गेम्स और प्रतियोगिताओं में भी फ़ादर्स ने अपनी क्षमताओं का परखा और आनंद लिया। इस अवसर पर आदित्य पंचमिया जिन्होंने अपने बेटे की तरह कपड़े पहनने थे उन्हें



विशेष रूप से सम्मानित किया गया. स्कूल की प्राचार्य डॉली उपाध्याय ने यह कहा कि हमने इस आयोजन को छात्रों के पिताओं के साथ एक स्पेशल संयोजन के रूप में आयोजित किया है। हम उन्हें सम्मानित करना चाहते हैं और उनके साथ वक्त बिताने का मौका देना चाहते हैं। हमें गर्व है कि इस आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है और हमें आशा है कि यह समारोह पिताजी को आनंददायक और यादगार अनुभव प्रदान करेगा। समारोह में मालोबिका सिन्हा स्कूल की बोर्ड सदस्य भी उपस्थित थीं.

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

रांँची , रविवार, 25 जून 2023 | पेज 6


## संपादकीय

# चीन का 'आतंकी' वीटो

चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर 'वीटो पॉवर' का दुरुपयोग किया है। अब तो वह आदी हो गया है कि जब भी पाकिस्तान के किसी आतंकवादी को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने का प्रस्ताव आता है, तो चीन 'वीटो' के जरिए उसे ब्लॉक करवा देता है। ताजा मामला 26/11 मुंबई आतंकी हमले के 'मास्टर माइंड' साजिद मीर का है, जिसे 'वैश्विक आतंकी' की सूची में डालने का प्रस्ताव भारत और अमरीका का था। अमरीका ने तो उस पर 41 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित किया था। प्रस्ताव बीते साल सितंबर में रखा गया था, लेकिन चीन ने तकनीकी आधार पर उसे रुकवा दिया था। इस पर लगातार विचार किया गया और अब बीती 20 जून को सुरक्षा परिषद में यही प्रस्ताव दोबारा पेश किया गया था। चीन ने अपने 'विशेषाधिकार' का फिर दुरुपयोग किया। चीन ऐसा कर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर रहा, लेकिन अपनी 'विशेष शक्ति' का नाजायज लोहा मनवाना चाहता है। बेशक पाकिस्तान चीन का 'बंधक-सा' देश है। पाकिस्तान पर चीन का कर्ज और दूसरी कृपाओं के बोझ इतने हैं कि वह बोल नहीं सकता। चीन ने सुरक्षा परिषद में जैश-ए-मुहम्मद आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को भी सालों तक बचाया था, उसकी पैरोकारी की थी, लेकिन उसे 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने से चीन, अंततः, बचा नहीं सका। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों-अमरीका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन-को ही 'वीटो पॉवर' हासिल है। जिस मकसद से यह विशेष शक्ति दी गई थी, आज उसका ह्नास हो चुका है। विश्व-व्यवस्था भी बदल चुकी है, लिहाजा बार-बार यह मांग दोहराई जाती है कि संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था में सुधार किया जाए और भारत, जापान, जर्मनी सरीखे ताकतवर, विवेकशील देशों को भी 'स्थायी सदस्य' बनाकर वीटो का विशेषाधिकार दिया जाए। हालांकि भारत ने 26/11 आतंकी हमले से जुड़ा एक ऑडियो सुना कर सुरक्षा परिषद में चीन और पाकिस्तान को बेनकाब किया है। ऑडियो में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी मुंबई में घुसे आतंकियों को निर्देश दे रहा था कि आसपास कोई भी हलचल दिखे, उन्हें तुरंत गोली मार दो।' इसके अलावा, पाकिस्तानी-अमरीकी आतंकी डेविड हेडली को अमरीकी एजेंसी एफबीआई ने 2008 में शिकागो से पकड़ा था। उसने 2011 में अमरीकी अदालत में और 2016 में मुंबई की अदालत में गवाही देकर खुलासा किया था कि साजिद मीर और मेजर इकबाल, जिसे उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का अफसर बताया था, 26/11 हमले के 'मुख्य साजिशकारों' में शामिल थे। मीर एफबीआई की 'मोस्ट वांटेड टेररिस्ट' सूची में भी था। सुरक्षा परिषद के सामने ये तमाम सूचनाएं और साक्ष्य रखे गए हैं। उसके बावजूद चीन 'वीटो' का दुरुपयोग कर प्रस्ताव को ब्लॉक कराता रहा है। यह संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर सवाल है। 'वीटो' को नई विश्व-व्यवस्था में, नए सिरे से, परिभाषित किया जाना चाहिए। चीन उसमें भी रोड़े अटका सकता है, लेकिन अमरीका, फ्रांस, ब्रिटेन की बहुमती 'वीटो ताकत' संशोधन के पक्ष में आ सकती है। जाहिर है कि रूस और चीन की जोड़ी तो अलग ही रहेगी। चीन की इस भूमिका पर भी अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत होगी, तो चीन को भी आतंकवाद का पनाहगाह देश करार दिया जाए। जो देश पाकिस्तान की तरह आतंकियों का 'कवच' बनकर रहे, तो उसे 'आतंकिस्तान' ही कहना चाहिए। कूटनीति क्या कहती है, वह सब बेमानी है। जब चीन वीटो के जरिए आतंकियों को बचा रहा है, तो उसका माकूल जवाब दिया जाना चाहिए। चीन अपनी छवि को लेकर बाध्य हुआ था और 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद, मसूद अजहर के मामले में, उसे वीटो वापस लेनी पड़ी थी। अब साजिद मीर का मामला चीन ने तब ब्लॉक किया है, जब भारतीय प्रधानमंत्री राजकीय प्रवास पर अमरीका में हैं। चीन 2006 से पाकपरस्त आतंकियों की खातिर 'वीटो पॉवर' का दुरुपयोग करता आ रहा है।

> चीन ने अपने 'विशेषाधिकार' का फिर दुरुपयोग किया। चीन ऐसा कर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर रहा, लेकिन अपनी 'विशेष शक्ति' का नाजायज लोहा मनवाना चाहता है। बेशक पाकिस्तान चीन का 'बंधक-सा' देश है। पाकिस्तान पर चीन का कर्ज और दूसरी कृपाओं के बोझ इतने हैं कि वह बोल नहीं सकता। चीन ने सुरक्षा परिषद में जैश-ए-मुहम्मद आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को भी सालों तक बचाया था, उसकी पैरोकारी की थी, लेकिन उसे 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने से चीन, अंततः, बचा नहीं सका। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों-अमरीका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन-को ही 'वीटो पॉवर' हासिल है।

## गीता प्रेस के पुरस्कार पर सवाल उठाकर कांग्रेस और कम्युनिस्ट कहीं खुद ही तो नहीं घिर रहे

# गीता प्रेस को पुरस्कार के मायने

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> गीता प्रेस के संस्थापक के लिए यह जरूरी क्यों करार दिया जाए कि गांधी से हर मामले में सहमत होना पहली और अंतिम शर्त है। गीता प्रेस का विरोध करने वाले अब अंतिम हथियार चलाते हैं कि गांधी हत्या के षड्यंत्र में शक की सुई प्रेस के कुछ लोगों पर भी घूम रही थी। सावरकर को तो गिरफ्तार ही कर लिया गया था। नेहरू के पक्षधरों ने तो इसमें परोक्ष रूप से सरदार पटेल को भी लपेटने की कोशिश की थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को तो इस बहाने प्रतिबंधित ही कर दिया गया था। लेकिन न्यायालयों ने सभी को बरी कर दिया था। बल्कि अब तो यह संशय उठने लगे हैं कि गांधी हत्या से कौन राजनीतिक लाभ उठाना चाहता था।



गान्धी शान्ति प्रतिष्ठान भारत सरकार का न्यास है जिसके पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। यह प्रतिष्ठान गान्धी के आदर्शों के लिए एक करोड़ रुपए का पुरस्कार देता है। इस बार यह पुरस्कार गोरखपुर के एक प्रकाशन संस्थान गीता प्रेस को दिया गया है। गीता प्रेस ने अत्यन्त विनम्रता से यह पुरस्कार तो स्वीकार किया है, लेकिन उसकी राशि भारत सरकार को वापस कर दी है। लेकिन सोनिया कांग्रेस के भीतर इस पुरस्कार को लेकर तूफान आ गया है। उसके शीर्षस्थ नेताओं का कहना है कि गीता प्रेस को यह पुरस्कार देने का अर्थ है कि यह पुरस्कार नाथू राम गोडसे को ही दे दिया गया है। कम्युनिस्ट बुद्धिजीवी भी इससे हलकान हो रहे हैं। उनकी दृष्टि में तो हिन्दुस्तान की सारी बीमारियों की जड़ ही गीता प्रेस है। यह प्रेस भारतीय धरोहर से संबंधित पुस्तकें प्रकाशित करवाती है और कम्युनिस्ट विद्वानों को भारतीय धरोहर बीमारी के रूप में दिखाई देती है। यही कारण था कि कम्युनिस्ट यूनियनों से संबंधित कुछ रणनीतिकारों ने कुछ साल पहले यह शोर मचाना शुरू कर दिया था कि गीता प्रेस में श्रमिकों का शोषण होता है। मजदूर हड़ताल पर हैं। उन्हें तनख्वाह नहीं मिल रही। गीता प्रेस लगभग बन्द होने के कगार पर है। कुछ लाल विद्वानों ने तो यह शोध प्रबन्ध भी लिखने शुरू कर दिए थे कि आखिर गीता प्रेस अन्ततः समाप्त कैसे हुई? लेकिन अफवाहों के पैर नहीं होते और पंजाबी भाषा में कहावत है जिसका हिन्दी अनुवाद कुछ इस तरह हो सकता है कि कौवों के चाहने से पशु नहीं मरते। कम्युनिस्टों की गीता प्रेस को लेकर पहली रणनीति फेल हो गई। लेकिन अब गीता प्रेस को गान्धी पुरस्कार मिलने से कौवा एक बार फिर आसपास के वृक्षों पर कांव कांव करने लगे हैं। लेकिन इस बार उनके साथ सोनिया कांग्रेस का एक समूह भी जुड़ गया है। यह वही समूह है जो पिछले कुछ समय से मुस्लिम लीग को पंथ निरपेक्ष सिद्ध करने के लिए देश विदेश में गला फाड़ रहा है। हो सकता है यह कांग्रेस की विपक्षी एकता का दही जमाने के द्राविड़ प्राणायाम के कारण विवशता में पैदा हुआ विकल्प हो। या फिर भारतीय धरोहर को लेकर उसकी नकारात्मक सोच का भी परिणाम हो सकता है। सोनिया कांग्रेस के लोगों का कहना है कि महात्मा गान्धी का रास्ता गीताप्रेस के रास्ते से मेल नहीं खाता। महात्मा गान्धी स्वयं को भारतीय संस्कृति के सन्दर्भ में सनातनी कहा करते थे। गीता प्रेस भी सनातन धरोहर के संरक्षण व प्रसार के लिए संकल्पित है। फिर दोनों का विरोध कैसे हो सकता है? सोनिया कांग्रेस का कहना है कि गान्धी जी और गीताप्रेस सनातन की अवधारणा को लेकर एकमत नहीं थे। एकमत न होना ही तो सनातन की सबसे बड़ी ख़ूबसूरती है। सनातन युगानुकूल नित्य नई व्याख्या में विश्वास करता है, इसीलिए तो वह आज इक्कीसवीं शताब्दी में भी प्रासंगिक है। यही कारण है कि आज से पांच हजार साल पहले लिखी गई गीता की आधुनिक सन्दर्भों में आज भी देश में ही नहीं विदेश में भी व्याख्या हो रही है। गान्धी जी ने तो स्वयं गीता की व्याख्या की थी। इसी स्थल पर तो गीताप्रेस और गान्धी एक साथ दिखाई देने चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से सोनिया गान्धी के अनुयायियों को इसी स्थल पर वे परस्पर विरोधी दिखाई देते हैं। धरोहर व दर्शन के मामले में सामी चिन्तन तालबद्ध होने का आदेश देता है। भारतीय परम्परा 'विप्रा बहुधा वदन्ति' की है। गीता प्रेस भारतीय ग्रन्थों का प्रकाशन करता है। उनकी व्याख्या का काम विद्वानों का है। लेकिन सोनिया कांग्रेस व कम्युनिस्टों की रणनीति यह है कि ये ग्रन्थ सस्ते मूल्य पर उपलब्ध ही न हों। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। गीताप्रेस का विरोध करने वाले कुछ विद्वान गान्धी जी के दलित समाज की उन्नति के लिए किए जाने वाले प्रयासों को लेकर करते हैं। उनका कहना है दलित समाज की उन्नति को लेकर अपनाए जाने वाले तरीक़ों पर महात्मा गान्धी और गीताप्रेस के संस्थापक एकमत नहीं थे। दोनों के तरीक़े अलग अलग थे। यदि इसी को गीताप्रेस के विरोध का आधार माना जाए तब तो इस विषय पर महात्मा गान्धी और डा. भीमराव रामजी अंबेडकर भी एकमत नहीं थे। अंबेडकर तो दलित उद्धार को लेकर गान्धी के प्रयासों को पाखंड के अतिरिक्त कुछ नहीं मानते थे। अंबेडकर ने तो इस सम्बन्ध में एक दूसरी रोचक घटना का भी उल्लेख भी किया है। बक़ौल अंबेडकर उनके पास जमना लाल बजाज यह सन्देश लेकर आए थे कि वे अपने अछूतोद्धार के प्रयासों में महात्मा गान्धी के साथ मिल कर चलें तो उन्हें पैसे की कमी नहीं होगी और काम भी गति पकड़ेगा। अंबेडकर का उत्तर था कि मैं बहुत से मामलों में गान्धी के साथ सहमत नहीं हूं, इसलिए मैं उनके साथ मिल कर नहीं चल सकता। तब जमना लाल बजाज का रहस्योद्घाटन चौंकाने वाला था। उसने कहा कि नेहरु तो गान्धी जी के साथ किसी एक मामले में भी सहमत नहीं हैं, लेकिन वे फिर भी गान्धी जी के शिष्य हैं तो आप यह क्यों नहीं कर सकते? अंबेडकर का उत्तर था कि यह पाखंड नेहरु कर सकते हैं, मैं नहीं। गीताप्रेस के संस्थापक के लिए यह जरूरी क्यों क़रार दिया जाए कि गान्धी से हर मामले में सहमत होना पहली और अन्तिम शर्त है। गीता प्रेस का विरोध करने वाले अब अन्तिम हथियार चलाते हैं कि गान्धी हत्या के षड्यन्त्र में शक की सुई प्रेस के कुछ लोगों पर भी घूम रही थी। सावरकर को तो गिरफ्तार ही कर लिया गया था। नेहरु के पक्षधरों ने तो इसमें परोक्ष रूप से सरदार पटेल को भी लपेटने की कोशिश की थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को तो इस बहाने प्रतिबन्धित ही कर दिया गया था। लेकिन न्यायालयों ने सभी को बरी कर दिया था। बल्कि अब तो यह संशय उठने लगे हैं कि गान्धी हत्या से कौन राजनीतिक लाभ उठाना चाहता था। सरदार पटेल से कौन छुटकारा पाना चाहता था? गान्धी हत्या की आड़ में कौन संघ और गीता प्रैस को समाप्त करना चाहता था? भारत में भारतीय धरोहर को कौन समाप्त करना चाहता था? गीता प्रैस के पुरस्कार पर सवाल उठाकर कांग्रेस और कम्युनिस्ट कहीं खुद ही तो नहीं घिर रहे।

# योग को जीवन में पूरी तरह अपनाओ

> दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नये-नये शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों में नियंत्रण करना ही योग है।

इस वर्ष भी 21 जून को योग दिवस मना कर औपचारिकता तो पूरी कर ली है, मगर क्या फिटनेस की इस सरल व सर्वसुलभ उपलब्ध विधि का हम लगातार वर्ष भर अपनी फिटनेस को स्तरीय रखने में उपयोग करेंगे? जब तक ग्रामीण परिवेश में अधिकांश जनसंख्या रही तब तक अलग से किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी। जब से दैनिक जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का विकास हुआ है तभी से फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जनमानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से कई बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नये-नये शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों में नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि, यह अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति यम एवं नियमों का पालन नहीं करता है तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्त का जीवन व समाज दोनों दुष्प्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह, यह नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कत्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है। ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानी मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो, उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है। इसमें किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना अधिकार नहीं उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य : मन, वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रिय जनित सुखों में संयम बरतना। अपरिग्रह : अपने स्वार्थ के लिए धन, संपत्ति एवं भोग की सामग्री में संयम न बरतना परिग्रह है। इसका अभाव अपरिग्रह है। आवश्यकता से अधिक संचय करना अपरिग्रह है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा न करना। मन, वचन एवं कर्म से इस प्रवृत्ति को त्यागना ही अपरिग्रह है। नियमों में शौच के अंतर्गत पानी-मिट्टी आदि के द्वारा शरीर, वस्त्र, भोजन, मकान आदि के मल को दूर करना बाह्य शुद्धि माना जाता है। सद्भावना, मैत्री, करुणा आदि से की जाने वाली शुद्धि आंतरिक शुद्धि मानी जाती है। केवल अपने भौतिक शरीर का ध्यान रखना पर्याप्त नहीं है। बल्कि अपने मन के विचारों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करना जरूरी है। शरीर और मन दोनों की शुद्धि। संतोष दूसरा नियम है। इसमें कत्तव्य का पालन करते हुए जो कुछ उपलब्ध हो, जो कुछ प्राप्त हो, उसी में संतुष्ट रहना। किसी प्रकार की तृष्णा न करना। तीसरा नियम है तप, इस नियम में अपने वर्ण, आश्रम, परिस्थिति और योग्यता के अनुसार स्वधर्म का पालन करना। व्रत, उपवास आदि को भी इसी में शामिल किया जाता है। यानी कि स्वयं से अनुशासित दिनचर्या में रहना है। स्वाध्याय चौथा नियम है, जिससे कत्तव्य का बोध हो सके, मतलब शास्त्र का अध्ययन करना। महापुरुषों के वचनों का अनुपालन भी स्वाध्याय के अंतर्गत आता है। ईश्वर प्राणिधान पांचवां नियम है। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण व संपूर्ण श्रद्धा रखना। फल की इच्छा का परित्याग पूर्वक समस्त कर्मों का ईश्वर को समर्पण करना ईश्वर प्राणिधान कहलाता है। हजारों साल पहले भारतीय शोधकर्ताओं ने यौगिक क्रियाओं से होने वाले लाभों को समझ लिया था जो आज की चिकित्सा व खेल विज्ञान में योग का प्रयोग खूब हो रहा है। योग के नियमों का पालन करने के बाद अगर यौगिक क्रियाओं को किया जाता है तो मानव में शारीरिक व मानसिक स्तर पर आश्चर्यजनक रूप से अलौकिकता का सुधार होता है। आज आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में इनसान को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। आज जब मनुष्य के पास हर सुख-सुविधा असानी से उपलब्ध है, मगर समय का अभाव सबके सामने है, ऐसे में फिटनेस को बनाए रखने की दिक्कत सबके सामने है। इस सबके लिए योग सबसे बढिया तरीका है। स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए रोज योग करें।



## देश दुनीया से

# अब मैं चुप नहीं रहूंगा...

> सर्वप्रथम मेरा ध्यान पता नहीं क्यों नमो-नमो पर गया। मन ने कहा कि हवा में यह नाम काफी घुल रहा है, यदि इस पर ध्यान दिया जाए तो कैसा रहे? मैंने फिर पत्नी से पूछा कि नमो-नमो कैसा रहेगा। उसने मंजे हुए खिलाड़ी की तरह कहा कि आप का दिमाग तो ठीक है न? नमो-नमो का पारायण करोगे तो कुछ नहीं मिलेगा, जिन्होंने घोटाले किए हैं, माल तो उनके पास है। अपने को किसी के सत्ता में आने, न आने से क्या फर्क पड़ता है, अपने तो माल मारना है। मैं पत्नी का इशारा समझ गया और मैंने अपना ध्यान उधर लगाया। मन ने कहा पत्नी का कथन सही है, माल वाले को पकडऩा ही ठीक रहेगा। मैं घोटालेबाजों के दरवाजे पर पहुंचा तो भीड़-भाड़ काफी थी।

रहीम दास जी की बात मानकर मैं चार साल से चुप बैठा हुआ था। लेकिन अब मुझे लग रहा है कि चुप बैठना घाटे का सौदा है। रहीम दास जी को अब कन्टीन्यू किया तो न मैं घर का रहूंगा न घाट का, क्योंकि चुनाव नजदीक हैं और सारे ही राजनीतिक दल लोकलुभावन वातावरण बना रहे हैं। मेरा जैसा बिचौलिया यदि अब चुप रहा तो ऐन वक्त पर हाथ खाली रह जाएंगे और मैं घर व बच्चों के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा। कल पत्नी ने भी कहा था कि चुप कैसे बैठे हो, आप तो अवसरवादी हैं, जैसी हवा अनुकूल लग रही हो, उसका मूल्यांकन करके किसी के साथ लग लो, बाद में पछताना पड़ेगा। मैंने पत्नी की बात पर स्वीकृति में सिर हिलाया और माना कि यह कमाने-खाने का पीक सीजन है। सर्वप्रथम मेरा ध्यान पता नहीं क्यों नमो-नमो पर गया। मन ने कहा कि हवा में यह नाम काफी घुल रहा है, यदि इस पर ध्यान दिया जाए तो कैसा रहे? मैंने फिर पत्नी से पूछा कि नमो-नमो कैसा रहेगा। उसने मंजे हुए खिलाड़ी की तरह कहा कि आप का दिमाग तो ठीक है न? नमो-नमो का पारायण करोगे तो कुछ नहीं मिलेगा, जिन्होंने घोटाले किए हैं, माल तो उनके पास है। अपने को किसी के सत्ता में आने, न आने से क्या फर्क पड़ता है, अपने तो माल मारना है। मैं पत्नी का इशारा समझ गया और मैंने अपना ध्यान उधर लगाया। मन ने कहा पत्नी का कथन सही है, माल वाले को पकडऩा ही ठीक रहेगा। मैं घोटालेबाजों के दरवाजे पर पहुंचा तो भीड़-भाड़ काफी थी। मुझे एक जानकार की शक्ल दिखाई दी, मैंने कहा - 'भाई साहब इधर हूं।' उन्होंने मेरी पुकार पर कान दिए और भीड़ चीरते हुऐ मेरे पास आ गए। मुझे एक सुनसान पेड़ के नीचे ले गए और बोले -'ऐसा करो, पहले तो अपना हुलिया बदलो। ठीक समय पर आए हो। कलफदार कुर्ता-पायजामा धारण करके मेरे पास परसों आओ। मैं मुखिया जी से मिलवा दूंगा। इस समय तुम्हारे जैसे जुगाडुओं की परम आवश्यकता है। हम दो टर्म पूरा करने जा रहे हैं, तीसरे के लिए प्रयत्नशील हैं। खजाना खुला छोड़ दिया है। धन लुटा रहे हैं। भोजन की गारंटी दे रहे हैं। अब कोई आदमी भूखा नहीं सोएगा। सबसिडी आधार कार्ड के आधार पर सीधे आम आदमी के बैंक खाते में दे रहे हैं। इसलिए हमने पासे तो एक से एक नायाब फेंके हैं। सवाल उनका जन सामान्य के दिमाग में बैठाने का है। मुझे विश्वास है तुम्हारा जैसा कार्यकर्ता ही यह कर सकता है।' मैं बोला -'सर आपको तो महंगाई ने मारा है। डीजल, पैट्रोल और गैस के महंगे होने से बाजार की हर चीज आसमान छू रही है, साथ ही माफ करना, घोटालों की भी कमी नहीं रहने से छवि खराब हुई है। ऐसे में मेहनत का काम तो है ही।' वे मेरी इस बात को सुनते ही भडक़ उठे और बोले -'गोली मारो इमेज को। घोड़ा घास से यारी करे तो खाए क्या। तुमको इस भीड़ से अलग मैं क्या झख मारने लाया हूं। इसी में तो करिश्मा करना है। उलटे तुम तो हमारे खोट गिनाने लगे।' मैं बोला -'नहीं सर, मैंने तो एक बात कही थी। बाकी तो मैं बहुरूपिया हूं। अब मैं चुप नहीं रहूंगा और अपना आलाप इतना ऊंचाई तक ले जाऊंगा कि टर्म पर टर्म मिलते जाएंगे।' वे बहुत खुश हुए। चुपचाप मेरे पेंट में पता नहीं क्या घुसेड़ा और कहा -'जाओ परसों आना और सुनो, अब चुप मत रहना। यह बोलने का वक्त है। झूठ का कारोबार करते हैं हम सब। जाओ ऐश करो।' घर आकर जेब से निकालकर सौगात देखी तो गांधीछाप कागज देखकर मैं और पत्नी फूले नहीं समाए। पत्नी ने भी यही कहा -'अब चुप मत बैठना।' तब से मैं एकालाप में डूबा हुआ हूं।

## कुछ अलग

# आ गई एमसीआई

हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं के पिछले दो दशक हालांकि मेडिकल कालेजों की फेहरिस्त बढ़ाते रहे हैं, लेकिन इसी दौरान डाक्टरों की टोपियां बदल-बदल कर ये संस्थान जैसे तैसे चलाए गए। नतीजन यह अवधि चिकित्सा सेवाओं के संस्कारों का ऐसा पतन लिख गई कि 'ईंटें बहुत हैं इन दीवारों में, मगर कोई बताता नहीं कि घर कब बसेगा'। आफत यह रही कि हर नए मेडिकल कालेज के अस्तित्व को लेकर भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) बनाम स्वास्थ्य विभाग के बीच 'खो खो' का मैच चलता रहा। एमसीआई साल भर की मान्यता के पैमाने में टोह लेती रही और इधर हिमाचल का स्वास्थ्य विभाग आंख मिचौनी करके हर निरीक्षण-परीक्षण में डाक्टरों को इधर से उधर करता रहा। यानी हिमाचल के स्वास्थ्य विभाग ने अपने कारनामों से यह पता नहीं चलने दिया कि वह मेडिकल कालेजों का ऐसा अभिभावक है जो चुन्नू की फ्रॉक मुन्नू को पहनाते-पहनाते, बेगानी शादी में अबदुल्ला (डाक्टर) को दीवाना बना चुका है। आश्चर्य यह कि डाक्टरों के काफिले चले बहुत, लेकिन पहुंच कहीं नहीं। परिणाम यह है कि चंबा मेडिकल कालेज में बिना फैकल्टी के भी कई विभागों ने डाक्टर बनाने का कारनामा कर दिया। इसलिए अब एमसीआई ने नए मेडिकल कालेजों की मान्यता में हाजिरी रजिस्टर के बजाय बायोमीट्रिक अटेंडेंस की शर्त नत्थी कर दी है। कुल छह सरकारी, एक गैर सरकारी मेडिकल कालेज, बिलासपुर एम्स, मंडी मेडिकल यूनिवर्सिटी तथा ऊना में पीजीआई सेटेलाइट सेंटर के साथ हिमाचल को चिकित्सा सेवाओं का स्तंभकार होना चाहिए था, लेकिन हुआ इसके विपरीत। टांडा मेडिकल कालेज बना तो कुछ रगड़ा आईजीएमसी को लगा, लेकिन बाद की व्यवस्था ने आसपास के कई अस्पताल और मुख्य रूप से अंग्रेजी शासन के वक्त में स्थापित और आधे हिमाचल को स्वास्थ्य सेवाएं देते आए धर्मशाला के जोनल अस्पताल को ही निगल लिया। इसके बाद चंबा, हमीरपुर, नाहन तथा नेरचौक मेडिकल कालेजों की स्थापना ने टीएमसी की परिपक्वता को शहीद करके अपनी मांग के अनुसार तमाम डाक्टरी योग्यता को अस्थिर कर दिया। हर नए मेडिकल कालेज ने प्रत्यक्ष में तो कुछ हासिल नहीं किया, लेकिन परोक्ष में प्रदेश पहले से स्थापित चिकित्सा सेवाओं से ऐसी छीना झपटी की कि आज जोनल, क्षेत्रीय व नागरिक अस्पतालों के भीतर खाली पदों से जनता का द्वंद्व जारी है। कहीं सर्जन नहीं, तो कहीं मेडिसिन के डाक्टर नहीं। हद तो यह कि जहां विशेषज्ञ भेजे भी जा रहे वहां एक ही डिपार्टमेंट में अनेक लाद दिए जा रहे। जोनल अस्पताल धर्मशाला में आर्थो, मेडिसिन के डाक्टर नहीं, लेकिन चर्म रोग के जरूरत से ज्यादा विशेषज्ञ इक्ट्ठे कर दिए गए। पालमपुर में शिशु विशेषज्ञ नहीं, तो नूरपुर में मातृ-शिशु अस्पताल बसने से पहले उजडने लगा है। दरअसल राजनीति ने हमें यह तो सिखा दिया कि नेताओं के सेहरे पर शिक्षा व चिकित्सा के बड़े-बड़े संस्थान सुशोभित होने चाहिएं, लेकिन इतिहास साक्षी है कि इस अंदाज ने गुणवत्ता का चीरहरण कर दिया। हिमाचल के निजी व सरकारी मेडिकल कालेजों तथा एम्स के वजूद में आने पर आठ सौ से कहीं अधिक एमबीबीएस डाक्टर हर साल निकलेंगे, तो इस रथयात्रा का सारथी कौन होगा। क्या सरकार के संसाधन इस काबिल हैं कि अस्पतालों, मेडिकल कालेजों व डाक्टरों के संसार को निरंतर प्रश्रय देते हुए काबीलियत व दक्षता का मुकाम हासिल होगा। यह इसलिए भी कि एक मेडिकल कालेज की असफलता से उसी की परिधि में कई निजी अस्पताल उग आते हैं। कांगड़ा, ऊना, सोलन, मंडी व प्रदेश के कमोबेश हर शहर में निजी अस्पतालों का साम्राज्य पूरे प्रयत्न में है कि सामने खड़े सरकारी अस्पताल और मेडिकल कालेज ध्वस्त हों और यह होने लगा है। ऐसे में एमसीआई की जद में आए चंबा, हमीरपुर, नाहन व नेरचौक मेडिकल कालेजों को अब जबकि बायोमीट्रिक हाजिरी के तहत स्थाई फैकल्टी के रूप में डाक्टर व अन्य स्टॉफ चाहिए होगा, तो इससे फिर चिकित्सा का ही ढांचा हिलेगा।

## नागरिक बोध

# महिलाओ की सुरक्षा पर हाथ पर हाथ धरे बैठना बेनामी

महिलाओ का उत्पीड़न और यौनाचार की घटनाएं आज भी आधुनिक और संस्कृति प्रधान कहलाने वाले भारत मे खुलम खुला हो रही है। महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान कोई नही है। हर जगह छेड़खानी और लव जिहाद की इन घटनाओं की शिकार किशोरावस्था की भेंट चढ़ जाती है। सरकार महिलाओ और युवतियों के उत्पीड़न की घटना पर बड़े बड़े बयान देकर मुकर जाती है। घटना के संदर्भ में दिए बयान दूसरे दिन भुला दिए जाते है। आज के दौर में महिलाओं के साथ ज्यादती सामान्य बात हो गई है। गार्डन, ऑफिस, ट्रेन, मोहल्ले आदि यहा तक घर मे असुरक्षित महसूस करने वाली महिलाओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है ।यह सरकार की ढुलमुल नीति है। मुजफ्फरपुर से गुजरात जा रही रात्रिकालीन ट्रेन में सफर करने वाले पति पत्नी को बेरहमी से पिट दिया। इतना ही नही महिला से छेड़खानी करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की गई। जब दुष्कर्म में सफलता नही मिलने पर दोनों पति पत्नी को ट्रेन से बाहर फेंक दिया जाता है। इस घटना की निंदा की जाए, वह कम है। अपनी इज्जत बचाने के लिए दोनों मरने के लिए राजी हो गए। रात्रिकालीन गाड़ियों में सुरक्षा गार्ड के अभाव में चलती ट्रेन में इस तरह की घटना होते होते रह गई। ट्रेन के सफर में महिलाओ के साथ छेड़खनो की घटनाएं क्या प्रशासन की जवाबदेही नही है? ट्रेन से फेंके जाने की घटना सामने आने के बाद पुलिस ने उन दोनों को अस्पताल पहुंचाया। देश मे ऐसी घटनाओं को नही रोका गया तो, आगे चलकर अकल्पनीय घटनाए सामने आएगी। उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। लखनऊ से गुजरात के लिए रवाना हुए पीड़तिों को सुरक्षा के नाम पर कोई सहूलियत नही मिली। देश मे लव जिहाद का स्कैंडल और राह चलती महिलाओ की छेड़खानी आम बात हो गई है। यह सरकार पर काला कलंक है। पुलिस की बड़ी फ़ौज पीड़ति परिवार को न्याय नही दिला सकती है। ट्रेन में रात्रिकालीन गाड़ियों में पुलिस गश्त लगती है। लेकिन पुलिस की घटना स्थल पर हाजर नही होने के कारण घटना सामने आई है ।यह लापरवाही की निशानी है। देश मे इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नही हो, उसके लिए पुलिस को सजग प्रहरी की भूमिका निभानी होगी। सक्षम महिलाएं भी लफंगों का मुकाबला नही कर सकती है। अपनी सुरक्षा के लिए महिलाएं क्या करके जान और इज्जत बचाए, उसके लिए सरकार गाइड उपलब्ध कराई जाए। महिलाओ की सुरक्षा की जवाबदारी प्रशासन की है। उत्तरप्रदेश में महिलाओ की सुरक्षा में लगी पुलिस से सबक लेना चाहिए। युवतियां और महिलाएं बिना रोकटोक कही भी आ जा सके, ऐसे माहौल की देश मे जरूरत है। महिला और युवतियों को अकेला देखते ही विकृत मानसिकता पैदा कर उसके साथ अश्लील हरकतें की जाती है। समाज के कर्णधार आगे आए।

## बनहरदी, दुग्ध संग्रहण व शीतलक केंद्र का उपायुक्त ने लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा चंदवा प्रखंड अंतर्गत स्थित बनहरदी दुग्ध उत्पादक प्राथमिक सहयोग समिति लिमिटेड में दुग्ध संग्रहण एवं शीतलक केंद्र का निरीक्षण कर वहां हो रहे कार्यो का जायजा लिया गया।इस दौरान उपायुक्त ने दुग्ध की गुणवता की जांच कर विधि व्यवस्था से अवगत हुए। उपायुक्त ने दुग्ध संघ से जुड़े किसानों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को किए जाने वाले भुगतान तथा नियमित रूप से प्राप्त होने वाले दुग्ध की मात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त को दुग्ध की खरीद बिक्री में जेएमएफ प्रबंधन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि बनहरदी दूध संग्रह केंद्र में जेएमएफ किसान द्वारा दूध की खरीददारी करती है।एवं महीने में 3 बार दूध का भुगतान किसान खाते में करती है।1 से 10 तक का कुल दूध का भुगतान 15 तारीख तक।11 से 20 तक का भुगतान 25 तारीख तक एवम 21 से 30 तक का भुगतान 5 तारीख तक किसानों के खाते में जाती है। इस दौरान उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालक दुधारू पशुओं को विटामिन मिनरल सहित समुचित पोषण का ख्याल करें,तो कम खर्च में अधिक दूध का उत्पादन कर सकते हैं।पशुपालक अच्छी नस्ल की गाय एवं भैंस की प्रजाति पर ध्यान दें। पशु पालक दूध का अधिक उत्पादन के लिए पशुओं की संख्या बढ़ाने से ज्यादा पशुओं के पोषण पर ध्यान दें। गाय के अच्छे स्वास्थ्य के लिए गाय को हरा चारा खिलाए।आगे उन्होंने कहा की दुधारू पशुओं के पोषण के लिए समुचित विटामिन कैलसियम एवं मिनरल दें। साथ ही गव्य विकास विभाग के द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित है। आप सब उसका लाभ लें। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी को पशुओं का नियमित टीकाकरण कराने एवं पशुओं का इन्शुरेन्स कराने का निर्देश दिया।जिला सहकारिता पदाधिकारी ने ग्रामीणों से दुग्ध उत्पादक प्राथमिक सहयोग समिति से जुड़ने का आग्रह किया।जिला गव्य विकास पदाधिकारी ने गव्य विकास विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को 75 त्न अनुदान पर 5 गाय एवं 10 गाय देने की योजना है। इसके अलावा के पशुपालकों के लिए डीप बोरिंग की भी योजना है। आगे उन्होंने कहा कि गाय के अच्छे स्वास्थ्य एवं ज्यादा दुग्ध उत्पादन के लिए गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए।उन्होंने हरा चारा की नियमित उपलब्धता के लिए किसानों को हाइब्रिड नेपियर एवं अजोला की खेती करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने बताया कि हाईब्रिड नेपियर एवं अजोला में प्रोटीन एवं विभिन्न तरह के अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो गाय के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

## पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पत्नी की हत्या के आरोपी चरकु भुंइया को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हत्या को लेकर प्रेस वार्ता कर सदर इस्पेक्टर मनोहर करमाली ने बताया कि 17 जून को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पाराडीह से पुरब आरूदाना जंगल में एक महिला का लाश पड़ा हुआ है। सूचना के सत्यापन के क्रम में पता चला कि उक्त महिला का नाम नन्हकी देवी ग्राम पाराडीह की रहने वाली है। मामले की काफी गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। हत्या का आरोपी चरकु भुईया हत्या के बाद से पुलिस की नज़र से छिप-छिप कर रहा था। इसी दौरान बीते दिन सूचना मिली कि हत्या के आरोपी चरकु भुईया बस पकड़ कर बाहर भागने के फिराक में है। छापमारी टीम द्वारा न्यू पेट्रोल पंप, चतरा के पास से चरकु भुईया को गिरफ्तार किया। चरकु भुईया के निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया एक डंडा को बरामद किया गया। जिससे बेरहमी से पीट पीट कर हत्या कर घर से दूर जंगल में शव को फेक दिया था। छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोहर करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पाल सदर थाना, चतरा शामिल हैं।

## प्रबुद्धजनों का सम्मेलन रविवार को

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी की महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को मुख्यालय के एक निजी होटल में प्रबुद्धजनों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस महा जनसंपर्क अभियान के तहत लातेहार एवं मनिका विधानसभा का एक साथ प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रबुद्ध सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा गिरिनाथ सिंह, लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा एवं मनिका के पूर्व विधायक सह लातेहार जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में प्रबुद्ध जनों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के लातेहार एवं मनिका विधानसभा के नेता कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी भाजपा जिला मंत्री सह प्रबुद्ध सम्मेलन के प्रभारी ध्रुव कुमार पाण्डेय ने प्रेस बयान जारी कर दी है।

## मासिक लोक अदालत में 36 वादों का निष्पादन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय के प्रांगण मे शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 6 बेंच बनाए गए थे। जिसमें 36 वादों का निष्पादन करते हुए 3,06,260 रू की वसूली की गई।इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश, कुटूम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नसीर अहमद, अवर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, शशिभूषण शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्वाति विजय उपाध्याय, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ0 मुरारी झा, शकील अख्तर एवं अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण समेत अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीसी के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने आमजनों की समस्याओं से हुए रूबरू



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ज़फर खिजरी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास संबंधित, भूमि संबंधित मामले, राशन कार्ड, पेयजल संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे।गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## पाकरटांड़ के आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी अब गैस चूल्हे पर पोषाहार बनेगा, धुएं से मिलेगी निजात : जोसिमा खाखा

### जिप सदस्य ने 150 आंगनबाड़ी केंद्र को दिया गैस चूल्हा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने प्रखंड की 150 आंगनबाड़ी सेविकाओं को निशुल्क में गैस चूल्हा और सिलेंडर दिया। उन्होंने कहा कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर गैस चूल्हे पर पोषाहार बनेगा। इससे सेविका व सहायिका को धुएं से निजात मिलेगी। उन्होंने सेविकाओं को गैस चूल्हे के उपयोग के समय बरती जाने वाली सावधानी के बारे में भी बताया। जोसिमा ने कहा कि लकड़ी जलाकर पोषाहार बनाने के समय निकलने वाले धुएं से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। इससे निजात के लिए गैस चूल्हा का उपयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि शेष आंगनबाड़ी केंद्रों में भी जल्द गैस चूल्हा व सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सेविकाओं को भी कई निर्देश दिए। साथ ही मेन्यू के अनुसार ही भोजन बनाने की बात कही। जोसिमा ने कहा कि सेविकाएँ अपने बच्चो की तरह आँगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों की देखभाल करें। उन्होंने पोषणयुक्त भोजन खिलाएं। बच्चों को ककहरा की ज्ञान दें। केंद्र में साफ सफाई पर ध्यान दें। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ शक्तिकुंज, पंसस प्रतिमा कुजूर, सीडीपीओ आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों से मिले राज्यसभा सांसद, किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानी स्व. दुर्गादत्त पाठक के परिजनों से मिले तथा उनके पुत्र सेवानिवृत्त शिक्षक रामविनीत पाठक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक किशुन कुमार दास, जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमार शुभम मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का सेनानी होना एक बड़ी बात है। स्वतंत्रता सेनानियों के बदौलत ही आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि भारत आज सुरक्षित हाथों में है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। मौके पर विधायक ने भी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सराहा और उन्हें नमन किया। मौके पर भाजपा नेता दयानिधि सिंह, महेंद्र सिंह, बिहारी पासवान, उज्जवल कुमार दास, मारुति नंदन, अंकित कुमार, अक्षयवट पांडेय, रविंद्र सिंह, भोला सिंह, अर्जुन पांडेय, मीनू मिता, मंजू देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर एक पंचायत में होगी औषधि विक्रय संस्थान की स्थापना

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संकल्प लिया गया है कि झारखंड राज्य के हर एक पंचायत में ग्राम वासियों को औषधियां सुलभता पूर्वक उपलब्ध कराने को लेकर प्रत्येक पंचायत के सुदूरवर्ती गांवों में कम से कम एक औषधि विक्रय संस्थान स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में बताया गया कि किसी भी बीमारी के इलाज हेतु औषधियों की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण घटक है। राज्य के सभी नागरिकों को आवश्यक औषधियों को उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। झारखंड राज्य एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहां अधिकांश जनसंख्या गांवों में बसते हैं जिनको ससमय चिकित्सा उपलब्ध कराने की जरूरत है। औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर औषधि एवं अंगराग नियमावली 1945 के नियम 61 (1) एवं 61 (2) के तहत जनहित में ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में औषधि अनुज्ञप्ति प्रपत्र 20 एवं प्रपत्र 21 निर्गत किया जाएगा, जिसमें राज्य के प्रत्येक पंचायत के सुदूर गांवों में वैसी औषधियों की बिक्री हेतु जिसके लिए फर्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है।

## बकरीद का पर्व शांति सौहार्दता के साथ मनाने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ छुटेश्वर कुमार दास ने की। जबकि संचालन थाना प्रभारी विवेक कुमार ने किया। बैठक में बीडीओ नीतू सिंह, इंस्पेक्टर केपी चौधरी, उपप्रमुख दामोदर गोप, जिप सदस्य देवनंदन साहू उपस्थित थे। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में हर साल की भांति इस वर्ष भी बकरीद का त्यौहार शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि पर्व के दौरान किसी तरह का आपत्तिजनक टिप्पणी, भ्रामक, अफवाह पोस्ट करने या फैलाने वाले लोगों के ऊपर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और उसपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड वासियों से बकरीद का पर्व भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की गयी। मौके पर मुखिया नरेश साव, सकुंतला देवी, विनोद महतो, लखन प्रसाद साहू, मो. फारूक, दयानिधि सिंह, मो अख्तर, सलीम अख्तर, अलोक रंजन, ऐनुल हक, मो ग्यास, रविंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता : लक्ष्मीकांत वाजपेई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेई का दो दिवसीय चतरा दौरा आज संपन्न हो गया।उनके आगमन पर गिद्धौर प्रखंड में प्रदेश प्रभारी श्री वाजपेई का सांसद सुनील कुमार सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बाजपेई जी गिद्धौर प्रखंड के बल बल में मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा किए उसके उपरांत और में पुजारियों और समाजसेवियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए फिर डोर टू डोर जनसंपर्क किये उसके बाद चतरा नगर मंडल में संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के निमित्त व्यवसाई, डॉक्टर, राइफल शूटिंग खिलाड़ी, और प्रोफेसर को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। चतरा शहर में सामान्य कार्यकर्ता कर भोजन किये। आज सुबह इटखोरी पहुंचकर मां भद्रकाली का दर्शन चाहिए उसके उपरांत इटखोरी मे व्यवसायियों के साथ एक बैठक कीये बैठक के उपरांत संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के निमित्त इटखोरी में सभी प्रमुख लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और फिर मयूरहंड में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए साक्षी मोदी जी के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों का बताने का काम किए। साथ ही आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए समर्थन मांगा और फिर से केंद्र में एक बार भाजपा की सरकार बने और मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़े।बाजपेई जी ने कहा मोदी जी के यह 9 साल स्वर्णिम काल है। इन 9 सालों में मोदी जी ने एक नए भारत का निर्माण किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह,जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिले के पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण सहित भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## बकरीद पर्व को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना परिसर में बकरीद पर बनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चतरा एसडीओ मुमताज अंसारी ने किया। शांति समिति की बैठक में दोनों समुदाय के लगभग 5 दर्जन लोग उपस्थित हुए।बैठक में पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मानने का निर्णय लिया गया।बैठक में बिजली और पानी का मुद्दा छाया रहा।मौके पर प्रखड विकास पदाधिकारी गणेश रजक, अंचल अधिकारी भागीरथ महतो, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली उपस्थित थे।

## सिमडेगा जिला भाजपा ने मनाया बलिदान दिवस



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वधर्म के लिए लड़ते हुए अपना बलिदान देने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती जी का जीवन सदैव आनेवाली। वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। रानी दुर्गावती के बलिदान चन्देलों की बेटी थी, गौंडवाने की रानी थी, चण्डी थी, रणचण्डी थी, वह दुर्गावती भवानी थी। अपनी अंतिम सांस तक मुगलों को नाकों चने चबवाने वाली, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, स्वराज और स्वधर्म के लिए लड़ते हुए अपना बलिदान देने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती जी का जीवन सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। मौके पर नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे जिला मंत्री शकुंतला देवी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय सिंह श्रद्धानंद बेसरा रुकमणि देवी नीरज बड़ाईक उत्तम केरकेट्टा नीरज बड़ाईक राकेश सिंह देवकीनंदन साय जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## सरकारी यात्री शेड को किया गया अतिक्रमण, मुख्य द्वार बंद कर दूकान बैठाने की तैयारी

- अब राहगीरों को वर्षा मौसम में पानी से बचने की होगी परेशानी
- उक्त यात्री शेड के पास रूकती है बसें, सवारी करते हैं बैठ इंतजार
- यात्रियों को आशियाना पर कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सिमरिया चौक के हजारीबाग रोड़ हनुमान मंदिर के करीब पर बने पूर्व से यात्री शेड और विश्रामा घर पर अब लोगों का कब्जा हो चुका है। उक्त यात्री शेड और विश्रामागार को मुख्य दरवाजा बंद कर अपना व्यवसाय चलाने के लिए गुमटी बिठाया जा रहा है। इधर अब यात्री शेड पर कब्जा हो जाने से राहगीरों व यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। चौक पर यात्रिशेड और विश्रामागार बनाने का उद्देश्य था कि बाहर से आने जाने वाले जिन्हें बस समय पर नहीं मिली या उन्हें बस का समय समाप्त हो जाने पर रात्रि को विश्राम कर रात्रि गुजारने के लिए बनाया गया था। किंतु इनदिनों सिमरिया चौक पर पूर्व के बने यात्री शेड एवं विश्रामा गार को भी कब्जा कर यात्रियों का हक व ठहरने का हक मार लिया जा रहा है। बता दें कि अभी वर्षा मौसम होने के कारण यात्रिओ को काफी परेशानी होगी चुकी एक तो यात्रियों के लिए कहीं भी यात्रिशेड नहीं है। और बने यात्री शेड पर कब्जा कर मुख्य द्वार को बंद कर गुमटी बैठा लिया जा रहा है । इधर सीओ छुटेश्वर दास बीडीओ नीतू सिंह से बात करने पर इन्होंने बताया कि अतिक्रमण नहीं होने देंगे। कार्य को रोकते हुए अतिक्रमण कर रहे लोवों पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

## 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर चलाया गया घर घर जनसंपर्क अभियान : तुलसी कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षो का कार्यकाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण साल मानते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिमडेगा नगर क्षेत्र मे डोर टू डोर जाकर लोगों को पंपलेट बांटते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्षो के कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के बारे में बताया गया। जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने बताया कि गरीब कल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में घर-घर जनसंपर्क कर विस्तार पूर्वक आम जनता को जानकारी दी गई जैसे पीएम आवास, उत्तर पूर्वी राज्यों का ऐतिहासिक विकास, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास, सांस्कृतिक विरासत का नया युग, अंतोदय का मूल मंत्र , समृद्ध किसान, महिला सशक्तिकरण, निरोगी जीवन सबका अधिकार, भारत की अमृत पीढ़ी, मध्यम वर्ग जीवन, आसान सशक्त भारत इत्यादि किए गए कार्यो को लेकर जनसंपर्क कर आम जनता को बताया गया। इस जनसंपर्क अभियान में जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर भाजपा नेता संजय शर्मा, सुमित सिंह ,जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क अभियान को चलाया।

## शिक्षा से भटके बच्चों को स्कूल तक लाने में शिक्षकों की भूमिका अहम : जोसिमा खाखा

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकरटांड़ प्रखण्ड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा व विशिष्ट अतिथि प्रमुख रजत लकड़ा ने दीप जला कर किया। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि सरकार सभी बच्चों को शिक्षित करना चाहती है। शिक्षा से भटके बच्चों को स्कूल तक लाने में शिक्षकों की अहम भूमिका रहेगी। ताकि बच्चे शिक्षित होकर समाज के विकास में अग्रसर हो सके। जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं, अथवा विद्यालय में नामांकन नहीं कराए हैं। वैसे बच्चों को वापस स्कूल लाने और उन्हें शिक्षित करना इस रुआर कार्यक्रम का उद्देश्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट प्रकरण मामले में धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर रखा अपना पक्ष

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद पर विगत कुछ दिनों पूर्व जानलेवा हमला हुआ। जिसके बाद दोनो पक्षों द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस सम्बंध में शनिवार को धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया है कि यह मामला जमीन विवाद का है, जिसे लेकर अर्जुन पंडित पिता स्व. बढ़न पंडित दुधपनिया निवासी उन्हें बेवजह परेशान कर रहे है और उनके जमीन को हथियाने के उद्देश्य से उनके ऊपर जानलेवा हमला करवाया और उल्टा अपनी बहु से उनके ऊपर मारपीट, छेड़छाड़ एवं छिनतई के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करवा दिया गया है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लड़ाई का मुख्य कारण खाता नंबर 74 प्लॉट नंबर 2519 रकबा 4 डिसमिल मौजा धनवार जमीन से जुड़ा है, जो पूर्व में अर्जुन पंडित का था, किंतु वर्ष 1993 में उक्त जमीन को अर्जुन पंडित ने रघुनाथ प्रसाद गुप्ता पिता स्व. छेदी साव स्वर्णकार पता हरिहर गंज पलामू को रजिस्ट्री कर बेच दिया। वर्ष 2015 में रघुनाथ प्रसाद गुप्ता का निधन हो गया जिसके बाद इसी जमीन को वर्ष 2021 में रघुनाथ प्रसाद गुप्ता का इकलौता पुत्र राजकुमार गुप्ता द्वारा मुझे रजिस्ट्री (केवाला) कर दिया तब से उक्त जमीन मुझे रजिस्ट्री (केवाला) के माध्यम से हासिल है, जिसका तब से अब तक वर्ष 2023-24 तक नियमित रूप से उक्त जमीन का लगान रसीद कटवाते आ रहे है, एवं उक्त जमीन मेरे दखल कब्जा में है उक्त जमीन पर मैंने चारदीवारी भी करवाया हूं, बावजूद इसके अर्जुन पंडित द्वारा लगातार इस जमीन को अपना बता कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर अर्जुन पंडित उप समाहर्ता में वाद दायर किया। जिसमें वाद संख्या 13/2019-20 में वाद को तर्कहीन कह कर रद्द कर दिया गया, जिसके बाद अपर समाहर्ता एम ए एन 01/2021 में मामला दायर किया। जिसे अपीलार्थी द्वारा स्वयं जमीन बेचा गया और स्वयं जमीन को अपना बता कर मामला दर्ज करना समझ से परे बताते हुए मामले को खारिज कर दिया गया। जिसके बाद जमीन हथियाने के उद्देश्य से उनके ऊपर जानलेवा हमला किया गया और अपनी बहु के द्वारा झूठा मुकदमा करवाकर उन्हें फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। मुझे देश के न्यायिक व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास है कि मुझे न्याय जरूर मिलेगा। मुखिया ने बताया कि वह सामाजिक व्यक्ति है, समाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहता हूं ऐसे में मुझे कोई झूठा आरोप में फसाने का कार्य करेगा उसे मैं किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करूंगा, क्योंकि मैं पंचायत का प्रतिनिधित्व करता हूं, अगर मैं ऐसे झूठे आरोपों से विचलित हो गया तो जनता को क्या न्याय दिलाऊंगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत उजैना गांव में रेलवे ट्रैक पर शनिवार दोपहर को ग्रामीणों ने करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना बरही थाना को दी। सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुवे पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इस संबंध में उन्होंने बताया की शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक आसमानी कलर का शर्ट, ब्लू रंग ट्रॉजर पहने हुवे है। शरीर का रंग गोरा और दाढ़ी पका हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि शव को 72 घंटे तक शीतगृह में रखा जाएगा। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मृतक व्यक्ति विछिप्त था।हालांकि इसकी मौत ट्रेन के चपेट में आने से हुई या रेलवे ट्रेक पर गिरने से हुई यह स्पष्ट नहीं हो पाया।

### एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत सरना आवासीय उच्च विद्यालय, कोठार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया वही कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है। डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को  डायन के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कारवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम् तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुर्माने की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा। प्रताड़ित करने का हर्जाना-यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रूपये तक जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। डायन की पहचान में दुष्प्रेरण - ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान करने के लिए साशय या अनवधानता से अन्य व्यक्ति को या समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो, जिससे उस औरत को हानि पहुँचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रूपये के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा । डायन का उपचार- किसी भी डायन के रूप में पहचान की गई औरत को जो भी शारीरिक या मानसिक हानि या यातना पहुँचाकर अथवा प्रताड़ित कर झाड़फुंक या फिर टोटका द्वारा उराके उपचार के लिए कोई कार्य करता है, तो उसे एक साल की कारावास का सजा अथवा दो हजार रूपये तक के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा।

## 10 घंटे के अंदर हुआ पंकज हत्याकांड का खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि कल रात एक व्यक्ति को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत दस नंबर खुली खदान सयाल के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस द्वारा इस घटना का सत्यापन किया गया और ज्ञात हुआ कि पंकज कुमार दास नामक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या हुए है जो झारखंड पुलिस का हजारीबाग जिला बल में आरक्षी है जो उरीमारी ओपी में पदस्थापित है घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में मृतक की पत्नी नैना कुमारी को पूछताछ थाना लाया गया। तो उसके द्वारा बताया गया कि उसने अपने प्रेमी मोनू पासवान उर्फ मनोहर कुमार के साथ प्रेम प्रसंग के चलते अपने प्रेमी को बुलाकर अपने पति की हत्या करवा दी। आगे छापामारी के क्रम में मोनू पासवान उर्फ मनोहर कुमार एवं इसके साथी ओमप्रकाश सिन्हा को गिरफ्तार किया गया । साथ में हत्या में प्रयुक्त हथियार को भी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अपराधियों में नैना कुमारी पति पंकज कुमार दास साकुल थाना पतरातु , मोनू पासवान उर्फ मनोहर कुमार पिता ब्रिजनंदन पासवान पुराना दूतल्ला सयाल थाना पतरातु ,ओम प्रकाश सिन्हा पिता स्वर्गीय रामचंद्र पासवान पोस्ट ऑफिस सयाल थाना पतरातु को गिरफ्तार किया गया।पुलिस द्वारा जप्त सामानों में दो देसी पिस्तौल एवं एक देसी रिवाल्वर , पांच खोखा, पांच जिंदा कारतूस , घटना में प्रयुक्त काला रंग का पल्सर मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल जप्त किया गया। इस छापामारी दल में वीरेंद्र कुमार चौधरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु , सुशील कुमार अंचल पुलिस निरीक्षक पतरातू ,पु. अ. नि. अमित कुमार भुरकुंडा ओपी प्रभारी, पु.अ.नि. अमर शुक्ला , पु.अ.नि राजदीप कुमार , पु.अ.नि मयंक प्रसाद, पु.अ.नि अक्षय कुमार एवं भुरकुंडा के सशस्त्र बल शामिल थे।

## मांडू विधायक प्रतिनिधि नमिता बनी, लोगों में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा डाड़ी प्रखंड की विधायक प्रतिनिधि बाल विकास परियोजना नमिता कुमारी की नियुक्त  की घोषणा की गई हैं। खबर के मिलते ही लोगों में हर्ष व्याप्त हैं। इसे लेकर बधाई देने वालों में राजू रंजन तिवारी, सेवालाल महतो, प्रीतलाल महतो, वकील महतो, कुलदीप प्रजापति, जीतू, रंजीत सिंह, राजेंद्र कुमार, सोनामुनी देवी, सपना कुमारी, रेखा देवी, अनीता देवी, रीता देवी, आशा देवी, गीता देवी, मीरा देवी, लाखिया देवी, सुनीता देवी समेत दर्जनों महिलाएं, शुभचिंतक, बंधु- बांधव शामिल हैं।

## थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में ईद-उल जोहा(बकरीद)की विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने की तथा बैठक का संचालन थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने किया । बैठक का संचालन करते हुए थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने विष्णुगढ प्रखण्ड के मुखिया, पंसस, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध जनो को जिला प्रशासन के निर्देश की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि जहाँ कही कोई गड़बड़ लगे आपसभी से अपील है,प्रशासन का सहयोग लें,और सूचित करें विष्णुगढ़ प्रशासन आपके लिए सदैव तत्पर है। आपसभी ग्रामीणों एवं प्रबुद्धजनो का सहयोग आशानुरूप रहा है,आगे भी इसी तरह शांति की अपेक्षा आपसबो से है । अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने कहा त्योहार मनाए और छोटी-छोटी बातों एवं दूसरे समुदाय की भावना का भी ख्याल रखे। बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने कहा विधि-व्यवस्था की जिम्मेवारी सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेवारी नही,अपितु एक जिम्मेवार नागरिक होने के नाते सभी का कर्तव्य है । इस मौके पर मुख्य रूप प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव,मध्य जिप सदस्य शेख तैयब,बीस सूत्री सदस्य विश्वेश्वर स्वर्णकार,मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष उत्तम महतो,बेलाल अंसारी,राजेश कुमार, राय,इबरार अंसारी,निजाम अंसारी,अब्बास अंसारी,समेत काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे ।

## सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में महाप्रबंधक के नेतृत्व में अधिकारियों ने स्वच्छता पखवाड़ा का लिया शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के जीएम ऑफिस मुख्यालय में शनिवार को महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे के नेतृत्व में दर्जनों अधिकारियों ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर शपथ लिया। स्वच्छता पखवाड़ा अरगड्डा क्षेत्र में 16 जून से 30 जून 2023 तक चलेगा। अवसर पर जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने कहां कि स्वच्छता के लिए हम सभी को मिलकर जिम्मेवारी उठानी होगी. इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने बरसों पहले ही स्वच्छता से होने वाले लाभो और सकारात्मक असर से लोगो को निरोगी व स्वस्थ रहने के बारे में बताया था। सभी अधिकारियों ने अहिंसा के पूजारी महात्मा गांधी के द्वारा बताए गए आदर्शों और स्वच्छता का पालन करने, अपने कंपनी क्षेत्र के गली- मोहल्ले आस-पास सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके अरगड्डा क्षेत्र एसओपी मोहम्मद फिजाउल हक, जीएम माइनिंग सुजीत कुमार सिन्हा, एसओ माइनिंग डीके सिंह, एसओ ईएंडएम एसके झा, एसओ सिविल गौरव तिवारी, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, कार्मिक पदाधिकारी स्मिता पन्ना, विवेक कुमार, सुप्रिया लक्ष्मी, कर्मचारी दुर्गेश सिंह, सुरक्षा प्रहरी जितेंद्र समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## चोरी हुए चावल बोरी को गिददी पुलिस ने किया बरामद, जांच जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** थाना क्षेत्र के तूफान चौक गिददी जर्जर मिट्टी के घर और भुईयां टोली के एक मकान से चोरी हुए चावल की बोरी शनिवार को गिद्दी पुलिस ने बरामद किया हैं। इस संदर्भ में दुकान के नारायण ने बताया कि बीते दिन अस्पताल चौक गिददी के दुकान से करीब 40 बोरी चावल(बाबा), दो बोरी दाल की चोरी हो गई थी। खोजबीन व गुप्त सूचना के बाद इसका उदभेदन हुआ। बताया जाता है कि तूफान चौक जर्जर घर के कमरे से 14 बोरी और भुइयां टोली से 11 बोरी चावल गिददी पुलिस के हाथ लगे हैं। जिसकी जांच पड़ताल कर गिददी पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वही पुलिसिया कार्रवाई के बाद से ही संदिग्ध शातिर क्षेत्र से रफू चक्कर हो चुंके हैं।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत हुआ शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी योग्य बच्चियों/युवतियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से लाभान्वित करने के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़  माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गोला के परिसर में शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, गोला  ग्लोरिया एक्का एवं महिला सुपरवाइजर देवजनी घोष व संगीता देवी के द्वारा बड़ी संख्या में बच्चियों का फॉर्म भरवाया गया वही उनके द्वारा बच्चियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभ के प्रति भी जागरूक किया गया। झारखंड में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना का नाम बदल कर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कर दिया गया है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर व बाल विवाह प्रथा का अंत, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता में सहायता करना है।

योजना के तहत छात्राओं को आर्थिक सहायता मुहैया करायी जायेगी। इसमें कक्षा 8वीं एवं नौवीं में नामांकित बालिका को 2500 रुपये, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में दाखिला लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान के रूप में 20,000 रुपये दिये जायेंगे। यह सहायता मां की पहली दो बेटियों के लिए देय होगा। लाभार्थी की मां की ओर से स्व घोषणा पत्र समर्पित किया जायेगा जिसे आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। इस योजना के तहत सरकारी, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित,एनसीएलपी के अंतर्गत संचालित तथा झारखंड सरकार द्वारा अनुदानित विद्यालयों में कक्षा 8वीं से 12वीं में अध्ययनरत सभी छात्राओं को योजना के दायरे में लाया गया है। योजना का लाभ केवल उन्हें मिलेगा, जिनके माता-पिता किसी सरकारी सेवा अथवा सार्वजनिक उपक्रम में सेवारत नहीं हैं। माता-पिता आयकर दाता नहीं हों। आवेदन में छात्रा का जन्म प्रमाण पत्र लगाना होगा।छात्रा की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर उनका नाम संबंधित कैलेंडर वर्ष में झारखंड राज्य की मतदाता सूची में पंजीकृत कराना अनिवार्य है। लाभार्थी का आवेदन के समय मतदाता पहचान पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 19 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पूर्व ही इस योजना के तहत आवेदन करना अनिवार्य है।

## मांडू चट्टी पंचायत के आदर्श ग्राम गरगली में मुखिया अनीता देवी के अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडू चट्टी पंचायत के आदर्श ग्राम गरगली में शनिवार को मुखिया अनीता देवी के अध्यक्षता में बैठक किया गया । इस बैठक का  संचालन पंचायत सचिव राजकुमार के द्वारा किया गया । इस बैठक में ग्राम गरगली में योजनाओं को चयनित किया गया। 1.पीसीसी योजना , 2.बिजली विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार जगह में पोल का लगाया जाए एवं आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर भी नया लगाया जाये , 3. पीएचडी विभाग के द्वारा आवश्यकता अनुसार बनी जलमीनार का निर्माण कराया जाएगा एवं डीप बोरिंग भी किया जाएगा , 4. मांडू चिकित्सा प्रभारी द्वारा डॉक्टर नितेश कुमार  द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र जो बंद है उसको चालू करने का प्रयास करेंगे। मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम गरगली के आदर्श ग्राम सभा में उपस्थित होकर जनता का समस्या सुना गया और ग्राम सभा से पारित कराया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर विनोद कुमार कश्यप पीएचडी विभाग के जूनियर इंजीनियर बिलंदु कुमार मांडू प्रखंड के तकनीकी सहायक दीपक कुमार  रोजगार सेवक अनिल कुमार महतो पंचायत सचिव राजकुमार  पंचायत समिति सदस्य मन कुमारी देवी वार्ड सदस्य आशा कुमार  वार्ड सदस्य चुरामन गंझु समाजसेवी भोला भोक्ता  गौरी शंकर कुमार सुरेश महतो सुनील पटेल आलम अंसारी मोहम्मद मिस्टर योगेश्वर महतो दीपक महतो रामविलास महतो खिरोधर महतो रामकृष्ण महतो अरविंद गंजू मुंशी महतो प्रकाश महतो मांडू चट्टी मुखियाअनीता देवी ने कहा कि आदर्श ग्राम हमारा गरगाली और चार विभागों के साथ आज बैठक किया गया । इस बैठक में निर्णय लिया गया कि हर हाल में गांव को विकास की ओर ले जाना है।

### चेंबर की 30 वीं वार्षिक आमसभा की तैयारी पूरी

**रामगढ़ :** चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि चेंबर की 30 वी वार्षिक आमसभा की तैयारी पूरी हो चुकी है सभी सदस्यों को एवं व्यापारियों को चेंबर के दोनों सत्र व्यवसायिक व उद्घाटन सत्र की विस्तृत जानकारी प्रेषित की जा चुकी है व्यवसाय सत्र 2021-23 के अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी द्वारा अपने कार्यकाल के जानकारी सदन को दी जाएगी एवं ऑटिड रिपोर्ट को कराया जाएगा साथ ही संविधान के आए संशोधनों पर चर्चा होगी उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद  विधायक बड़कागांव एवं अति विशिष्ट अतिथि के रुप में किशोर मंत्री अध्यक्ष फेडरेशन एवं रमेश कुमार अजमेरिया प्लांट हेड जिंदल पावर प्लांट पतरातू होंगे उद्घाटन सत्र में चेंबर द्वारा माननीय विधायक एवं अति विशिष्ट अतिथियों के समक्ष व्यापारियों की समस्याओं के विषय में ज्ञापन दिया जाएगा और विशेषकर भुरकुंडा पतरातू क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को उनके समक्ष रखते हुए जो समाधान का प्रयास किया जाएगा चेंबर अध्यक्ष ने यह भी बताया कि उद्घाटन सत्र में चेंबर के सभी पूर्व अध्यक्षों को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया जाएगाइस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानु कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी पूर्व अध्यक्ष  आनंद अग्रवाल सदस्य गोपाल साहू उपस्थित थे।

## बरही में कल्पतरू मित्र ने तीन जगहों पर लगाया औषधीय कल्पतरू का दुर्लभ पौधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के तीन जगहों पर रांची के कल्पतरू मित्र ने दुर्लभ रूप से मिलने वाली और औषधीय विलुप्त होती जा रही कल्पपत्री पौधा का रोपण किया। इसके साथ ही कौरौंज, कटहल आदि पौधे भी लगाए गए। जिसमें मुख्य रूप से रांची से आए कल्पतरू मित्र निखिल मेडुल, अजय गोकुल के साथ स्थानीय पौधा मित्र सुरेंद्र यादव थे। कल्पतरू पौधा राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में एक, दुर्गा मंडप रसोइया धमना में एक एवं दुर्गा मंडप बेंदगी में दो लगाया गया। इस संदर्भ में कल्पतरू मित्र ने बताया कि कल्पतरू पौधा भारत में मात्र 9 राज्यो  में पाये जाते हैं, जो विलुप्त स्थिति में है। यह पौधा झारखंड में तीन स्थानों में लगाया जा रहा है, जिनमें हजारीबाग जिले के रसोइया धमना व बेंदगी गांव शामिल है। वहीं उन्होंने बताया कि वेदों पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन उपरांत 14 रत्नों में एक कल्पतरू पौधा भी है। जिसे मनोकामना वृक्ष भी कहते हैं। वहीं उनके विशेषता के बारे में बताते हुए कहा कि वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण से विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शरीर में आवश्यक 8 अमोनिया एसिड में 6 कल्पतरू पौधा में पाया जाता है। इन पौधे के पत्ते में एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है। जिनके सेवन से कई रोग दूर होते हैं। संतरे फल में पाए जाने वाले विटामिन सी से 6 गुना विटामिन सी कल्पतरु पौधा में पाया जाता है। इनमें मलेरिया एवं दमा एलर्जी जैसे अनेकों बीमारियां को दूर करने की क्षमता होती है। इन पौधे की बीज के तेल से दिल की बीमारी ठीक होती है।

## अदाणी फाउंडेशन के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को मिला सम्मान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 61वें जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को मटवारी स्थित शिवांस क्लीनिक में कंपनी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया और 36 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का भी अभियान चलाया गया। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना था। इस मौके पर रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल से जुड़े चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति को हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए।

रक्त के अभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे मरीज को समय रहते रक्त मिल जाने से उसकी जान बच जाती है। इससे बड़ा जीवन में पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता। इसके साथ ही रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है। रक्तदान के बाद सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार, टेक्नीशियन आर खैरी और वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ कैंट मंडल में महा संपर्क अभियान की शुरुआत की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शासन,सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरे होने पर हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ कैंट मंडल मे शनिवार को संध्या 3ः00 बजे महा संपर्क अभियान की शुरुआत करने पहुंचे, जहां उन्हें जानकारी मिली की मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो के माता जी काफी बीमार रहती है और उनका इलाज हैदराबाद के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है । मंडल अध्यक्ष के घर जाकर उनके माता जी का हालचाल जाना और चिकित्सक द्वारा दिए गए निर्देश का सख्ती से पालन करने को कहा । उन्होंने परिवार वालों से हर संभव सहयोग की बात कही उन्होंने मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो को माताजी पर विशेष ध्यान देने को कहा और कहा कि वह आप लोगों की सेवा से जल्द स्वस्थ हो जाएंगे । उन्होंने माता जी से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना की। तदोपरांत नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में सुभाष चौक तथा बुथ संख्या 11 और 12 में सांसद जयंत सिन्हा लोगों से मिलकर उनसे संवाद स्थापित किया और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल के उपलब्धि पर मोबाइल नंबर 9090902024पर मिसकॉल करवाकर समर्थन मांगा । विदित हो कि मोदी जी के सफल 9 वर्ष पूरा होने पर केंद्रीय नेतृत्व ने 30 मई से 30 जून तक महासंपर्क अभियान के तहत कई कार्यकर्म तय किया है ।उसी निमित आज लोगो से मिलकर नरेन्द्र मोदी के सफल 9 वर्ष के उपलब्धि पत्रक बांटकर जनसमर्थन मांगा।मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भूमिक,जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,जिला महामंत्री रंजन फौजी ,राजीव रंजन , ऋषिकेश सिंह, सुमन सिंह, सहदेव ठाकुर, देवेन्द्र सिंह,सुरजीत सिंह छाबड़ा, रविंद्र प्रसाद शर्मा,महेन्द्र प्रजापति, सुबोध सिंह, महेश चौधरी, खुशी लाल महतो, सुरवंश श्रीवत्सवा, मनोज जयसवाल,मनोज सिन्हा, कीर्ति गौरव, सुशांत पाण्डे, अनूप ठाकुर, अमित ठाकुर , सुरेन्द्र कुमार शर्मा, सत्यजित सिंह, सत्यजित वर्मा, आशीष कुमार सिंह सहित परिवार के पड़ोसी के सद्स्य उपस्थित थे ।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

CORRIGENDUM

Tenders Postponed vide PR No.-298374 Building (23-24).D has been reinvited.
Date of Receipt of the tenders will be 03.07.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 04.07.2023 Time 3:30 PM
Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.
PR 300837 (Building)23-24*D

# पूर्व विधायक ममता देवी ने 2550 सरकारी पदों में नियुक्ति पत्र दिए जाने पर झारखंड के महागठबंधन सरकार के प्रति जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ममता देवी ने रांची प्रोजेक्ट बिल्डिंग में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम साहब से मुलाकात कर झारखंड के 2550 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाने पर बहुत-बहुत बधाई दी साथ ही मुख्यमंत्री का भी आभार जताई साथ ही उनको भी बहुत-बहुत बधाई दी। पूर्व विधायक ममता देवी जी कहा की मेरे द्वारा पूर्व में भी पंचायत सचिव एवं अन्य मामलों को लेकर विधानसभा एवं सरकार के समक्ष प्रयास किया गया था आज सभी युवाओं को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव, श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता जी के द्वारा कुल 2550 सरकारी पदों के लिए नियुक्ति पत्र बांटा गया जो काफी खुशी का विषय है। पूर्व विधायक ने कहा की यह महागठबंधन की सरकार काफी संतोषजनक कार्य कर रही है साथ ही झारखंड के युवाओं के प्रति काफी संवेदनशील है और आगे भी इस तरह के कई सरकारी पदों पर नियुक्तियां सरकार के द्वारा यहां के युवाओं को अवसर दिया जाएगा।

न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।
राजसात वाद संख्या–62/2023
नोटिस बनाम्

विकास कुमार सिंह, पिता–लालदेव कुमार सिंह,
सा0–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग। :– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में हाईवा रजि0 नं0–JH02AV-2216 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है, जिसकी सुनवाई की तिथि 23.06.2023 को की गयी है। इस न्यायालय से नोटिस निर्गत होने के बावजूद भी आप अनुपस्थित है।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.07.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार।
PR 300783 District(23-24)D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा
(जिला योजना)

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short term Tender Notice)

लोहरदगा जिला के सभी +2 Science विद्यालयों में NEET/ JEE की तैयारी के साथ–साथ विज्ञान विषयों में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हेतु Turnkey Basis पर होमी जे0 भाभा कोचिंग सेन्टर, लोहरदगा में Studio Class Room Setup अधिष्ठापन तथा सभी +2 Science विद्यालयों को इससे ऑनलाईन जोड़ने हेतु आवश्यक उपकरणों के आपूर्ति एवं अधिष्ठापन तथा उपकरणों के संचालन का सामान्य प्रशिक्षण (एक वर्ष रख–रखाव सहित) हेतु निबंधित एवं इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/ संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **03.07.2023** के **11:30** बजे पूर्वा0 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। विद्यालयों की निर्धारित संख्या में कमी या बढ़ोत्तरी का अधिकार जिला प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

''ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 03.07.2023 के 12:30 बजे (अपराह्न)** जिलास्तरीय क्रय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय समिति/मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/8603984499 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा
PR 300829 Lohardaga(23-24).D

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, सिमडेगा।
प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा

| क्रम सं0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र–छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 30.06.2023 |
| 2 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र–छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 07.07.2023 |

अन्य दिशा–निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website- ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।
PR 300810 Welfare(23-24)D

# पल्स पोलियो अभियान के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत 5 साल तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के निर्देश पर शनिवार को विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर सभी को 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बच्चों से अपने अभिभावकों एवं आसपास के अन्य लोगों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जानकारी देने की अपील की गई। गौरतलब हो कि पल्स पोलियो अभियान 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 2 जुलाई को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 3 एवं 4 जुलाई को सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा।

ज्ञापांक–17/HRC–37/2013–2832 राँची, दिनांक–23.06.2023
झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।
प्रेस विज्ञापन

झारखण्ड राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष के 01 (एक) रिक्त पद एवं सदस्य के कुल–02 (दो) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश /न्यायाधीश तथा माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त/कार्यरत न्यायाधीश अथवा कार्यरत/सेवानिवृत जिला न्यायाधीश, जिनके पास 07 (सात) वर्षों का जिला न्यायाधीश के रूप में कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो, एवं मानवाधिकार के संबंध में ज्ञान अथवा व्यवहारिक अनुभव प्राप्त योग्य/अहर्ताधारी व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों हेतु आवेदन अलग–अलग प्रपत्र में दिया जाना है। आवेदन पत्र में तथा लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अनिवार्य है।

आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं पूर्ण विवरणी विभाग की वेबसाइट www.jharkhand.gov.in/home के Press Release section पर उपलब्ध है।

इच्छुक आवेदनकर्ता उपरोक्तानुसार विहित प्रपत्र में सभी प्रविष्टियों की सूचना अंकित करते हुए अपना आवेदन गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची–834004 को स्पीड पोस्ट अथवा निबंधित डाक के माध्यम से दिनांक–21.07.2023 संध्या–06.00 बजे तक भेज सकते हैं।

ह0/–
(सरिता दास)
सरकार के संयुक्त सचिव।
PR 300775 Home(23-24)D

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** थाना परिसर में बकरीद को ले शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता गिद्दी थाना प्रभारी सुधीर प्रसाद साहु ने किया ।और शांति पुर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण बकरीद त्योहार मनाने की बात कही गई ।इस मौके पर गिद्दी थाना के गौतम कुमार सत्येन्द्र भट्ट भजु एकका मुखिया उषा देवी रिंकी देवी राजेन्द्र कुशवाहा महेन्द्र दास इम्तीयाज अंसारी अंटु सिंह जमील अंसारी अख्तर अंसारी गुलाब चंद्र प्रसाद भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय चंदन सिंह राजेश सिंह महादेव महली चंद्रशेखर सिंह नरेश प्रसाद मुकेश यादव मुनि देवी बलविन्दर कौर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा कुष्ठ रोग खोजी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनांक 15/06/2023 से 28/06/2023 तक कुष्ठ रोग खोजी अभियान चलाया जाना है। जिसके लिए रामगढ़ जिले के 1215 टोला को चिन्हित कर 201 सुपरवाइजर एवं 1157 सहियाओं के साथ 1157 टीम बनाये गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा और उनकी टीम द्वारा चितरपुर, कोठार एवं मुरामकला में कुष्ठ रोगी खोजो अभियान चलाया गया। साथ ही मौके पर डॉ वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज मे कुष्ठ रोग को लेकर फैले भ्रांतियों को दूर करना एवं प्रत्येक प्रखंड के माइक्रोप्लान के अनुसार साहिया के माध्यम से घर-घर खोज अभियान किया जाना है। वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नही है बल्कि समुचित उपचार से ठीक होने वाला बीमारी है। साथ ही उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने शरीर या किसी अन्य के शरीर पर लाल रंग का दाग दिखे तो उसकी जांच आवश्य कराये। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में इसका मुफ्त जांच, मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाओं के साथ प्रोत्साहन राशि व अन्य सामग्रियां भी दी जाती हैं। ज्ञात हो कि इस अभियान के तहत अब तक कुल 411 संदिग्ध लोगो मे 14 लोगो के कुष्ठ से पीड़ित होने की पहचान की गई गई और वे सभी इलाजरत्त है। मौके पर काय चिकित्सक डॉ सावन कुमार, साहिया, सुपरवाइजर सहित अन्य उपस्थित थे।

# जामु में सप्ताहिक बाज़ार का शुभारंभ

**मरकच्चो :** प्रखंड के जामु पंचायत के ग्राम जामु में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के समीप शनिवार को सप्ताहिक बाजार का शुभारम्भ जिला परिषद अध्यक्ष कोडरमा रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह,गांडेय विधान सभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा,पूर्व जीप अध्यक्ष कोडरमा शालिनी गुप्ता ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। यहां हर सप्ताह शनिवार को बाजार लगाया जाएगा।

मुख्य अतिथियों ने सप्ताहिक बाजार खुलने पर गांव वालों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीणों को सप्ताहिक बाजार का लाभ मिलेगा। जरूरत के सामान लोग अपने गांव में ही खरीद,विक्री कर सकेंगे।इस दौरान अतिथियों ने बाजार में पहुंचे किसानों से सब्जी खरीदकर शुभारम्भ किया।

Tender ref. No.:02/2023-24 Dated: 23/06/2023
District Collectorate
District Supply Office Chatra, Jharkhand

RE-TENDER FOT THE INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF CHATRA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Chatra, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: 9219516455/ 9795046722 Suraj Murmu: 7488569109 Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Officer Chatra Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Chatra, Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 26.06.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 11.07.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 12.07.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | ------------ |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://chatra.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://chatra.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

District Supply Officer Chatra
PR.NO.300776 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24):D

जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 13 वर्ष 2023–24
15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 06.07.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 07.07.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 07.07.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | कुल प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत पंचायत+ग्राम डुमारो में करम अखरा अरविन्द यादव के घर से कल्टू कोच्चा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 153700.00 | **153700** | 3500.00 | 500.00 | 02 माह |
| 2 | प्रखण्ड हेरहंज अन्तर्गत पंचायत+ग्राम हेरहंज में स्वास्थ्य केन्द्र के पास चबुतरा निर्माण। | 131950.00 | **263900** | 5500.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड हेरहंज अन्तर्गत पंचायत+ग्राम सेरनदाग में पाहनटोली ईमली पेड के पास चबुतरा निर्माण। | 131950.00 | | | | |
| 3 | प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत पंचायत+ग्राम मटलौंग में बजरंग चौक शम्भु साव के घर से ललीत भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 246900.00 | **491800** | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत पंचायत बिशुनबांध ग्राम मदनडीह में बिहारी सिंह के घर से कर्ल्भट तक नाली निर्माण। | 244900.00 | | | | |
| 4 | प्रखण्ड बरवाडीह अन्तर्गत पंचायत मोरवाईकला ग्राम ततहा में फगुनी सिंह के घर पास चबुतरा निर्माण। | 198691.00 | **410991** | 8500.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड परिसर बरवाडीह में चबुतरा निर्माण। | 212300.00 | | | | |
| 5 | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत पंचायत झाबर ग्राम कोमर में छठ घाट से विजय साव के घर तक ईट सोलिंग पथ निर्माण। | 248800.00 | **497600** | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत पंचायत+ग्राम रजवार में टोंगरी टोला में बनारसी भुईया के घर से नदी तक ईट सोलिंग पथ निर्माण। | 248800.00 | | | | |
| 6 | प्रखण्ड बारियातु अन्तर्गत पंचायत फुलसू ग्राम सतीटांड में सरना स्थल के पास चबुतरा निर्माण। | 132300.00 | **264600** | 5500.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड बारियातु अन्तर्गत पंचायत शिबला ग्राम भाटचतरा में काली मण्डप के पास चबुतरा निर्माण। | 132300.00 | | | | |
| 7 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत पंचायत धनकारा ग्राम मननचोटाग में मेन रोड से अजय तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 241100.00 | **482200** | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत पंचायत नावागढ ग्राम ठाकुरपारा में देवी मण्डप से स्कूल होते हुए गला नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 241100.00 | | | | |
| 8 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत पंचायत+ग्राम डीही में पुरनापानी सरना स्थल के पास चबुतरा निर्माण। | 131950.00 | **395500** | 8000.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत पंचायत नेवाडी ग्राम ओबर में सरना पुजा स्थल के पास चबुतरा निर्माण। | 131950.00 | | | | |
| | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत पंचायत डेमू ग्राम हुण्डरू में सरना पुजा स्थल के पास चबुतरा निर्माण। | 131600.00 | | | | |
| 9 | प्रखण्ड सरयू अन्तर्गत पंचायत+ग्राम घांसीटोला में रविन्द्र उरांव के घर से बलेवाही बांध तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 168900.00 | **168900** | 4000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 10 | प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत पंचायत कोपे ग्राम भटकों में मन्दिर के पास नाली निर्माण। | 204400.00 | **402262** | 8500.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत पंचायत बडकाडीह ग्राम कुमण्डी में कुण्डीह बाजार में नाली निर्माण। | 197862.00 | | | | |
| 11 | प्रखण्ड बरवाडीह अन्तर्गत पंचायत केचकी ग्राम सरईडीह में शिव मन्दिर के पास नाली में स्लैब निर्माण। | 209600.00 | **209600** | 4500.00 | 500.00 | 02 माह |
| 12 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पंचायत हामी ग्राम मिरर्गी में दशरथ नगेसिया के घर पास कूप मरम्मति। | 79300.00 | **79300** | 2000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 13 | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत पंचायत मारंगलोईया ग्राम हेबना में फुनू देवी का कूप मरम्मति। | 65900.00 | **283900** | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत पंचायत मारंगलोईया ग्राम बारा में बीरबल महली का कूप मरम्मति। | 52700.00 | | | | |
| | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत पंचायत झाबर ग्राम कोमर में डाडी कुआ का कूप मरम्मति। | 165300.00 | | | | |

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा। (प्रखण्ड बारियातु के योजना में प्रखण्ड हेरहंज एवं बालूमाथ के संवेदक भी भाग ले सकते है।)
12. अग्रधन की राशि जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्र 8वां निर्गम/पांच वर्षीय, पांच वर्षीय डाकघर संबंधी जमा पासबुक/राष्ट्रीय कृत बैंक गारंटी/बैंक फिक्स डिपोजिट के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। जो झारखण्ड राज्य के बाहर के पोस्ट आफिस एवं बैंक से निर्गत एन0एस0सी0/सावधि जमा पासबुक मान्य नहीं होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।
PR 300779 (Rural Development) 23-24 (D)

## बोकारो के मानिक बने नेशलन पीपुल्स पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : नेशलन पीपुल्स पार्टी झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार ने बोकारो जिला के पुपुंकी निवासी मानिक चांद महतो को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है नवनियुक्त पदधिकारीयो को राजनैतिक भविष्य कि शुभकामनाए देता हु। मानिक चांद महतो को नेशलन पीपुल्स पार्टी झारखण्ड प्रदेश उपाअध्यक्ष बनाए जाने पर बिगनी बेदिया, टुसू देवी, रामविलास महतो, सोनाराम सोरेन, फोलोरेंस खलखो, गीता, सरस्वती , अनीता, पुतुल, सुसाना, काजल, रेखा, शुशीला देवी अख्तर अंसारी आदि लोगो ने बधाई दी है।

## झरिया एकेडमी उच्च विद्यालय में चला जागरूकता अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के



तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी लीगल लिटरेसी क्लब में जून महीने को अभिभावक माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बरला ने बताया कि यूनिसेफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से जून महीने को अभिभावक माह के रूप 1में जिले में स्थित सभी लीगल लिटरेसी क्लब एवं प्रखंडों में मनाया जा रहा है। इसमें जिले में कार्यरत पैरा वैधानिक स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के द्वारा वीडियो क्लिप चलाकर छात्र - छात्राओं एवं दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे बच्चों और अभिभावकों के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से बच्चों का लालन-पालन एवं उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान आज झरिया अकैडमी उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सरफराज इकबाल, शिक्षक ब्रज भूषण, पिंकी कुमारी, शुभजीत आचार्य, सुनीता कुमारी, प्रेम नाथ महतो, पयोज कुमार, डालसा की ओर से पीएलवी डिपेंटी कुमार गुप्ता के द्वारा सफल आयोजन किया गया।

## आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत भोजन पानी का वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच



धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प आनन्द सबके लिए कार्यक्रम के तहत शनिवार को धनसार स्थित राधा कृष्ण मंदिर के समीप समाजसेवी नंद किशोर बगड़िया उनके सुपुत्र एवं युवा मंच के सदस्य अंकुर बगड़िया के प्रतिष्ठान के सामने उनकी उपस्थिति में लगभग 120 लोगों को भोजन व्यवस्था स्वरूप मसाला खिचड़ी और ठंडे पानी का वितरण किया गया। शनिवार के कार्यक्रम में भीषण गर्मी के बावजूद वहां उपस्थित भोजन करने वाले लोगों के मुख पर मुस्कान देख सभी युवा साथियों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संयोजक आनंद खंडेलवाल, अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव शिव शंकर चौधरी, कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, युवा मंच सदस्य संजय अग्रवाल, हेमंत शर्मा, विनीता अग्रवाल, विष्णु भीमसरिया, राहुल मजरिया एवं अन्य युवा मंच सदस्यों की सहभागिता रही।

## 59 छात्रों को दी गई विदाई

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : एगारकुण्ड मध्य विद्यालय में शनिवार को



कक्षा 8 के छात्रों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अंक पत्रक दिया गया। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद झा ने बताया कि झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित कक्षा अष्टम परीक्षा वर्ष 2023 में नामांकित 59 छात्र छात्राएं उपस्थित हुए थे। उनमे सभी छात्र छात्राएं प्रोत्साहक हुए। उसी के तत्वाधान में 59 छात्रों को विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अंक पत्रक वितरित किया गया है। इस दौरान विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थी विद्यालय की अमूल्य संपत्ति होते हैं।उनके होने से ही विद्यालय को अस्तित्व प्राप्त होता है उनके बिना विद्यालय और शिक्षकों का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर गर्व है सभी ने सदैव अपने कठोर परिश्रम से इस विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है और मुझे उम्मीद है कि आप सभी आगे भी ऐसा ही करेंगे। बहुत सी असफलताएं देखने को मिलेगी, लेकिन आपको सभी कठिनाइयों का सामना बड़े ही कुशलता के साथ करना है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा, सहायक शिक्षक विधानमंडल, कुमारी सोना दास, प्रमोद राव, पंपी खान सहित अन्य मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जलकर हुए राख

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड अंतर्गत छोटकी खरगडीहा के हरिनवाटांड़ गांव निवासी किशुन दास के घर में सॉर्ट सर्किट के लगे आग से घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग इतना तेज था की अग्निशामक गाड़ी और दल के आने पर आग पर काबू पाया जा सका। इस आगजनी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन किशुन दास को भरी नुकसान हुवा है घर में रखे आनाज कपडा जो कुछ भी था सब जलकर राख हो गया। वही घटना को लेकर महासचिव झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेस सह प्रदेश डेलीगेट झारखंड कांग्रेस कमिटी के मो जैनुल अंसारी ने पीड़ित परिवार से मिला और कहा की बेंगाबाद अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग करूँगा की पीड़ित परिवार को अविलम्ब पीड़ित परिवार को मुआवजा दी जाए । पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है इस आगजनि में उसका सब कुछ बर्बाद हो गया है फ़िलहाल उसके पास खाने तक का राशन नहीं है और ना ही रहने को घर।

### कांग्रेस चली आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पदयात्रा का आयोजन

# सांसद के कारण धनबाद 20 वर्ष पीछे गया : संतोष सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा** : कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कांग्रेस चली आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पदयात्रा कर निरसा के बेनागडिया पहुंचे। जहां ग्रामीणों भव्य स्वागत किया। ग्रामीणो से मिलकर जिलाध्यक्ष सिंह ने कांग्रेस की विचारधारा से लोगों को अवगत कराया। जिलाध्यक्ष सिंह ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार अपने नौ वर्ष के कार्यकाल मे जनता को सिर्फ अपनी मन की बात सुनाती है मगर कभी जन की बात नही सुनती है। आम जनमानस को बेवकुफ बनाने के आलावा कुछ नही किया जहां एक तरफ देश की आम जनता मंहगाई, गरीबी, बेरोजगारी से त्रस्त है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा जाति - धर्म के नाम पर सत्ता के लोभ में आम जनता को बेवकुफ बना रही हैं। सबसे बड़े भ्रष्टाचारी अडानी के पोल खुल जाने के बाद भी आखिर प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे पर एक शब्द भी क्यों नहीं बोलते हैं।



श्री सिंह ने कहा धनबाद के सांसद पीएन सिंह के कारण धनबाद विकास के मामले मे 20 वर्ष पिछे चला गया। इस बार धनबाद के लोक सभा चुनाव में कांग्रेस को चुनाव जिताकर भाजपा मुक्त धनबाद बनाए। जिलाध्यक्ष संतोष ने कहा धनबाद के ग्रामीण क्षेत्र हो या शहर जहां जाता हूँ लोग कहते हैं भाजपा ने अच्छे दिन का झांसा देकर वोट हासिल कर लिया मगर चुनाव जितने के बाद सांसद नजर भी नही आते हैं। उन्होने कहा इस बार धनबाद में परिवर्तन निश्चित है। मोदी सरकार के कारण आज संविधान और देश खतरे मे है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस को सत्ता मे आना जरूरी है । जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद देश के विकास में अभुतपूर्व कार्य किए हैं, वहीं दूसरी तरफ मोदी सरकार सरकारी संस्थानों को भी बेचने पर उतारू हैं। देश की जनता अब इस धोखेबाज सरकार को अच्छी तरह से समझ और पहचान गई हैं। 2024 आगामी संसदीय चुनाव में देश की जनता के आर्शिवाद सर्मथन से कांग्रेस जोरदार प्रदर्शन करने जा रही हैं, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने भाजपा सरकार ने नौ साल मे लोगो के आंख मे धुल झोंकने के अलावा कुछ नही किया। बीजेपी पुछती है की कांग्रेस ने सत्तर साल मे क्या किया। सात साल पहले 2000 हजार का नोट लाने वाले अपना निर्णय पर कायम नही रह सके। उन लोगो को यह पुछने का अधिकार नही है कि सत्तर साल मे कांग्रेस ने क्या किया। जिस संविधान के तहत मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं वो संविधान भी कांग्रेस के बनाए हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन यादव ने किया। उक्त कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वकील बाउरी, जियाउल हुसैन, संतोष कुमार राय, जिला महासचिव मंजूर आलम उर्फ सोनू, अरविंद कुमार सैनी, नकूल मोदी, कपिल देव प्रसाद, बबलू दास, नंदन भुईयां, मुजाहिद शेख, साबिर खान, महिंद्र सहनी, श्रीराम चौहान, दीपक मिश्रा, मकरुद्दीन अंसारी, हसन अंसारी, अमीत भुईयां, बब्लू सोरेन, राखोहरी दास, सपन बाउरी, श्यामल भंडारी, बिकोधर चक्रवती, पप्पू केवट, मुकेश बर्मा, ग्याश अंसारी, पोरेश दास, रामदास राबीदास, नारद बावरी, माफूउद्दीन अंसारी, जमाल अंसारी, राजेश भंडारी, कलीमुद्दीन अंसारी, चिड़ीबन कोल, वीरू बाउरी, श्रीकांत बाउरी, निमाई बाउरी, श्रीकांत बाउरी, शांत बाउरी, सुभाष बाउरी आदि मौजुद थे।

## प्लस टू के परिणाम में गड़बड़ी के खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने प्रिंसिपल के चेंबर में किया तालाबंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : प्लस टू के परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाकर शनिवार को छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गिरिडीह कॉलेज के प्रिंसिपल चेंबर में ताला जड़ दिया इस दौरान प्रशासनिक भवन के बाहर धरने पर बैठ गए छात्रों ने विनोवा भावे यूनिवर्सिटी के बीसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की छात्र संगठन के छात्रों का आरोप था कि ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम में बड़ी गड़बड़ी की गई है हालात ऐसा है कि गिरिडीह कॉलेज में 11वीं का एडमिशन तक नहीं लिया जा रहा है इस बाबत प्रिंसिपल कुछ बोलने को तैयार नहीं है वही आंदोलनरत कार्यकर्ताओं में शामिल नीरज चौधरी का कहना था कि कॉलेज जाने वाले छात्र 11वीं में एडमिशन लेना चाहते हैं लेकिन उनका एडमिशन नहीं हो रहा है इस कॉलेज में पहले से ही शिक्षकों की कमी है और अब एडमिशन भी बंद हो गया है छात्र संगठन एबीपी ने हर हाल में एडमिशन शुरू किए जाने की मांग के साथ कॉलेज में शिक्षकों की कमी को भी दूर करने की मांग की धरना प्रदर्शन में विजय ओझा, उज्जवल तिवारी, विकास वर्मा, नितेश तिवारी, सौरभ दुबे, विवेक कुमार, दानिश, अमन, तिलक, अंजली कुमारी, राहुल, यीशु, सलमान समेत कई लोग मौजूद थे।

## फुटपाथ दुकानदारों को बसाने का निगम ने चलाया अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : वेंडिंग जोन में फुटपाथ दुकानदारों को बसाऐ जाने के अभियान में नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा बेकारबांध, हटिया रोड पुलिस लाइन के फुटपाथ दुकानदारों को चेतावनी दे कर वेंडिंग जोन में जाने की हिदायत दी। निगम पदाधिकारी रणधीर कुमार वर्मा ने बताया कि नगर निगम के द्वारा फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित ढंग से बसाने को लेकर कोहिनूर मैदान में वेंडिंग जोन का निर्माण करवाया गया और दूकान भी आवंटित किए जा चुके हैं। किंतु दुकानदार वहां की जगह सड़क किनारे ही दुकान लगा रहे हैं जिससे यातायात बाधित हो रहा है।

## टुंडी : झारखंड सरकार के नये आदेश से उपभोक्ताओं में खुशी की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी** : झारखंड सरकार के द्वारा नये आदेश पारित होते ही टुंडी के जनवितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं में इन दिनों खुशी की लहर देखीं जा रही है। बताया जाता है कि कई वर्षो से सरकार द्वारा मिलने वाला मुफ्त अनाज को जनवितरण दुकानदारों द्वारा एक किलोग्राम की कटौती कर लिया जाता था जो इसके लिए पूरे झारखंड में उपभोक्ताओं के द्वारा बराबर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा था। आज़ से झारखंड सरकार के द्वारा नया आदेश पारित होते ही सभी उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल कायम है अब जनवितरण



प्रणाली की दुकानों में पहले अनाज दिया जा रहा है उसके बाद पोक्स मशीन में ऊंगली का निशान लिया जाता है इस तरह एक किलोग्राम की कटौती नहीं किया जाता इस तरह के नये आदेश पारित होते ही सभी उपभोक्ताओं में खुशी देखी जा रही है अब उपभोक्ताओं को भरपूर मात्रा में अनाज दिया जा रहा है। इस नियम के लागू होने से टुंडी की जनताओं ने झारखंड सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है किदेर से ही पर सही क़दम उठाए जाने पर वर्तमान सरकार पर जनताओं का विश्वास जगा है।

## फर्जी रिकवरी एजेंट के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : जिले के के रणधीर वर्मा चौक पर रिकवरी एजेंट प्रभात सिंह ने मीडिया के समक्ष गुहार लगाते हुए उन्होंने अपील की है रिकवरी एजेंट वकार खान फर्जी तरीके से लोगों की गाड़ी रिकवरी कर रहे हैं उनसे सतर्क रहने की जरूरत है।

रिकवरी एजेंट अमित कुमार ने मीडिया को बताया कि मैं बजाज कंपनी का रिकवरी एजेंट हूं। गोविंदपुर में वकार खान नामक व्यक्ति कंपनी के नाम का दुरुपयोग करते हुए तीन गाड़ी का रिकवरी किया। ये फर्जी कागजात दिखाकर गाड़ी रिकवरी करने का कार्य करता है। साथ ही कंपनी का रेपो पेपर बनाकर फर्जी तरीके से मुहर लगाकर फर्जीवाड़ा करने का कार्य करता है। इस मामले को लेकर स्थानीय सदर थाने में उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जबकी कंपनी के द्वारा भी उस व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज किया गया है। रिकवरी एजेंट प्रभात सिंह ने बताया कि वकार खान नामक व्यक्ति तीन मोटरसाइकिल को यार्ड में खड़ी कर रेपो किट पर फर्जी मोहर लगाकर फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर सभी कंपनी से अपील करता हूं ऐसे फर्जीवाड़ा व्यक्ति से सावधान रहने की जरूरत है।

## नीट परीक्षा में उत्तीर्ण जोया नाज को झामुमो ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : वासेपूर न्यू कॉलोनी के रहने वाले मोहम्मद जमील अख्तर की बेटी जोया नाज ने वर्ष 2023 में नीट परीक्षा मे 622 अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई और अपने माता पिता के साथ साथ वासेपुर का भी नाम रौशन किया। छात्रा ने बताया की उसने बिना किसी कोचिंग के खुद से ही नीट की तैयारी की और सफलता पाई। इस सफलता पर परिजन मे भी काफी उत्साह और खुशी है।इसी उपलक्ष्य मे झारखंड मुक्ति मोर्चा, वार्ड संख्या 18 के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने जोया नाज को पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बधाई दी। साथ ही छात्रा के उज्जवल



भविष्य की कामना भी की। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी छात्र-छात्राओं की संबोधित करते हुए सद्दाम हुसैन ने कहा की दिल में यदि जज्बा हो तो कोई भी बाधा आपकी कामयाबी को रोक नहीं सकती। बस सच्ची लगन की आवश्यकता है। मौके पर झामुमो, वार्ड संख्या 18 के उपाध्यक्ष मो. शहाबुद्दीन उर्फ चांद सर एवं कोषाध्यक्ष कमाल हुसैन खान सहित छात्रा के परिजन उपस्थित थे।

## धनबाद : पेफी खेल महोत्सव का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : शनिवार को पेफी झारखंड चैप्टर द्वारा क्रेडो वर्ल्ड स्कूल आमाघाटा में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा विशिष्ट अतिथि प्रवीन्ध कुमार कोषाध्यक्ष पेफी इंडिया, मिस्टर तोमर महासचिव पेफी मध्य प्रदेश चैप्टर, नवीन विश्वास संयुक्त सचिव एन. के. ऐफ इंडिया, मिस्टर भूपेंद्र फाउंडर मेंबर पेफी, हर्षित अग्रवाल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, शर्मिला सिन्हा प्रिंसिपल क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, रंजीत केसरी महासचिव धनबाद ओलंपिक संघ ने दीप प्रज्जवलित कर किए। मौके पर मनोज मिश्रा डायरेक्टर पेफी इंडिया, रेजा इस्तियाक डायरेक्टर पेफी




झारखंड, आलोक चौधरी महासचिव पेफी झारखंड, अंशु सरकार पैट्रोन पेफी झारखंड, स्मिकी सरकार सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पेफी झारखंड, मृदुल बोस अध्यक्ष, कुणाल कुमार महासचिव, डॉ. शैलेश कुमार निदेशक, अभिजीत पात्रा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पेफी धनबाद चैप्टर, उपस्थित थे। मिनी मैराथन, एथलेटिक्स, कबड्डी, योगा, कराटे प्रतियोगिता एवं एंटी डोपिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स में ओवरऑल चैंपियन की खिताब धनबाद जिला को मिला। निर्णायक की भूमिका मो. सरफराज खान, हिमांशु रजवार, विनोद रावत, प्रकाश महतो, कृष्णा महतो, सुजीत गोराई, प्रमोद पासवान, मो फरीद, निरंजन महतो, शबीना बैद, कार्तिक बाग ने निभाया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पप्पू यादव, कुसुम महतो, सुंदर जीत बरनवाल, अमित साव, राजकुमार महतो ने अहम भूमिका निभाई।

## राज्यपाल के टुंडी दौरें को लेकर सभी तैयारियां पूरी जनताओं में जगी उम्मीद

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन का आगामी पच्चीस जून को टुंडी दौरे को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धनबाद डीडीसी शशि प्रकाश सिंह की देखरेख में सभास्थल टुंडी प्रखंड के भोजूडीह स्थित मैदान का चयन किया गया है। बताया जाता है कि




झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन का टुंडी प्रखंड में यह पहला दौरा है इनके आगमन को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। राज्यपाल के दौरे को लेकर टुंडी की जनताओं में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है एवं लोगों में नयी आश जगी है टुंडी की जनता अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर कल इनसे रूबरू होना चाहते हैं एवं अपनी दुखड़ा सुनाने के लिए आतुर है। इनके आगमन को लेकर टुंडी बीडीओ संजीव कुमार एवं अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने कड़ी मेहनत कर रहे हैं एवं जनताओं को कोई असुविधा न हो इसकी ध्यान रख रहे हैं।

## लोक अदालत व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : झालसा के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के निर्देशानुसार आज व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि लोक अदालत में कुल 10 बेंचो का गठन किया गया था। जिसमें 84 वादों का निपटारा किया गया। इस दौरान 21 लाख 67 हजार 3 सौ 15 रुपए की रिकवरी हुई। उन्होंने बताया लोक अदालत के साथ व्यवहार न्यायालय परिसर में पैनल अधिवक्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निशुल्क विधिक सहायता के लिए आए वादों का निपटारा एवं पीड़िता को त्वरित राहत कैसे पहुंचाई जाए इस पर चर्चा की गई।

## रेलवे स्टेशन पर दो युवकों के साथ जमकर मारपीट, शिकायत दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया** : झरिया रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर के समीप 23 जून की देर रात लगभग 3 बजे तत्काल टिकट कटाने आए दो युवकों के साथ जमकर मारपीट हुई। जानकारी मिलने पर झरिया थाना के दो चौकीदार वहां पहुंचे तो उनसे भी युवकों ने अभद्र व्यवहार किया व मारपीट की। पीड़ित युवकों ने 24 जून शनिवार की सुबह झरिया थाना में शिकायत की है। भुक्तभोगी नीचेकुल्ही निवासी मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि वह अपने मित्र नसीम के साथ झरिया रेलवे स्टेशन के काउंटर पर दिल्ली का टिकट कटाने के लिए सुबह 3 बजे लाइन में लगे थे। तभी अचानक घनुडीह के चार पांच युवक काउंटर के समीप पहुंचे व उनके साथ मारपीट करने लगे। उनकी बाइक व पैसे भी छीन लिये। हमलावर युवकों ने उनकी व दोस्त की जमकर पिटाई की। वह किसी तरह जान बचाकर भागे व देशबंधु के समीप झरिया थाना के चौकीदार बलराम प्रसाद व छोटेलाल पासवान को जानकारी दी।



उनके कहने पर दोनों चौकीदार घटनास्थल पर पहुंचे व मारपीट करने वाले युवकों को पकड़ना चाहा। परंतु युवकों ने चौकीदार के साथ बदसलूकी व हाथापाई शुरू कर दी। मामला बढ़ता देख चौकीदार ने झरिया थाना को सूचना दी। परंतु जब तक झरिया थाना की पेट्रोलिंग पुलिस एवं घनुडीह ओपी पुलिस पहुंची, सभी हमलावर युवक भाग चुके थे। घनुडीह ओपी पुलिस लावारिस अवस्था में पड़ी एक बाइक को जब्त कर ले गई। पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले लोगों की पहचान की है। झरिया पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# जलडेगा प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलडेगा प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि लोकतांत्रिक देश के लिए यह सबसे सुंदर पल होता है जब जनता के दरबार में विधायिका विधायक कार्यपालिका में सरकार के दिए गए कार्यो को सरकारी पदाधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक जनता के समस्यायों को मिल बैठकर कार्य को सम्पादित करते हैं। जिससे कि जनता को सुन्दर माहौल में विश्वास और भरोसा को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर जागृति उत्पन्न होती है।साथ ही साथ लोकतंत्र मजबूत होता है। विधायक को आप महान जनता ने अपने मत का उपयोग कर अपना प्रतिनिधि और विधायक बनाया। विधायक का सबसे पहला कर्त्तव्य होता है जनहित में नीति निर्धारण कर पैसे का व्यवस्था कर जनता को सुविधा प्रदान करना। आपके अस्तित्व के पहचान से जुड़े संसाधनों की रक्षा के लिए विधायिका द्वारा अर्थात विधायकों एवं सांसदों द्वारा नीति निर्धारण कर लोगों के लिए योजना तैयार कर रुपयों का सत्ता विकेन्द्रीयकरण कर अधिकार और दिशानिर्देश के साथ क्रियान्वयन एवं निगरानी कर लोगों को को योजनाओं का सही रूप में सुविधाएं दिलाने के लिए जिला, प्रखण्ड, पंचायत की क्रियान्वयन एवं निगरानी संस्थाओं को दे दिया जाता है। अब उक्त पैसे का नीतिगत योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित सरकारी पदाधिकारियों, कर्मियों का मुस्तैदी से काम करने की आवश्यकता है। जिससे कि आम जनता लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वाकांक्षी जन कल्याणकारी नीतिगत योजनाओं और गैरनितिगत योजनाओं का लाभ लोग ले सके। आज इन्हीं सब कल्याणकारी योजना को आम जनता तक पहुंचे, इसलिए आज मैं जनता दरबार कार्यक्रम किया हूं। कार्यक्रम के दौरान 14 व्यक्तियों के बीच व्यक्तिगत वन पट्टा वितरण किया गया।साथ ही साथ परिसम्पति का भी बितरण किया गया। कार्यक्रम में जलडेगा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे, साथ ही साथ सभी विभाग का स्टॉल लगा हुआ था। माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखण्डों में हर माह जनता दरबार करेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, अर्जुन होरो, प्रखण्ड अध्यक्ष सुशील जड़िया, गैब्रियल समद, सुनील सुरीन, अमर समद, क्लेमेंट टेटे, सुरेश द्वीवेदी, फूलकेरिया डांग, प्रखण्ड प्रमुख जोसेफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शान्ता कण्डुलना, शिशिर डांग,लाझरुस समद,नीलम देवी, पुष्पा देवी, रूपा, पंकज साहू, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना ने दो बाइक में सवार चार घायल पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बक्सीडीपा के समीप जंगल मे एन एच 143 ए पथ पर दो बाइक के टक्कर में चार घायल हो गये। इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल के समीप देर शाम दो बाइक के टक्कर में चार लोग घायल हो गये सभी घायल को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया। घायल की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी राजेन्द्र साहू के पुत्र निकेश साहू,बुधमन उराँव के पुत्र छ्टू उराँव किस्को थाना क्षेत्र के जोरी सहेदा निवासी नीरज साहू तथा सेन्हा निवासी अहद अंसारी के पुत्र जाउल अंसारी के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि निकेश साहू तथा छ्टू उराँव का प्राथमिक उपचार सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होने के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। जबकि जाउल अंसारी एवं नीरज साहू को निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। घटना की सूचना पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त बाइक को जप्त कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया बताया जाता है कि गम्हरी एवं किस्को निवासी बाइक जे एच08 डी 8736 से शराब के नशे में धुत हो लोहरदगा की ओर से गम्हरिया जा रहा था। साथ ही सप्ताहिक बाजार से घर लौट रहा जाउल अंसारी के बाइक में पीछे से धक्का मार दिया जिससे दोनो बाइक सवार अनियंत्रित हो गिर कर घायल हो गये।

# उपायुक्त ने नामांकित छात्रों को साईकिल वितरण योजना को लेकर की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शनिवार को समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत साईकिल वितरण योजना की बैठक हुई और सर्वसम्मति से साईकिल वितरण हेतु नामांकित छात्रों की संख्या को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 में सभी सरकारी विद्यालयों के वर्ग-08 में अध्ययनरत कुल 5379 और वर्ष 2022-23 में सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ग-10 में नामांकित कुल 5714 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। आज की बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पति पत्नी घायल इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा अन्तर्गत ठाकुरबाड़ी मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पति पत्नी घायल हो गये जिसे ग्रामीणो के मदद से पुलिस द्वारा इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा ठाकुरबाड़ी मंदिर के समीप बाइक जे एच 08 ई 9434 अनियंत्रित हो गिर गया जिससे सवार पति पत्नी घायल हो गया। जिसे ग्रामीण व पुलिस के मदद से सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु महिला को सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। घायल पति पत्नी का पहचान कुडू थाना अंतर्गत जिंगी निवासी 55 वर्षीय अर्जुन साहू तथा पत्नी 50 वर्षीय प्रमिला देवी के रूप में किया गया। अर्जुन साहू ने बताया कि गुमला से अपने घर जिंगी जा रहे थे इसी बीच सेन्हा में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाली के ऊँचा घेरा में कुछ दूर से रगड़ाते हुए अनियंत्रित हो बाइक गिर गया। जिससे प्रमिला देवी के सिर एवं बांया हाथ मे गम्भीर चोटें आई है। जबकि अर्जुन साहू को हल्की चोटें आई वहीं घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 बिरेन्द्र बाखला दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घायल को अस्पताल भेजते हुए क्षतिग्रस्त बाइक को जप्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गये।

# खेमराज स्मृति भवन में भाजपा द्वारा आपातकाल को लेकर परिचर्चा आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के तत्वधान में 25 जून 2023 को आपातकाल लगने के 48 वर्ष पूरे होने पर स्थानीय खेमराज स्मृति भवन(गुदरी बाजार धर्मशाला)में लोहरदगा के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ आपातकाल लगने की परिचर्चा की जाएगी। 25 जून 1975 के अर्धरात्रि में कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था और जेल में डाल दिया गया था। 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को लेकर प्रत्येक वर्ष भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 जून को काला दिवस मनाया जाता है। अतः आप सभी प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह है कि इस दिवस को गुदरी बाजार धर्मशाला में 11:00 दिन मैं आकर चर्चा परिचर्चा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनावे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भाजपा कार्यकर्ता संजय बर्मन को संयोजक बनाया गया है। यह जानकारी भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने दी।

**कोलेबिरा के सेलसोया गांव में झारखंड पार्टी ने समस्याओं को लेकर की बैठक**

# ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के सेलसोया गांव में शनिवार को झारखंड पार्टी की ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया जिसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता पर दूर करने का प्रयास कर रही है। आप सभी समाज में संगठित रह कर अपने हक अधिकार के लिए आगे बढ़े झारखंड पार्टी आपका सहयोग करेगी। मौके पर ग्रामीणों ने बिजली पानी सड़क प्रधानमंत्री आवास वृद्धा पेंशन राशन कार्ड एवं कई अन्य प्रकार की समस्याओं को लेकर बातें रखी जिस पर उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं को बारी-बारी से दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो सरकार चल रही है और उसके क्षेत्र में जो जनप्रतिनिधि हैं उनकी उदासीन रवैया के कारण कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे जगह है जहां पर विकास की किरणें नहीं पहुंच रही है यह दुखद है। उनका के मेरे मंत्रिमंडल कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र में कई ऐसे विकास कार्य हुए हैं परंतु वर्तमान समय में लोग अपने जनप्रतिनिधि को चुनकर ठगा महसूस कर रहे हैं इसलिए आप आगामी चुनाव में संदेश एक्का का सहयोग करते हुए झारखंड पार्टी को मजबूत करें क्षेत्र का सभी समस्याओं को दूर की जाएगी। मौके पर सुनील जोजो, मनकुश कण्डुलना, सीरिल डांग अंजार डुंगडुंग, फिलिप डांग सेवन संमद विलियम जोजो अजीत संमद एवं झारखंड पार्टी की ओर से अमन खेस, रसाल खलखो, अंकित सुरीन नुवेल हैरेंज चिराग बाड़ा जोसेफ डुंगडुंग उपस्थित रहे।

# ईद-उल-अजहा व घुरती रथयात्रा को लेकर कैरो थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 24 जुन शनिवार को कैरो थाना परिसर मे ईद-उल-अजहा (बकरीद) एवं घुरती रथयात्रा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो अंचलअधिकारी कमलेश उराँव,थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी,20 सुत्रि उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव,एवं गणमान्य सदस्यो की उपस्थिति मे शांति समिति की बैठक हूई संपन्न। बैठक मे त्योहार के निमित शांति व्यवस्था के विषय मे चर्चा की गई वही थाना क्षेत्र मे हनहट मे घुरती रथयात्रा को लेकर भी हनहट से आये हुये सदस्यो ने चर्चा किया। उक्त बैठक मे प्रविपदा0 पवन कुमार महतो ने कहा कि आप सभी त्योहार मे एक दुसरे के भावनाओं का सम्मान करे वही कैरो प्रखंड क्षेत्र मे पुर्ववर्ती त्योहारों मे आप सभी माननीय सदस्यो का शांति वयवस्था बनाने मे अहम योगदान रहा है। बैठक में जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान ने अपने समुदाय के लोगो से कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी आप सभी कतई न करे,जो प्रतिबंधित नही वैसे जीवो की कुर्बानी भी करे तो उसके अवशेष को कुत्ते या अन्य पक्षियो के हाथ लगने से पुर्व उसे जमीन मे गड्ढ़े खोदकर गाड़ दे। बैठक में शांति व्यवस्था के निमित्त चर्चा करते हुये प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि त्यौहार के निमित्त आवश्यक पदाधिकारीयो को प्रतिनियूक्त कर थाना क्षेत्रो मे शांति वयवस्था बनाये रखने हेतु गश्ती भी आवश्यक है। मौके पर उपरोक्त के अलावा विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू,अनिल कुमार पांडेय, जीतबहान महतो, विपिन सिंह, प्रवीण साहू, विवेक प्रजापति, शंभू सोनी, संजय साहू, बजरंग उराँव, परमेश्वर भगत, समीद अंसारी जमील अंसारी, सज्जाद अंसारी, महबूब अंसारी, मोजाहिर अंसारी, अखतर अंसारी, समीरुद्दिन अंसारी इत्यादि थाना परिसर शांति समिति बैठक में उपस्थित थे।

# बीडीओ ने घर घर जल नल योजना को लेकर मुखियाओं के साथ किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा एवं तोड़ार पंचायत में मुख्यमंत्री जल नल योजना का विस्तार को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक सम्पन्न बीडीओ ने प्रत्येक पंचायत में शुद्ध पेयजल की होगी व्यवस्था पर डाला प्रकाश। सेन्हा प्रखंड के पंचायत सेन्हा एवं तोड़ार पंचायत के मुखिया जल सहिया के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा घर घर जल नल योजना का विस्तार करने को लेकर बैठक शनिवार को सम्पन्न हुआ। बैठक में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की सेन्हा एवं बरही में पुर्व से पेयजल आपूर्ति हो रहा था लेकिन अब बंद है इस गांवो में भी घर घर जल नल योजना की व्यवस्था किया जायगा इसके लिए नया जलमीनार बनाने पाइप लाइन लगाने को लेकर चर्चा हुआ। साथ ही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जल सहिया एवं मुखियाओं को पुर्व में संचालित पेयजल का कनेक्शन लेने वाले की सूची बैंक खाता और रोकड़ पंजी को दिखाने को कहा गया। साथ ही मुखिया तथा जल सहिया से जायजा लेते हुए कहा की जलमीनार कहाँ कहाँ आवश्यकता है उस स्थल का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता से मिलकर स्थल चयन कर प्रखंड कार्यलय को अवगत कराए। उन्होंने कहा की प्रखंड क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत में घर घर नल लगाने का सर्वे करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, कनीय अभियंता लखी राम मांझी, मुखिया शोभा देवी, धनबाज उरांव, मनसा कुमारी, त्रिवेनी भगत आदि उपस्थित थे।

# वाहन जांच के दौरान 8 वाहनों से वसूला गया 17 हजार जुर्माना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। सेन्हा थाना के समीप लोहतदगा गुमला मुख्य मार्ग में जिला परिवहन पदादिकारी के निर्देश पर वाहन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के दौरान छोटी बड़ी वाहनों का सभी तरह के कागजात का जाँच किया गया। साथ ही बिना हेलमेट का दो पहिया वाहन चलाने वाले को कड़ी फटकार लगाई गई और हेलमेट पहन कर चलने वालों को पुलिस द्वारा टॉफी दिया गया। वही वाहन सम्बन्धित कागज नही रहने पर एवं बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 8 वाहन से लगभग 17 हजार जुर्माना वसूला गया वही 15 वाहनों को जप्त कर थाना में सुरक्षित रख गया और वाहन मालिकों को जिला परिवहन कार्यालय से फैन कटा कर वाहन ले जाने का निर्देश दिया गया। मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, ट्रैफिक एस आई सुजीत कुमार, ए ऐसे सिकन्दर बेसरा, विरेन्द्र सिंह, अमरेश कुमार मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किस्को एवं कुडू की ओर प्राप्त प्रस्तावों के पारित कराने को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत आज शनिवार को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में प्रखण्ड किस्को एवं कुडू की ओर प्राप्त प्रस्तावों के पारित कराने हेतु एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम किस्को प्रखण्ड की ओर तीन योजनाओं के प्रस्ताव पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें किस्को प्रखण्ड मुख्यालय में अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए 50 बेड का छात्रावास निर्माण,किस्को प्रखण्ड के ग्राम नवाडीह स्थित मदरसा में अतिरिक्त कमरा एवं चहारदिवारी का निर्माण और प्रखण्ड मुख्यालय में कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर अधिष्ठापन की योजनाएं शामिल हैं। कुडू प्रखण्ड की ओर से प्रस्तावित चार योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें प्रखण्ड मुख्यालय में हैण्डलूम उत्पादन ईकाई एवं प्रशिक्षण केंद्र का अधिष्ठापन, कबाड़ का कारखाना और अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, मोमबत्ती का कुटीर उद्योग और दो सौ बेड का आवासीय मदरसा निर्माण कार्य की योजना शामिल है। आज की बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को एवं कुडू समेत अन्य माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

# सार्वजनिक चापाकल पर दबंग का कब्जा, मुखिया ने की कारवाई की मांग



**कुरडेग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सार्वजनिक और सरकारी पेयजल स्त्रोतों पर निजी लोगों के कब्जों से सामान्य जन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन हैंडपंपों का उपयोग सार्वजनिक तौर से होता था, अब उन्हें प्राइवेट तौर पर उपयोग में लिया जा रहा है, लेकिन इसे देखने-सुनने वाला कोई नहीं है। प्रखंड भर में सैकड़ों सरकारी हैंडपंप हैं, लेकिन दर्जनों से ज्यादा पर निजी लोगों ने अपनी मोटर लगा रखी हैं और सार्वजनिक उपयोग बंद कर दिया है। जिसमें वे अपनी मोटर डालकर पानी निकाल रहे हैं। ऐसा ही मामला कुरड़ेग प्रखंड के कुरड़ेग पंचायत के झिरकामुंडा गांव में व देखने मिल रहा है। जहां दबंग किस्म के लोग सार्वजनिक हैंडपंपों में मोटर लगाकर अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल कर रहें है। गर्मी में कई बार भटकने के बाद ग्रामीण पंचायत के मुखिया के पास पहुंचे तो मुखिया उर्मिला कुजूर ने बीडीओ और थाना प्रभारी को मामले की जानकारी दी शिकायत में ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि एक अखबार के संवाददाता द्वारा दबँगाई दिखाते हुए अपने घर के पास लगे हैंडपंप में मोटर लटका दिया है। जिससे आसपास के लोगों को पानी की किल्लत हो रही है। जिसके कारण बस्ती के लोगों को दूर किसी व्यक्ति के घर में लगे निजी स्त्रोत से पानी ढोकर लाना पड़ता है। यहां तक कि बच्चों को भी दिन भर पानी ढोना पड़ता है । शिकायत मिलने पर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का एवं थाना प्रभारी भी इस आरोप की जांच करने बस्ती में पहुंचे और उस आरोप को सही पाया और मोटर हाटने का निर्देश दिया। अब देखना यह है की क्या सिर्फ मोटर हटा कर प्रशाशन अपनी इतिश्री कर लेगा या प्रशाशनिक कार्रवाई होगा ताकि भविष्य में कोई इस तरह का गैर कानूनी काम न करे।

# सरकार की योजनाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कला दलों की ओर से आज शनिवार को भंडरा, पेशरार और किस्को प्रखंड में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। इसमें दीपनारायण सिंह के नेतृत्व में वनांचल कला केंद्र लोहरदगा द्वारा पेशरार प्रखंड के रोरद पंचायत के पुतरार में, अमरनाथ लोहरा के नेतृत्व में पेशरार संस्कृतिक कला मंच के कलाकारों द्वारा भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत के धोबाली गाँव और राजेश कुमार भगत के नेतृत्व में समग्र आदिवासी कला विकास केंद्र के कलाकारों द्वारा किस्को प्रखंड के देवदरिया में नुक्कड़-नाटक का कार्यक्रम किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गई। साथ ही, लोगों को वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून 2023 को मनाया जाता है। इस वर्ष इसे नशा मुक्त भारत अभियान के रूप में मनाया जाना है। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा लोहरदगा जिला व झारखंड को नशामुक्त बनाने की अपील की गई। कला कारों ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़ें। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिला-लोहरदगा, राज्य-झारखंड को नशामुक्त कराने का दृढ निश्चय करें। आइए हम प्रतिज्ञा करता लें कि अपने देश को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करेंगे।

# गोंडवाना विकास विद्यालय ने गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती को दी श्रद्धांजलि

**➲बच्चों ने माल्यार्पण और मोमबत्ती जलाकर महारानी दुर्गावती के जीवन संघर्ष को जाना**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास सलडेगा, सिमडेगा के द्वारा गोंडवाना की महारानी वीरांगना दुर्गावती जी के 459 ईस्वी बलिदान दिवस मनाया गया। गोंडवाना विकास विद्यालय के शिक्षक अनुज बेसरा के नेतृत्व में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के नजदिक स्थित रानी दुर्गावती के स्टेचू के समक्ष सबसे पहले विद्यालय के बच्चों के द्वारा मोमबत्ती जलाकर और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. इस अवसर पर शिक्षक अनुज बेसरा ने बच्चों को वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके संघर्ष गाथा से प्रेरणा लेने की बात कही. गोंडवाना छात्र संघ के अध्यक्ष अजय मांझी ने बच्चों को अपने वीर और वीरांगनाओं को इतिहास के पन्ने से निकालकर लोगों के समक्ष लाने के लिए प्रेरित किया और कहा गोंडवाना समाज अपने भाषा, संस्कृति और धरोहर बचाने के लिए हमेशा आगे रहा और अपने जान तक की बाजी लगा दी। रानी दुर्गावती भारत की एक वीरांगना राजा कीर्तिसिंह चंदेल की एकमात्र संतान थी. जिन्होने अपने विवाह के चार वर्ष बाद अपने पति दलपत शाह मडावी की असमय मृत्यु के पश्चात अपने पुत्र वीरनारायण को सिंहासन पर बैठाकर उसके संरक्षक के रूप में स्वयं 15 साल शासन किया। इनके शासन में राज्य की बहुत उन्नति हुई। दुर्गावती को तीर तथा बंदूक चलाने का अच्छा अभ्यास था। स्वयं पुरुष वेश में युद्ध का नेतृत्व किया। 3,000 मुगल सैनिक मार गिराये लेकिन रानी ने अंत समय निकट जानकर अपनी कटार स्वयं ही अपने सीने में भोंककर आत्म बलिदान स्वीकार किया. 24 जून को आज ही के दिन उन्होंने वीरगति को प्राप्त की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य रूप से गोंडवाना विकास विकास विद्यालय के शिक्षक अनुज बेसरा, बालकेश्वर मांझी गोंडवाना छात्र संघ के अध्यक्ष अजय मांझी के अलावा गोंडवाना लॉज और गोंडवाना विकास विद्यालय के काफी सारे छात्र- छात्राएँ उपस्थित थे।

# बीडीओ ने समीक्षा बैठक कर अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का दिया दिशा निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुआ। आयोजित समीक्षा बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का निष्पादन हेतु अपूर्ण योजनाओं का समीक्षा किया गया। वह8 प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा मनरेगा,दीदीबाड़ी, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजना का पंचायतवार समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कर अभिलेख बन्द करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत 192 एकड़ जमीन में आमभगवानी का लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, तनु कुमारी, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, आनन्द सिंह, भैया भगत, रोजगार सेवक द्वेइन्द्र कुमार दे०, प्रवीण कुमार, योगेन्द्र ठाकुर, रेखा कुमारी, कृष्णा राम, अंजू कुमारी सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### अमित शाह ने शहीद जवानों के परिजनों से की मुलाकात, सौंपा नियुक्ति पत्र

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर दौरे के दूसरे दिन शनिवार को राज्य पुलिस के शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके बाद गृहमंत्री शाह दिल्ली के लिए रवाना हुए। गृहमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के असंख्य जवान, जिन्होंने आतंकियों से लड़ते हुए निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, यह इस बात का प्रमाण है कि कश्मीर और वहां के लोग शांति के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। आज श्रीनगर में ऐसे शहीदों के परिजनों से मुलाकात की और शहीदों के परिजनों को जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे पहले अमित शाह ने श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक से सटे प्रताप पार्क में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बलिदान स्तंभ का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ नेता डॉ. कर्ण सिंह से भी मुलाकात की और पुलिस गोल्फ कोर्स में शहीद गैलरी का उद्घाटन किया। गृहमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि जम्मू-कश्मीर देश के शौर्यवीरों के अदम्य साहस एवं वीरता की कर्मभूमि रही है। ऐसे ही वीरों के पराक्रम को चिरंजीवी बनाने के लिए आज श्रीनगर के प्रताप पार्क में बलिदान स्तंभ का शिलान्यास किया। यह स्तंभ बलिदानियों की स्मृति को अमर कर युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देगा।

### नेपाल के पोखरा में चीन की सक्रियता बढ़ी

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने के बाद चीन की गतिविधियां बढ़ गई हैं। चीन के आर्थिक सहयोग से ही इस एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। चीन की पहल पर पोखरा में पहली बार ड्रैगन बोट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।डैनबू जी के नाम से जाना जाने वाला ड्रैगन बोट फेस्टिवल चीन का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह चीनी कैलेंडर के अनुसार पांचवें चंद्र माह में मनाया जाता है। ड्रैगन बोट फेस्टिवल में उपयोग की जाने वाली 8 फाइवर नौकाओं को केरुंग दर्रे के जरिए लाया गया है। महोत्सव में भाग लेने वाली चार बोट की टीमें सिचुआन एयरलाइंस से पोखरा एयरपोर्ट पर उतरीं। यह चीन के किसी विमान की पोखरा एयरपोर्ट के लिए पहली उड़ान थी। हालांकि यह अभी तय नहीं है कि इस एयरपोर्ट से नियमित उड़ानें कब से शुरू होंगी।



# प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक : भाजपा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा को ऐतिहासिक बताया है। शनिवार को केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा बेहद सफल रही है। पुरी ने कहा कि दोनों देशों ने आईसीएईटी की घोषणा के माध्यम से अपनी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाया, जो कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर पहल है। यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक प्रमुख मील का पत्थर है। साथ ही नासा और इसरो 2023 तक मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग के लिए एक रणनीतिक ढांचा विकसित करेंगे। यह दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच मजबूत साझेदारी का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब पहली बार अमेरिका दौरे पर गए थे तब भारत दुनिया की 10वीं अर्थव्यवस्था था और आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में उनका संबोधन और वहां के प्रतिनिधियों का उनसे ऑटोग्राफ मांगना उनके एक विश्व नेता होने का प्रमाण है।

दुनियाभर के कुछ ही लोगों ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। अगर इतिहास को देखें तो नेल्सन मंडेला और विंस्टन चर्चिल ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था।

# पटना में 15 दल मिले पर दिल किसी का नहीं मिला : अनुराग ठाकुर



एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने देश में महागठबंधन की सभी संभावनाओं को खारिज करते हुए कहा है कि पटना में 15 दल एक साथ तो आए, लेकिन दिल किसी के नहीं मिल पाए। जो लोग खुद एक-दूसरे के खिलाफ हैं वह देश को स्थिर सरकार नहीं दे सकते। अनुराग ठाकुर मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर शनिवार को पानीपत में करनाल लोकसभा स्तर की रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन पूरी तरह से निजी स्वार्थों से भरा हुआ है। जो लोग निजी स्वार्थों को आगे रखकर काम कर रहे हों, वह देश का भला कैसे कर सकते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की जनता वर्ष 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है।

हरियाणा की पूर्व हुड्डा सरकार पर कटाक्ष करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसी जीजा को हरियाणा की पूर्व सरकार ने सबसे अधिक लाभ दिया है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह देश विश्व शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने मोदी सरकार में हुए विकास कार्यों तथा केंद्र की योजनाओं से हरियाणा को मिले लाभ के बारे में रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश में भी देश का मान बढ़ाया है जबकि कांग्रेस ने सदा नीचा दिखाने की कोशिश की है।

## संदर्भ : विपक्षी दलों में एकता की कवायद

# अपनी डफली-अपना राग

शारिब खान

केंद्र की सत्ता से भाजपा गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पटना में हुए महागठबंधन की बैठक के बाद देश की राजनीति में अचानक उछाल आ गया. इस बैठक के बाद विपक्ष बाग-बाग है. बैठक में एकजुटता पर सहमति तो बनी लेकिन यह तय नहीं हुआ कि पीएम कौन बनेगा ? विपक्षी बैठक में आपसी मतभेदों को भुलाना, बीजेपी के खिलाफ लोकसभा सीटों पर साझा उम्मीदवार उतारना, पार्टियों के बीच समन्वय बनाने के लिए एक समूह बनाना, बीजेपी के ख़िलाफ़ एक नीति पर विचार करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. अगली बैठक अगले महीने शिमला में होना तय हुआ. इस बैठक में बहुत सी बातें स्पष्ट होगी. कांग्रेस को छोड़कर महागठबंधन में शामिल अधिकांश क्षेत्रीय दल हैं. क्षेत्रीय दलों का अपने राज्य में मजबूत पकड़ है. ये दल अपने राज्य में कांग्रेस को बड़ा भाई मानने को कतई तैयार नहीं हैं. इसका उदाहरण तो झारखंड व बिहार ही है. क्षेत्रीय दल चाहते हैं कि कांग्रेस को उन्हीं 200 संसदीय सीटों पर फोकस करना चाहिए, जहां बीजेपी से उसका सीधा मुकाबला है.ऐसे भी कांग्रेस गुजरात, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, असम, दिल्ली समेत कई केंद्र शासित प्रदेशों सहित 20 राज्यों में अकेले चुनाव लड़ सकती है. इन राज्यों में 200 लोकसभा सीटें हैं. वहीं, यूपी, बिहार, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, महाराष्ट्र में गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतर सकती है. इस तरह से 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के नतीजे से जो तस्वीर उभरेगी, उसके बाद 2024 के चुनाव का परिदृश्य साफ होगा. इधर विपक्ष की एकता की राह में सबसे बड़ा रोड़ा सीटों का फॉर्मूला और उन पर फंसा पेंच है. आखिर कौन किसके लिए अपनी सीट छोड़ेगा और कौन कम सीटें लेने पर राजी होगा ? बता दें कि विपक्ष 450 सीटों पर एक उम्मीदवार लड़ाने पर सहमति बनाने में जुटा है. कई राज्यों में इसी बात को लेकर पेंच फंस सकता है और विपक्षी एकता को झटका लग सकता है. यहां यह दीगर है कि विपक्षी एकता का जो झंडा बुलंद किया जा रहा है, इसका सेंटर कांग्रेस है. पार्टी अभी से लेकर जनवरी-फरवरी 2024 तक देश के जीतने भी राज्यों में चुनाव है, वहां की स्थिति- परिस्थिति और जीत-हार देख कर ही कोई कदम उठाएगा. दूसरी तरफ बंगाल की सीएम सीएम ममता बनर्जी ने कुछ दिनों पहले एक फॉर्मूला दिया था. उन्होंने कहा कि हम उन राज्यों में कांग्रेस का समर्थन करेंगे जहां पर उसकी जड़ें मजबूत हैं. इसके बदले में कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों को उनके गढ़ में समर्थन देना चाहिए.

ममता बनर्जी के इस फॉर्मूले से कांग्रेस को 227 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी. दूसरी बात यह कि इस फॉर्मूले के हिसाब से पश्चिम बंगाल, यूपी और बिहार में कांग्रेस हाशिए पर हो जाएगा. ऐसी स्थिति में विपक्षी एकता के एवज में कांग्रेस ऐसा स्वीकार करेगी ? फिलहाल तो ऐसा नहीं लगता. पार्टी क्षेत्रीय दलों का ज्यादा पिछलग्गू बनना अब नहीं चाहती. बैठक में जो 15 दल शामिल हुए उनका एजेंडा भी अलग-अलग है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी अध्यादेश को लेकर पीड़ित हैं. पार्टी इस शर्त पर अडिग है कि कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश के विरुद्ध समर्थन की घोषणा नहीं करेगी तो इसमें शामिल होना कठिन है.यही कारण रहा कि बैठक से नाराज होकर केजरीवाल चुपचाप निकल गए. बाद में पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि आप के लिए समान विचारधारा वाले दलों की भविष्य में होने वाली बैठकों में भाग लेना मुश्किल होगा, जिसमें कांग्रेस हिस्सा ले रही है.समाजवादी पार्टी का एजेंडा यूपी में गठबंधन का नेतृत्व है.टीएमसी का एजेंडा स्पष्ट है.भले ही पार्टी बैठक में लेफ्ट के साथ शामिल हुई लेकिन फिलहाल बंगाल में ये साथ संभव नहीं है. नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे दलों का एजेंडा जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के साथ ही पुरानी स्थिति बहाल कराना है. एनसीपी का एजेंडा केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग है तो वहीं शिवसेना यूबीटी का एजेंडा फिलहाल अपना वजूद बचाए रखना है. इस तरह सबका अपना डफली और अपना अलग-अलग राग है. बैठक से तेलंगाना के सीएम केसीआर, ओडिशा सीएम नवीन पटनायक,आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी और जेडीएस नेता कुमारस्वामी दूर रहे. इन्होंने स्पष्ट रूप से बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया और इससे दूरी बना ली. ऐसी स्थिति में मिशन 2024 के लिए विपक्ष कितना एकजुट हो पाएगा. यह भविष्य के गर्भ में है.

# शहरी जलापूर्ति योजना को लेकर नगर प्रशासक ने किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रशासक, रांची नगर निगम शशि रंजन, भाप्रसे की अध्यक्षता में वाटर सप्लाई स्कीम% से संबंधित कार्यों की समन्वय बैठक निगम सभागार में हुई, जिसमें अपर प्रशासक, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता, जुडको के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक जुडको, महाप्रबंधक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, विधुत अभियंता, पथ प्रमण्डल अभियंता एवं गेल के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिसमें निम्न निर्णय लिए गये।बैठक में जुडको द्वारा बतलाया गया कि राँची शहरी जलापूर्ति योजना अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत लगभग 2,10,000 जल संयोजन दिया जाना है, जिसके आलोक में अबतक 48,865 निःशुल्क जल संयोजन किया जा चुका है। तत्पश्चात 28,000 उपभोक्ताओं का ऑनलाईन एंट्री हेतु मेसर्स श्री पब्लिकेशन एवं स्टेशनर्स को हस्तगत करा दिया गया है। प्रशासक द्वारा निदेश दिया गया कि शेष 20,000 अभिलेख शीघ्र ही मेसर्स श्री पब्लिकेशन एवं स्टेशनर्स को ऑनलाईन एंट्री हेतु उपलब्ध कराया जाय तथा किये गये । जल संयोजन में जिस क्षेत्र में पानी चालू नहीं हुआ है, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र जलापूर्ति बहाल की जाय ।प्रशासक ने इस परियोजना में कार्यरत सभी फर्मो को स्पष्ट रूप से कहा कि पाइप बिछाने के पश्चात् सड़कों का रजिस्ट्रेशन कार्य ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा, जिससे नागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने रजिस्ट्रेशन का कार्य ठीक प्रकार से करने का निदेश दिया तथा यह भी कहा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होगी तो फर्मो पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जुडको, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल एवं गेल को यह निर्देश दिया गया कि पाईप लाईन विस्तारीकरण में जो भी रोड अथवा नाली क्षतिग्रस्त हुआ है, उसे बरसात के पूर्व मरम्मत कर दिया जाये अन्यथा किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित एजेंसी की होगी। मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स को निदेश दिया गया कि प्रत्येक घरो से वाटर यूजर बिल की राशि का संग्रहण सत प्रतिशत करना सुनिश्चित करे । जलापूर्ति शाखा द्वारा संचालित धावादल को यह निर्देश दिया गया कि व्यवसायिक अवैध जल संयोजन को चिन्हित करते हुए जल संयोजन विच्छेद किया जाय तथा शारित राशि अधिरोपित की जाए।भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि जिस भी क्षेत्र में पानी सप्लाई नहीं मिल रहा है, उस क्षेत्र का भ्रमण करते हुए जलापूर्ति बहाल कराना सुनिश्चित किया जाए।

## मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी

**रांची :** झारखंड के मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी।इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष के एक रिक्त पद और सदस्य के दो रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट के रिटायर चीफ जस्टिस, हाई कोर्ट के रिटायर या कार्यरत जज के अलावा कार्यरत रिटायर जिला जज (जिनके पास सात साल का जिला न्यायाधीश के रूप में प्राप्त योग्यता है) आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड के लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा और न्याय दिलाने के लिए राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन 17 जनवरी, 2011 को किया गया था। अब तक आयोग में तीन अध्यक्ष हो चुके हैं।

# राम शिंदे का चार दिवसीय झारखंड प्रवास 25 से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे चार दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर 25 जून को विमान से सुबह 8.30 बजे रांची आयेंगे। शिंदे 10 बजे पूर्वाह्न गढ़वा के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम पांच बजे वे भवनाथपुर में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे 26 जून को बाबा बंशीधर के दर्शन पूजन के बाद पलामू पहुंचेंगे और 12.30 बजे अपराह्न प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। मेदिनीनगर में वे रात 8 बजे तक संपर्क से समर्थन, विशिष्ट जन सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। शिंदे 27 जून को रांची पहुंचेंगे और शाम पांच बजे कांके विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे 28 जून को हटिया विधानसभा क्षेत्र एवं रांची ग्रामीण जिला अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शाम 4 बजे मुंबई के लिए प्रस्थान करेंगे।

## दीपक प्रकाश ने अर्चित आनंद को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** महा जनसंपर्क अभियान के तहत विशिष्ट जन सम्मान कार्यक्रम में शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शिव शिष्य परिवार, रांची के मुख्य सलाहकार और झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद को उनके आवास पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।प्रकाश के साथ प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू भी उपस्थित रहे। प्रकाश ने मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों, लोक कल्याणकारी कार्यों की चर्चा की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक दिए। साथ ही टोल फ्री नंबर पर तीसरी बार मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा।

# चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन 41 फिल्मों का प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** चित्रपट झारखंड के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को तीन ऑडिटोरियम में 41 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। फिल्म प्रदर्शनी की सिलसिला सुबह दस से 12 तक एवं दिन के तीन से पांच तक चला। दर्शक काफी उत्साहित नजर आए। फिल्म निर्माता निर्देशक कलाकार सभी फिल्मों को देखकर बहुत ही खुश थे। उनका कहना था कि इस फिल्म महोत्सव में हमारी फिल्मों की स्क्रीनिंग होना ही हमारे लिए बहुत गौरव की बात है। इस दौरान चित्रपट झारखंड के तमाम पदाधिकारी एवं सरला बिरला के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे एवं सबों ने इस फिल्म महोत्सव में बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका निभाई।मुख्य फिल्मों में अधि विरोधी, आसामी, बंधा खेत, बीरूवा, चल भगत घर, क्रिस क्रॉस, दुखू, दीयों की दीपावली, एकांत डर के आगे जीत है, वर्क फ्रॉम होम, फौजी, गुलेल, हम एक हैं, हम कमजोर नहीं,हम ना नाचब, जनम हुरा, जीवन एक संघर्ष, काजल, लापरवाही, लौ, महात्याग, ए डिप्रेस्ड बॉय, दुपट्टा, कर्म योगी, नगम, रीमा, द डिलेमा इन लिविंग इन पॉवर्टी, महिलाएं मां जैसी कोई नहीं,डॉक्यूमेंट्री फिल्म एक बार तो आए झुमरी तलैया, महाकवि घासीराम महाली, रजरप्पा का रहस्य, सेक्रेड ग्रोव ऑफ हाथी केदा, संवेदना, सेरेंगसिया 1837 लॉस्ट इन द वैली, सुरेश्वर धाम, भविष्य का बारात इस फिल्म फेस्टिवल के दौरान तीन फिल्मों की श्रेणी में शॉर्ट फिल्म, कैंपस फिल्म, डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।प्रत्येक फिल्म के निर्देशक को फिल्म स्क्रीनिंग होने के बाद प्रमाण पत्र से भी नवाजा गया। फिल्म महोत्सव के दौरान फिल्म निर्माता एवं निर्देशकों के लिए सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर फिल्म निर्माता निर्देशक अशोक शरण, रूपेश कुमार, पुलिन मित्र, नंद कुमार सिंह, डॉ सुशील कुमार, ने फिल्म निर्माता एवं निदेशकों के जिज्ञासाओं को शांत किया एवं उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। मंच संचालन राकेश रमन ने किया।

## प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को मिलेगा पांच दिनों का अवकाश

**रांची :** ट्रेनिंग पूरी कर लौटे प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को पांच दिनों का अवकाश मिलेगा। इस संबंध में आईजी ट्रेनिंग प्रिया दूबे ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने बीते 19 जून को राज्य में पीटीसी और एसपीसी प्रशिक्षण पूरी किये प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध पुलिस मुख्यालय से किया है। इसको लेकर जेएपीटीसी पदमा, सीटीटी मुसाबनी, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट विस्थापित भवन धुर्वा, जैप-02, जैप-03, जैप-05, जैप जैप-07, जैप-08, जैप-10 में पीटीसी और एसपीसी प्रशिक्षण पूर्ण किये सभी प्रशिक्षु को उनके पैतृक जिला ईकाई में वापस होने के बाद पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया जाता है। सभी जिले के एसपी और कमांडेंट को निर्देश दिया जाता है कि अपने-अपने जिला और ईकाई में योगदान देने के बाद प्रशिक्षु आरक्षियों को अनुमति अवकाश अपने स्तर से सुविधानुसार सुनिश्चित करें।

# निगम के साथ नागरिकों की भी जवाबदेही प्रमुख : अरुणा शंकर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अंबेडकर पार्क के बड़ा तालाब की चल रही सफाई का निरीक्षण करते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व योग युवा पलामू के सदस्य मंजय कुमार, दीपू सराफ, एडवोकेट शक्ति जी, विपिन वर्मा एवं रिंकू सोनी ने मिलकर तालाब के गंदगी से हो रही बदबू के कारण योगा करने में मुश्किल को देखते हुए योग क्रिया बंद करने के निर्णय से मुझे अवगत कराया था।जिससे सुनकर मुझे बहुत ही आघात पहुंचा। मैंने तुरंत नगर आयुक्त को जानकारी दी। जिस पर तत्काल उन्होंने संज्ञान लेते हुए निगम के सफाई प्रभारी सतीश के देखरेख में तालाब की सफाई कराना शुरू करा दिया। जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि यह बड़ा तालाब शहर का हृदय स्थल है। जिसे सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखना निगम एवं निगम के नागरिकों का कर्तव्य है। प्रथम महापौर ने कहा कि 5 जुलाई से पहले वहां का बाथरूम, पौधों की सफाई, झरना को चालू करने वगैरह जो त्रुटियां है, को ठीक करने का भी आदेश नगर आयुक्त द्वारा दिया गया है। साथ ही मेरे कार्यकाल में पारित उस तालाब के दोनों और दो हाई मास्क लाइट भी लगाना जल्द प्रारंभ होगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर से अपील की है कि कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, चौक चौराहे, अंबेडकर पार्क यह आपके शहर की शोभा को बढ़ा रही,निगम के साथ इसको सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित रखना हम सबों का भी दायित्व है तभी शहर खूबसूरत रहेगा।